डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | कार्तिक कृष्ण पक्ष 13, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), बुधवार, 30 अक्टूबर 2024, वर्ष-31, अंक- 17, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

रूप चौदस की शुभकामनाएं

तैले लक्ष्मीर्जले गंगा दीपावल्याश्चतुर्दशीम्
प्रात:स्नानं तु य: कुर्याद्यमलोकं न पश्यति।।

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

## एक नजर

### मोदी चार और शाह तीन नवंबर को आएंगे झारखंड

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चार नवंबर को झारखंड आएंगे। इस दिन वे गढ़वा में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे, जबकि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह तीन नवंबर को झारखंड आएंगे। इस दिन वे बरकट्ठा से भाजपा उम्मीदवार अमित यादव के पक्ष में जनसभा को संबोधित करेंगे।

### भाजपा प्रत्याशी का नामांकन पत्र रद्द करने का मामला हाईकोर्ट पहुंचा

**रांची।** गढ़वा विधानसभा सीट के भाजपा प्रत्याशी सत्येंद्रनाथ तिवारी का नामांकन पत्र रद्द करने का मामला झारखंड हाई कोर्ट पहुंच गया है। नामांकन रद्द करने को लेकर वहां के निर्दलीय प्रत्याशी दिलीप कुमार तिवारी ने हाई कोर्ट में मंगलवार को याचिका दायर की है।

### दीपावली और छठ पर रांची के लिए स्पेशल ट्रेनों का परिचालन शुरू

**रांची।** दीपावली और छठ त्योहार के अवसर पर ट्रेनों में अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने रांची के लिए स्पेशल ट्रेन का परिचालन शुरू किया है। इनमें रांची-गोरखपुर, रांची-जयनगर, रांची-पूर्णियां कोर्ट, रांची-आनंद विहार टर्मिनल स्पेशल ट्रेन का परिचालन शुरू हो रहा है।

### ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास रांची पहुंचे

**रांची।** ओडिशा के राज्यपाल झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास मंगलवार को रांची पहुंचे। बिरसा मुंडा हवाई अड्डा पर दास का भव्य स्वागत किया गया। बताया गया कि रघुवर दास रांची एयरपोर्ट से सड़क मार्ग से जमशेदपुर के लिए रवाना हो गए। वह दीपावली का त्योहार मनाने के लिए झारखंड आए हैं । एयरपोर्ट पर स्वागत करने वाले में भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य संजय कुमार जायसवाल, जॉनी वाकर खान, शुभम कुमार जायसवाल, और अविनाश राय सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## आज | कल




# टीएसपीसी के तीन सक्रिय सदस्य गिरफ्तार

**▸▸ एक एके 47, देसी कट्टा, देसी पिस्टल, 73 जिंदा गोली, नक्सली पर्चा बरामद**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए पलामू पुलिस लगातार नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में एंटी नक्सल अभियान चला रही है। पुलिस जिले के विभिन्न इलाकों में नक्सलियों के खिलाफ सर्च अभियान में सफल भी हो रही है। रविवार को रात आठ बजे पुलिस ने पांकी थाना के कारीमाटी जंगल में छापेमारी अभियान चलाकर टीएसपीसी के तीन सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने मौके से एक एके 47, एक देसी कट्टा, एक देसी पिस्टल, नक्सली पर्चे और काफी संख्या में जिंदा गोलियां बरामद की हैं।

यह जानकारी मंगलवार को पुलिस कप्तान रीष्मा रमेशन ने अपने कार्यालय में पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि अज्ञात सूत्रों से पता चला था कि प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के आक्रमण गंझू दस्ता के तीन चार सदस्य पांकी थाना के करीमाटी जंगल के आस-पास अवैध हथियार के साथ हैं। ये लोग विधानसभा चुनाव को प्रभावित करने के लिए संवेदकों से लेवी वसूलने और संगठन विस्तार की योजना बना रहे थे।

पुलिस कप्तान ने ऑपरेशन प्लान बनाते हुए पांकी थाना प्रभारी और मनातू थाना प्रभारी के साथ टीम गठित कर नक्सल अभियान चलाने का निर्देश दिया। टीम ने कारीमाटी जंगल पहुंचकर प्राप्त सूचना वाले स्थान को चारों तरफ से घेराबंदी कर सर्च अभियान चलाया। इस दौरान सखुआ पेड़ के नीचे तीन व्यक्तियों को आपस में बात करते देखा गया। जब पुलिस टीम उनके समीप पहुंची, तो तीनों व्यक्तियों ने घबराकर भागने की कोशिश की, लेकिन सशस्त्र बल के सहयोग से उन्हें पकड़ लिया गया।

पूछताछ के दौरान तीनों ने अपने को टीएसपीसी संगठन आक्रमण गंझू का सक्रिय सदस्य बताया। उनकी तलाशी के दौरान हथियार, नक्सली पर्चे सहित अन्य सामान बरामद किया गया है। पुलिस कप्तान ने बताया कि नक्सली और उग्रवादी संगठनों की गतिविधियां पलामू जिला में समाप्त हो चुकी हैं। जिले में नक्सली और उग्रवादी संगठन अब हासिए पर हैं। पुलिस ने नक्सल विरोधी अभियान लगातार जारी रखने का आश्वासन दिया है।

**गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपियों की पहचान हुई**

श्रवण उरांव उर्फ हेमन्त उर्फ अभय कुमार (उम्र 26 वर्ष, ग्राम आमडीह, रोहतास, वर्तमान पता ग्राम कठौतिया, इस्लाम नगर, थाना सदर, जिला चतरा), प्रेम गंझू उर्फ सागर उर्फ दशरथ गंझू (उम्र 24 वर्ष, ग्राम मासियातु, ढिपका टोली, पो. होलंग, थाना बालूमाथ, जिला लातेहार), शंतु कुमार उर्फ शैलेन्द्र जी (ग्राम बलही, थाना कुन्दा, जिला चतरा) के नाम शामिल है।

छापेमारी टीम में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मनोज कुमार झा, पांकी अंचल पुलिस निरीक्षक पूनम टोप्पो, पुअनि पांकी थाना प्रभारी राजेश रंजन, पुअनि मनातू थाना प्रभारी निर्मल उरांव, पुअनि संतोष कुमार गुप्ता, पुअनि संतोष गिरी, पुअनि अनुप टोपनो, पुअनि श्याम भगत के साथ पांकी थाना सेट, सशस्त्र बल, रिजर्व गार्ड और मीटार पिकेट के जवान शामिल थे।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संभावित गढ़वा जिला आगमन की तैयारियों का निरीक्षण



**▸▸ एसपी और डीसी ने कार्यक्रम स्थल का लिया जायजा**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आगामी 04 नवंबर 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गढ़वा जिला आगमन को लेकर कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा हेतु उपायुक्त शेखर जमुआर और पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडे ने आज सदर प्रखंड के चेतना स्थित मैदान का निरीक्षण किया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के पदाधिकारी और पुलिस अधिकारी भी मौजूद थे।


उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने मैदान का विस्तृत जायजा लेने के बाद कई आवश्यक व्यवस्थाओं पर चर्चा की। इनमें अस्थायी हेलीपैड का निर्माण, मंच, वीवीआईपी एंट्री, अतिथियों के आगमन के लिए पहुंच पथ, आगंतुकों के लिए बैठने की व्यवस्था, साफ-सफाई और सजावट, पेयजल एवं अस्थाई शौचालय, चिकित्सकीय सहायता, ट्रैफिक एवं पार्किंग की व्यवस्था और विधि व्यवस्था बनाए रखना शामिल है। उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि वे कार्यक्रम की तैयारियों को समय सीमा के भीतर पूरा करें। इस दौरान प्रधानमंत्री के आगमन के लिए प्रोटोकॉल के अनुसार सभी आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा की गई और उचित व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के लिए दिशा-निर्देश दिए गए। स्थल निरीक्षण के दौरान अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नीरज कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद, प्रखंड विकास पदाधिकारी और अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे। इसके साथ ही माननीय लोकसभा सांसद वी.डी. राम और माननीय राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश भी उपस्थित रहे।

**धनतेरस पर खूब होती है सोने की खरीद**

# आखिर कहां से आता है सोना?

**■ जटिल बीमारियों के उपचार में भी होता है सोने का प्रयोग**

**-आरपी सिंह**



**नई दिल्ली।** भारत में धनतेरस, दिवाली व शादी के अवसर पर लोग सोना खरीदते हैं। अपने खास लोगों को उपहार के तौर पर भी देते हैं। अब तो घूसखोर लोग कोई काम करने के बदले सोना लेना और भी ज्यादा पसंद करने लगे हैं। ऐसे में सवाल यह है कि सोने के प्रति लोगों को इतनी ललक क्यों होती है, यह कैसे बनता है, कहां पाया जाता है, इसका क्या-क्या उपयोग होता है?

कहा जाता है कि जब भी तेज भूकंप आते हैं, तो धरती के क्रस्ट में छोटे गड्ढे बन जाते हैं। वो गड्ढे ही सोने और सिलिकेट मिनरल्स के लिक्विड से भर जाते हैं। फिर उसी लिक्विड से सोना बन जाता है। एक रिपोर्ट के अनुसार लगभग 20 करोड़ साल पहले धरती पर क्षुद्र ग्रहों की बमबारी हुई थी। वो जैसे ही धरती से टकराते थे, उसके छोटे टुकड़े हो जाते। माना जाता है कि उसी से सोना बना।

सोने का सबसे बड़ा गुण यह है कि इसकी चमक कभी खत्म नहीं होती। सोना एक ऐसा धातु है, जो प्राकृतिक तौर पर सुनहरे रंग का होता है। यदि सोने में किसी तरह की मिलावट होगी, तो वो एक तरह से सफेद रंग का हो जाएगा। चूंकि सोने जैसे धातु पर ऑक्सीजन का असर नहीं होता, ऐसे में यह उसके प्रभाव से कोई प्रतिक्रिया भी नहीं करता। इस कारण उसकी चमक बरकरार रहती है।

जहां तक इसके उपयोग की बात है, तो इसका उपयोग जटिल बीमारियों के उपचार के लिए कई तरह से किया जाता। आयुर्वेद में भस्म आदि के तौर पर किया जाता है।

इसका उपयोग सेटेलाइट्स के कई अति महत्वपूर्ण पार्ट्स , रोबोट, फोन, तमाम बीमारियों की जांच मशीन के कुछ अति सूक्ष्म व महत्वपूर्ण पार्ट्स बनाने के लिए होता है।

**किस देश के पास कितना सोना**

| देश | कितना सोना (टन में) |
|---|---|
| अमेरिका | 8133 |
| जर्मनी | 3352 |
| इटली | 2452 |
| फ्रांस | 2437 |
| रूस | 2336 |
| चीन | 2264 |
| जापान | 846 |
| भारत | 841 |
| नीदरलैंड | 612 |
| तुर्किए | 585 |

(सोर्स : वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल)

रही बात सोना के इतिहास का तो इसको लेकर तरह-तरह की कहानियां हैं। एक कहानी है कि सैकड़ों साल पहले एक बच्चे को नदी में एक चमकदार चट्टान दिख गई थी। माना जाता है कि वो पहली बार है जब किसी इंसान ने अपनी आंखों से इस सुनहरी धातु को देखा था। दूसरी तरफ वैज्ञानिक इतिहास कहता है कि अंतरिक्ष के मार्फत धरती पर सोने का आगमन हुआ था। जो भी हो, सोने का उपयोग प्राचीन काल से कई चीजों में हो रहा है। कई जगह इसका इस्तेमाल मुद्रा के रूप में देखने को मिलता रहा है। 16वीं शताब्दी में यूरोप में खाने के बाद सोने की पत्ती से ढकी कैंडी खाने का चलन रहा है।

हड़प्पा सभ्यता के समय दक्षिण भारत में भी सोने जैसी धातु का विवरण मिलता है। तब पहली बार सोने से गहने बनाए जाते थे। कौटिल्य के अर्थशास्त्र में भी सोने की खदान की पहचान करने के बारे में लिखा है। एक ऑस्ट्रेलियाई मजदूर जॉर्ज हैरिसन ने सोने की पहली खदान 1885 में खोजी थी। वह दक्षिण अफ्रीका के जोहांसबर्ग में एक घर की खुदाई कर रहा था। उस खुदाई के दौरान वहां सोने की खदान मिली थी। एक कहानी यह भी है कि रोम के राजा जूलियस सीजर ने गॉल की लड़ाई में विजय के बाद अपने सैनिकों को सोने के सिक्के बंटवा दिए थे।

आज तो हालात यह है कि किसी देश की हालत खराब होती है, तो उसको सोना गिरवी रखने पर लोन मिलता है। क्योंकि, इसकी वैल्यू हमेशा बनी रहती है। हर जगह चलता है। किसी भी देश में सोने का भंडार उसकी जीवन रेखा होती है। संकट से जब भी उबरना होगा, चाहे किसी व्यक्ति की बात हो या देश की, सोना हमेशा काम आता है। इसे गिरवी रख कर या बेचकर लोग अपना काम कर लेते हैं।

**शराब घोटाला मामले में ईडी की बड़ी कार्रवाई**

# आईएएस विनय चौबे, गजेंद्र सिंह सहित कई के ठिकानों पर छापेमारी

**▸▸ छत्तीसगढ़ के रायपुर की आर्थिक अपराध शाखा ने पहली बार दर्ज किया था मामला**



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को झारखंड के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी विनय चौबे, उत्पाद विभाग के संयुक्त सचिव गजेंद्र सिंह एवं उनके अन्य करीबी रिश्तेदार और संबंधित अधिकारियों के सीए के ठिकानों पर छापेमारी की।

ईडी की टीम ने कांके रोड स्थित विनय चौबे के आवास और हरमू स्थित गजेंद्र सिंह के आवास पर छापेमारी की। बताया जा रहा है कि ये कार्रवाई शराब घोटाले मामले में की गई है। छापेमारी में क्या-क्या बरामद हुए हैं, उसकी जानकारी नहीं दी गई है।

छत्तीसगढ़ शराब घोटाले की जांच कर रही ईडी ने अपनी पड़ताल में पाया है कि तत्कालीन भूपेश सरकार के कार्यकाल के दौरान आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा, आबकारी विभाग के एमडी अरुणपति त्रिपाठी और कारोबारी अनवर ढेबर के अवैध सिंडिकेट के जरिए घोटाला हुआ। वर्ष 2019 से 2022 तक सरकारी शराब की दुकानों से अवैध शराब को डुप्लीकेट होलोग्राम लगाकर बेचा गया, जिससे सरकार को करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान हुआ है।

छत्तीसगढ़ में कथित तौर पर हुए 2050 करोड़ रुपये के शराब घोटाला के मामले में रायपुर की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने मामला दर्ज किया था। इस मामले में छत्तीसगढ़ के अधिकारियों के साथ-साथ झारखंड के आईएएस और तत्कालीन उत्पाद सचिव विनय चौबे को भी आरोपी बनाया गया है। ईओडब्ल्यू **शेष पेज 11 पर**

**अज्ञात अपराधियों ने आवास के समीप ही मार दी गोली**

# हजारीबाग के रामनवमी समिति के पूर्व अध्यक्ष मंजीत यादव की हत्या

**▸▸ निजी अस्पताल में इलाज के दौरान हुई मौत**

**▸▸ पुलिस जांच में जुटी, सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही**



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग में मंगलवार की सुबह अज्ञात अपराधियों ने रामनवमी महासमिति के पूर्व अध्यक्ष मंजीत यादव की गोली मारकर हत्या कर दी। उनके आवास के समीप ही घटना को अंजाम दिया गया। गोली मारने के बाद अपराधी भाग निकलने में कामयाब रहे। घायल मंजीत यादव को तत्काल शहर के एक प्राइवेट हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान अपराह्न करीब बारह बजे उन्होंने दम तोड़ दिया। बताया जाता है कि उन्हें तीन गोलियां लगी थीं। उन्हें एक गोली पेट में, जबकि दो गोली पीठ में मारी गई थी। इधर, जानकारी मिलते ही हजारीबाग एसडीओ अशोक **शेष पेज 11 पर**

### सस्ती होगी कैंसर की तीन दवा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सीमा शुल्क से छूट और वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों में कटौती के बाद तीन कैंसर रोधी दवाओं (ट्रैस्टुजुमाब, ओसिमर्टिनिब और डुरवालुमाब) की अधिकतम खुदरा कीमत (एमआरपी) तय होगी। राष्ट्रीय फार्मास्युटिकल मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) ने दवा निर्माताओं को इन तीन कैंसर रोधी दवाओं पर एमआरपी कम करने का निर्देश दिया है।

रसायन और उर्वरक मंत्रालय ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि सीमा शुल्क में छूट और जीएसटी दरों में कटौती के बाद एनपीपीए ने दवा निमाताओं को तीन कैंसर रोधी दवाओं की एमआरपी घटाने का निर्देश दिया है। मंत्रालय के मुताबिक एनपीपीए ने **शेष पेज 11 पर**

# प्रधानमंत्री ने धनतेरस पर रोजगार मेले में 51 हजार युवाओं को सौंपे नियुक्ति पत्र



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को धनतेरस के मौके पर वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से रोजगार मेले में 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे। प्रधानमंत्री ने सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि देश के युवाओं को ज्यादा से ज्यादा रोजगार मिले, ये हमारा कमिटमेंट है।

प्रधानमंत्री ने इस मौके पर देशवासियों को धनतेरस और दीपावली की शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्सव के माहौल में 51,000 युवाओं को सरकारी नौकरियों के लिए भर्ती पत्र सौंपे जा रहे हैं। उन्होंने नए भर्ती हुए लोगों को बधाई दी और उन्हें अपनी शुभकामनाएं दीं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि लाखों युवाओं को स्थायी सरकारी नौकरी देने का सिलसिला जारी है। उन्होंने कहा कि भाजपा और एनडीए सहयोगियों द्वारा शासित राज्यों में भी लाखों युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए हैं। मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि हरियाणा में 26,000 युवाओं को नई सरकार द्वारा नौकरी मिलने से उत्सव का माहौल है। हरियाणा में भाजपा की सरकार की पहचान बिना किसी खर्च या सिफारिश के नौकरी देने की है।

प्रधानमंत्री ने सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई कि देश के युवाओं को अधिकतम रोजगार मिलना चाहिए। सरकार की नीतियों और निर्णयों का रोजगार सृजन पर सीधा प्रभाव पड़ता है। उन्होंने देशभर में तमाम विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे न केवल नागरिकों को लाभ हो रहा है बल्कि रोजगार के नए अवसर भी पैदा हो रहे हैं। कल गुजरात के वड़ोदरा की अपनी यात्रा को याद करते हुए प्रधानमंत्री ने रक्षा क्षेत्र के लिए एक विमान निर्माण सुविधा का उद्घाटन करने का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इससे हजारों नागरिकों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा, जबकि एमएसएमई उद्योगों को स्पेयर पार्ट्स और अन्य उपकरणों के निर्माण से बहुत लाभ होगा, जिससे आपूर्ति श्रृंखलाओं का एक विशाल नेटवर्क तैयार होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में सरकार की नीतियों के कारण भारत के खादी **शेष पेज 11 पर**

**इंडिया**

# बम की धमकी वाले फर्जी कॉल आर्थिक आतंकवाद



**सुनील बादल**
**कार्यकारी संपादक**

100 से अधिक विमान उड़ानों को बम से उड़ाने की धमकी इस मायने में गंभीर हो जाती है कि धमकियों पर धमकियों के बावजूद धमकी देने वालों की अभी तक पहचान ही नहीं हो पा रही है। इसे तकनीक की विफलता भी माना जा सकता है। कहा तो यह जा रहा है कि विमान उड़ाने की अधिकांश धमकियां विदेशी धरती से आ रही है। पर सवाल यह भी है कि जिन देशों से धमकियां आने के संकेत मिल रहे हैं उनमें भारत का दुश्मन देश केवल और केवल कनाड़ा को माना जा सकता है। हांलाकि इस संभावना से भी इंकार नहीं किया जा रहा कि धमकी देने वाले शरारती तत्व केवल भ्रमित करने के लिए विदेशी धरती का वर्चुअली उपयोग कर रहे हो। हालांकि सरकार धमकियों को लेकर गंभीर है और लगातार उच्च स्तरीय बैठक कर मंथन किया जा रहा है। पर हालात की गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि दस दिन के अंदर अंदर 100 से अधिक धमकियां आना अपने आप में शुभ संकेत नहीं हो सकता है। यह तो धमकी धमकी ही रह रही हैं अन्यथा इसके दुष्परिणाम की कल्पना ही करना कठिन है। सरकार चिन्हित व्यक्तियों को नो फ्लाई लिस्ट में ड़ालने की बात कर रही है तो दूसरी और एयरपोर्ट पर सतर्कता को और अधिक सख्त करने और मानक संचालन प्रक्रिया यानी कि एसओपी की सख्ती से पालना की हिदायत दे रही है। पर इसे इस गंभीरतम समस्या के हल के रुप में नहीं देखा जा सकता। विमानों को उड़ानों में बम होने की धमकियां या फिरौती मांगने की धमकी गंभीर होने के साथ ही शरारती तत्वों की किसी बड़ी साजिश से कमतर नहीं आंका जा सकता। संतोष की बात यह है कि अभी तक सभी धमकियां झूठी साबित हुई है। पर क्या भरोसा कब



कौनसी धमकी सही साबित हो जाए। धमकियों पर धमकियां आ रही है पर ऐसे तत्व अभी तक पहचान और पकड़ से दूर है। सोशयल मीडिया पर धमकियों के अकाउंट को डीएक्टिवेट कर देना समस्या का समाधान इसलिए नहीं हो सकता कि धमकी देने वालों के हौसलें लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। कहा तो यहां तक जा रहा है कि 46 धमकियां तो एक ही एड्रेस अकाउंट से आई है। होशियारी यह कि धमकियां देने वाले स्वयं भी अकाउंट बदलते जा रहे हैं। नागपुर पुलिस के मुताबिक एक धमकी देने का आरोपी महाराष्ट्र के गोंदिया का जगदीश उइके (35) है। यह आतंकवाद पर किताब भी लिख चुका है।दिल्ली पुलिस ने 26 अक्टूबर को 25 साल के शुभम उपाध्याय पकड़ा था। इससे पहले मुंबई पुलिस ने छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव से 17 साल के नाबालिग को हिरासत में लिया था। उसने पैसों के लेनदेन के विवाद में दोस्त को फंसाने के लिए उसके नाम से अकाउंट बनाकर 14 अक्टूबर को 4 फ्लाइट में बम होने की झूठी पोस्ट की थी। सबसे बड़ा ड़र यह है कि फर्जी कॉल के बाद असल में जन-धन हानि का कोई बड़ा हादसा ना हो जाएं।जानकारों के अनुसार 2014 से 2016 के दौरान 102 धमकी भरे संदेश प्राप्त हुए। पर 2024 में तो पिछले दस दिनों में ही 100 से ज्यादा धमकी भरे संदेश प्राप्त हो चुके हैं। यहां तक कि 42 करोड़ की राशि की मांग का भी संदेश प्राप्त हो रहा है। धमकी भरे संदेश देने वालों की हिमाकत देखिए कि केवल भारत ही नहीं अमेरिकन एयर लाइंस, जेट ब्ल्यू, एयर न्यूजीलैंड आदि को भी इस तरह के संदेश दिए गए हैं। भारतीय विमान कंपनियों एयर इंडिया, विस्तारा, इंडिगो, अकासा एयर, स्पाइस जेट, स्टार एयर आदि को इस तरह के धमकी भरे झूठे संदेश भेजे गए हैं। धमकी भरे भेजे गए संदेश लगभग समान तरह के ही है। आईएटीए के माने तो धमकियों भरे संदेशों से सालाना 10 अरब डालर का खामियाजा भुगतना पड़ता है। बम की सूचना मिलते ही विमानन कंपनियों के साथ ही इससे जुड़ी पूरी मशीनरी को इमरजेंसी एक्टिव मोड़ में आना पड़ता है वहीं हवाई यातायात व्यवस्था चरमरा जाती है, कंपनियों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है, यात्रियों की जान सांसत में आ जाती है तो रुट डायवर्ट करने से लेकर रद्द करने जैसे हालात हो जाते हैं। इसके साथ ही इंटरनेशनल उड़ाने प्रभावित होती है। इस सबके साथ ही यदि इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ती है तो उससे करीब 100 टन ईंधन की बबार्दी होती है।

## एक नजर

### विधानसभा चुनावः निर्दलीय प्रत्याशी ने नाम वापस लिया

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी बाबर अंसारी ने मंगलवार को अपना नाम वापस ले लिया हैं। फिलहाल हुसैनाबाद में अभी 19 प्रत्याशी चुनाव मैदान में डटे डटे हैं। एसडीओ सह निवार्ची पदाधिकारी कृष्णकांत कनवाड़िया ने बताया कि बुधवार को तीन बजे तक नाम वापसी का अंतिम दिन है।

### पूर्व सांसद ने चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया

**छतरपुर।** पूर्व सांसद सह भाजपा नेता मनोज कुमार ने मंगलवार को डाली पंचायत में चुनाव कार्यालय का किया उदघाटन। इसके बाद छतरपुर विधानसभा के विभिन्न इलाकों में भ्रमण कर भाजपा प्रत्याशी के लिए समर्थन मांगा। पूर्व सांसद ने कहा कि अब वो समय आ गया है, जब हेमंत सरकार के पांच साल के कुशासन का अंत किया जाए। झारखंड में डबल इंजन की सरकार बनाने की जरूरत है। पूर्व सांसद ने छतरपुर प्रखंड अंतर्गत ग्राम पलवा भिखी, शाही, डाली, मुरुमदाग, बेलाटाड़, नौवा टोला क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान पूर्व सांसद भाजपा नेता मनोज कुमार के साथ सूचित जायसवाल, महजर यादव, महेश यादव, कोमल यादव, विनोद यादव, मनोज यादव, सुनील यादव, ब्रजकिशोर विश्वकर्मा, श्याम देव पासवान, असगर अंसारी, अकरम अंसारी, विनोद राम, सत्येंद्र सिंह, लाखन सिंह, पंतु सिंह, सुयदेव यादव, संतोष जायसवाल, धर्मदेव यादव, रामजन्म यादव, महावीर भुइयां, जितेंद्र ठाकुर, संतोष यादव, प्रमोद यादव, उमेश यादव, प्रवेश यादव, कुश भुइयां, श्याम देव यादव, धर्मेंद्र सिंह, सुनील राम, जितेंद्र राम, संजय सिंह, भागीरथ भुइयां, राजेश यादव, महेशी यादव, शाहिद सैकड़ों ग्रामीण व भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद थे।

# धनतेरस पर सजा बाजार, उमड़ी खरीदारों की भीड़

## 50 लाख रुपए के कारोबार का अनुमान



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** शहरी क्षेत्रों में धनतेरस के दिन सोना चांदी के आभूषण, स्टील, पीतल व तंबा आदि धातु के बर्तन व अन्य वस्तुएं खरीदना बेहद शुभ माना जाता है। यही कारण है कि सबसे ज्यादा भीड़ बर्तन और सरार्फा कारोबारियों के यहां उमड़ी है। बहुत से लोग धनतेरस आज मना रहे है। बुधवार को भी बाजार में भीड़भाड़ रहेगी। शहर के बाजार सजकर सुबह से ही तैयार हैं। बर्तन, सरार्फा, इलेक्ट्रॉनिक्स, रेडीमेड गारमेंट्स, ऑटो मोबाइल्स सहित सभी कारोबारियोंने त्योहार को भुनाने के लिए कमर कस ली है। त्योहार पर खरीदारों की अच्छी-खासी भीड़ देखने को मिली है। यहां 50 लाख रुपए रुपए से ज्यादा का कारोबार होने का अनुमान है।

### दुकानों और शोरुम की आभा देखते ही बन रही हैं

धनतेरस के दिन सोने-चांदी के आभूषण, स्टील, पीतल व तंबा आदि धातु के बर्तन और अन्य वस्तुएं खरीदना बेहद शुभ माना जाता है। यही कारण है कि सबसे ज्यादा भीड़ बर्तन और सरार्फा कारोबारियों के यहां उमड़ती है। इन कारोबारियों ने त्योहार के लिए इस बार भी खास तैयारी की है। दुकान और शोरुम को आकर्षक ढंग से सजाया है। ग्राहकों को रिझाने के लिए कारोबारियों ने अपने यहां नए डिजायन के लिए बर्तन और सोने चांदी के जेवरात सजाए हैं। इन दुकानों और शोरुम की आभा देखते ही बन रही थी।

### इन बाजारों में सबसे ज्यादा रौनक

शहर के जपला छतरपुर रोड व मुख्य बाजारों में ज्वेलर्स से लेकर बर्तन कारोबारियों ने अपने प्रतिष्ठानों को सजाया है। यहां तक कि ग्राहकों का ध्यान खींचने के लिए दुकानों के आगे तख्त लगाकर बर्तन और जेवरातों को सजाया गया है। इनके अलावा इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण, दो पहिया वाहनों के शोरूम में भी काफी रौनक दिखाई दी। पूरे दिन इन शोरूम पर वाहनों की बुकिंग कराने के लिए ग्राहक पहुंचते रहे। लोगों ने अपने पसंदीदा वाहन और जेवरातों की बुकिंग कराकर धनतेरस पर खरीदारी की। लक्ष्मी गणेश की मूर्तियों व सजावटी सामान की दुकानें सजीं सोने-चांदी और बर्तन के साथ लोग दिवाली के लिए लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियों और सजावटी सामान की खरीदारी भी खूब कर रहे है। लिहाजा बाजारों में इनकी दुकानें भी जगह-जगह सज गई हैं। इन पर खरीदार भी पहुंचने लगे हैं। लोग घर सजाने के लिए कृत्रिम फूलों की झालर, लड़ियां, बंदनवार, लक्ष्मी जी के चरण चिह्न, मिट्टी के दीपक, इलेक्ट्रॉनिक झालरों की खरीदारी कर रहे हैं। रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगाती झालरें ग्राहकों को बरबस ही अपनी तरफ खींच रही हैं। धनतेरस पर हुसैनाबाद में दो दिन बाजार में भीड़ भाड़ रहती है।

### पूर्व संध्या पर भी बाजारों में रही भीड़

धनतेरस की पूर्व संध्या पर भी 29 अक्तूबर को बाजारों में खरीदारी करने के लिए अच्छी खासी भीड़ उमड़ी। शहर में खरीदारी करने के लिए बड़ी संख्या में लोग उमड़े। रेडीमेड कपड़े, जूता-चप्पल, मिठाई, पूजा के सामान की खूब खरीदारी की गई। यहां बाजारों में पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं की अच्छी खासी भीड़ देखी गई। बुधवार को भी यहां धनतेरस की बाजार लगेगी।

## 350 लीटर स्प्रिट व 45 लीटर महुआ शराब जब्त



नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** विधान सभा चुनाव को देखते हुए मंगलवार को वरीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर हरिहरगंज पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध शहर के वैध विगहा में छापामारी अभियान चलाया। इस दौरान वैध विगहा निवासी महेंद्र साव के पुत्र राजा कुमार के घर से करीब 350 लीटर कच्चा स्प्रिट व 45 लीटर अवैध महुआ शराब बरामद किया गया। पुनि सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि राजा कुमार के घर से 10 गैलन में 350 लीटर स्प्रिट व 3 गैलन में 45 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि स्प्रिट व महुआ शराब का अनुमानित कीमत 30 हजार आंकी गयी है। अभियुक्त राजा कुमार के विरुद्ध थाना में मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। छापामारी अभियान में पुनि सह थाना प्रभारी चंदन कुमार, एसआइ शशि शेखर पांडेय, हेमंती बासुकी व पुलिस बल शामिल थे। चुनाव के मद्देनजर थाना क्षेत्र के ही पत्थरा ओपी प्रभारी मंटू कुमार के नेतृत्व में बीएसएफ जवानों के साथ सीमावर्ती हरिहरगंज से सटे डुमरिया थाना क्षेत्र के जंगलों में सर्च अभियान चलाया।

## किराना दुकान से बड़ी संख्या में डेढ़ लाख रु का अंग्रेजी शराब बरामद , दुकानदार गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**नीलांबर पीतांबरपुर।** लेस्लीगंज पुलिस ने ग्राम ओरिया कला में एक किराना दुकान से अंग्रेजी शराब बड़ी मात्रा में बरामद किया है। लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता प्रेस कांफ्रेंस कर पत्रकारों को बताया कि पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली कि ग्राम ओरिया कला स्थित एक किराना दुकान से अंग्रेजी शराब बड़ी मात्रा में बिक्री किया जाता है। सूचना के आलोक में टीम गठित कर कार्रवाई का निर्देश दिया गया। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मध्य विद्यालय ओरिया कला पहुंची तो देखा कि एक जेनरल स्टोर के पास कुछ लोग भीड़ लगा कर बैठे हैं। पुलिस वाहन को देखते ही सभी भागना शुरू कर दिए। किराना की दुकान को बंद करके एक व्यक्ति भगाने का प्रयास करने लगा। पुलिस बल की सहायता से उस युवक को पकड़ लिया गया। पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम नागमणि मेहता उम्र करीब 36 वर्ष, पिता सिकंदर मेहता ग्राम ओरिया कला बताया। उसे तत्काल ही गिरफ्तार कर लिया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि संचालित दुकान की जांच के क्रम में



बड़े पैमाने पर देशी, विदेशी शराब की खेप बरामद की गई। अंग्रेजी शराब, देशी विदेशी शराब और बियर बरामद किया गया। बरामद शराब में किंग फिशर बीयर 650 एमएल 81 पीस, किंग फिशर केन बीयर 500 एमएल 282 पीस, मोनिका केन बीयर 500 एमएल 15 पीस,एमसी डॉवेल्स नंबर 1 का रम 180 एमएल 30 पीस, एमसी डॉवेल्स नंबर 1 व्हीस्की 180 एमएल 5 पीस,रॉयल चैलेंज व्हीस्की 180 एमएल 32 पीस, रॉयल चैलेंज व्हीस्की 375 एमएल 10 पीस, रॉयल स्टैग व्हीस्की 180 एमएल 17 पीस, रॉयल स्टैग व्हीस्की 375 एमएल 18 पीस, स्ट्रिंग रिसीवर व्हीस्की 375 एमएल 6 पीस, स्ट्रिंग रिसीवर व्हीस्की 180 एमएल 20 पीस, इंपीरियल ब्लू व्हीस्की 180 एमएल 6 पीस, इंपीरियल ब्लू व्हीस्की 375 एमएल 5 पीस, एट पीएम ब्लैक व्हीस्की 11 पीस, एट पीएम ब्लैक व्हीस्की 180 एमएल 8 पीस,एट पीएम ब्लैक व्हिस्की 750 एमएल 3 पीस, मैजिक मोमेंट वोडका 180 एमएल 8 पीस, बकार्डी लेमन अंग्रेजी शराब 180 एमएल 3 पीस,ब्लेंडर प्राइड व्हीस्की 375 एमएल 7 पीस, सिग्नेचर व्हीस्की 375 4पीस,सिग्नेचर व्हीस्की 180 एमएल 7 पीस, टनाका देशी शराब 180 एमएल 95 पीस मिला है। बरामद शराब की कीमत करीब डेढ लाख रुपए बताई जा रही है। इस संबंध में उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज किया है। छापामारी में पकड़े युवक को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। छापेमारी दल में लेस्लीगंज थाना पुलिस शामिल थी।

## शव बरामद : 3 दिन से था लापता

**मोहम्मदगंज।** थाना क्षेत्र के कादलकुर्मी निवासी बबलू रजवार के शनिवार से लापता पुत्र प्रिंस कुमार के शव को पुलिस ने उसके ननिहाल नीमतर में उप्रावि के पास के गड्ढे से तीन दिन बाद बरामद कर हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। पुलिस मामले के छानबीन में जुट गई है। बताया गया कि बच्चा शनिवार को 3 बजे अचानक गुम हो गया था। पिता बबलू रजवार ने पुत्र की उम्र 5 साल 8 महिना बताया है। उनका पुत्र पिपरा बांध (निमतर) निवासी नाना राजदेव रजवार के यहां से लापता हुआ था। जिसका काफी खोजबीन के बाद भी पता नहीं चल पाया था। इस छोटे से बच्चे के शव बरामद होने के बाद परिवार के सदस्यों रो-रो कर बुरा हाल हो गया है।

## बीडी रेलखंड को मिला पूजा स्पेशल ट्रेन

### राष्ट्रीय नवीन मेल की खबर का असर

नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** राष्ट्रीय नवीन मेल में सोमवार को पूजा स्पेशल ट्रेन के परिचालन में बीडी रेलखंड की उपेक्षा से यात्रियों में मायूसी शीर्षक से प्रकाशित खबर का असर देखने को मिल गया है। युवा एक्टिविस्ट अंकु सिंह राणा ने ट्विटर पर इस खबर को टैग करते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, सांसद विष्णु दयाल राम व पूर्व मध्य रेलवे के जीएम, दक्षिण पूर्व रेलवे व डीडीयू मंडल के डीआरएम एवं रेल सेवा को बीडी रेलखंड के पूजा स्पेशल ट्रेन से जोड़ने की आवश्यकता को बताया था। उन्होंने कहा था कि इस क्षेत्र को पूजा स्पेशल ट्रेन परिचालन में हमेशा से इस उपेक्षित रखने से यात्रियों में मायूसी है। उन्होंने यह भी बताया था कि सोन नगर, गढ़वा



रोड, लोहरदगा-रांची रूट इस मामले में हमेशा उपेक्षित रहा है। उन्होंने बताया कि दक्षिण पूर्व रेलवे ने पूजा स्पेशल ट्रेन के परिचालन के संबंध में अवगत कराते हुए कहा है कि छठ पूजा के लिए कुछ स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। जिसमें 02877-78 रांची-आनंद विहार-रांची स्पेशल ट्रेन 1 नवंबर, 8 और 15 नवंबर को रात 23: 55 बजे रांची से रवाना होकर तीसरे दिन सुबह 3 बजे आनंद विहार पहुंचेगी। आनंद विहार से 4 बजे चलकर रांची 3 नवंबर 10 नवंबर और 17 नवंबर को सुबह 5 बजे रांची पहुंचेगी। जो मोहमदगंज व हैदरनगर के रास्ते चलेगी। लेकीन स्टॉपेज की जानकारी स्पष्ट नहीं किया गया है।

## एनएसएस ने 'माय भारत दीपावली' की वर्षगांठ पर चलाया जागरूकता अभियान

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय पटना के निर्देश पर 30 अक्टूबर तक माय भारत के साथ दीपावली के प्रथम वर्षगांठ उत्सव के अवसर पर मंगलवार को एके सिंह कॉलेज जपला के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चला कर लोगों को जागरूक किया गया। हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में चिकित्सा प्रभारी डॉ. बिनेश कुमार, शशि भूषण सिंह के निदेशार्नुसार नीलम के मार्गदर्शन में कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. राजेश कुमार सिंह अपने स्वयंसेवकों शुभम प्रकाश, आलोक कुमार, हीरालाल कुमार, कुंदन कुमार,नैंसी कुमारी, रिंकी कुमारी, प्रिया कुमारी,चांदनी कुमारी, पुष्पा कुमारी,डिंपल कुमारी, गुंजा कुमारी के साथ अस्पताल के महिला वार्ड में जाकर मरीज बबीता देवी,वंदना कुमारी तथा इमरजेंसी वार्ड में रेणु देवी के साथ मिलकर उनके प्रति संवेदना व्यक्त किया। स्वयंसेवकों उनसे मिलकर हाल-चाल पूछा। वहां से निकलने के बाद




सरदार पटेल चौक व ओवर ब्रिज के नीचे हैदरनगर मोड़ पर स्वयंसेवकों ने ट्रैफिक व्यवस्था संभाली तथा वैसे नागरिक जो बिना हेलमेट के मोटरसाइकिल सवार थे उन्हें रोक कर निवेदन किया कि हेलमेट और जूता मोटरसाइकिल चलाते समय अवश्य पहनें, अन्यथा कभी भी दुर्घटना हो सकती है। मौके पर कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. राजेश कुमार सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया करते हैं। माय भारत के साथ दिवाली के प्रथम सालगिरह के उत्सव पर यह कार्यक्रम हम लोगों ने किया है।

## न्यूज बॉक्स

### बाजारों में उमड़ी ग्राहाकों की भीड़, जमकर हुई खरीदारी

**पांकी।** धनतेरस के अवसर पर पांकी प्रखंड के मुख्य बाजार में खरीदारी के लिए ग्राहकों की मंगलगवार को काफी भीड़ देखी गई। प्रखंड के कपूर्री ठाकुर चौक से लेकर भगत सिंह चौक, अंबेडकर चौक तक पूरे दिन सड़कों पर जाम की स्थिति बनी रही। धनतेरस की सुबह से ही मुख्य बाजार में बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक, पटाखे, सजावट सामग्री, फल, पूजन सामग्री की दुकानें सजकर तैयार थी। सुबह से लेकर देर शाम तक बाजारों में रौनक छाई रही। ग्रहाकों ने जमकर खरीदारी की। सबसे ज्यादा भीड़ इलेक्ट्रॉनिक्स, बर्तन, आभूषणों के प्रतिष्ठानों में देखी गई, जहां ग्राहक पंक्तिबद्ध होकर खरीदारी करते देखे गए। ग्राहकों ने बताया कि धनतेरस के अवसर पर सामानों की खरीदारी करना शुभ माना जाता है। ग्राहकों को इस दिन का इंतजार रहता है। दुकानदार अखिलेश गुप्ता, राजेश चौरसिया प्रमोद सोनी, अजय गुप्ता, संस्कार सोनी, दिलीप गुप्ता, रोशन गुप्ता, घनश्याम सोनी सहित अन्य दुकानदारों ने बताया कि पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष की दुकानदारी अच्छी रही।

### त्योहारों लेकर विधानसभा चुनाव की हलचल पर लगा विराम

**हैदरनगर।** हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र संख्या 79 में नामांकन प्रक्रिया तक बाजारों व सड़कों पर लोगों के बीच गहमागहमी तो देखी गई, किन्तु इसके बाद हाल के त्योहारों को लेकर इसकी चर्चा पर विराम लगता नजर आता है। मंगलवार को वैसे भी धनतेरस को लेकर बाजारों में काफी लोगों की आवाजाही तो होती रही। पर इनके जुबान से कहीं भी चुनाव तो लेकर न तो चर्चा देखी गई है न ही इस चुनाव से उनमें उत्साह दिखता है। वर्तमान में घरों, प्रतिष्ठानों की साफ सफाई के अलावे धनतेरस, दीपावली व छठ व्रत को लेकर बाजार से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में उनमें चुनावी चर्चा के लिये समय नहीं है। इसके बावजूद बाजार क्षेत्र में कम, पर ग्रामीण क्षेत्र में अब तक मैदान में डटे प्रत्याशियों व समर्थकों का भ्रमण जारी है। मैदान में डटे प्रत्याशियों में मुख्य दलों से भाजपा के निवर्तमान विधायक कमलेश कुमार सिंह, राजद के पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव, बसपा से पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता, भाजपा से बागी प्रत्याशी विनोद कुमार सिंह व डॉ. कर्नल संजय कुमार सिंह का नाम चर्चा में है।

### हुसैनाबाद उत्तरी क्षेत्र जिप सदस्य राजू कुमार मेहता ने ब्लड देकर छात्रा की बचाई जान

**हुसैनाबाद।** पलामू जिला के हुसैनाबाद उत्तरी क्षेत्र के जिप सदस्य सह बसपा नेता राजू कुमार मेहता उर्फ एसपी मेहता ने झारखंड की राजधानी रांची में मानवता को परिचय देते हुए ब्लड डोनेट कर एक छात्रा की जान बचाई है। इस कार्य के लिए छात्रा के परिजनो ने श्री मेहता के प्रति आभार जताया है। बतादे की जिप सदस्य रांची में थे तभी उन्हें निशांत कुमार नामक एक शिक्षक ने फोन पर बताया कि रांची निवासी संतोष पासवान की पुत्री प्रियंका कुमारी जो छात्र है वह स्कूल जाते समय बेहोश हो गयी जिससे अस्पताल लाने के बाद डॉक्टरों ने खून की कमी बतायी। उसे ब्लड की सख्त आवश्यकता है। उसके बाद जिप सदस्य ने त्वरित बिना देर किए उस छात्रा को ब्लड देने अस्पताल पंहुच गए। इस संबंध में श्री मेहता ने बताया कि यह तो मेरा कर्तव्य हैं, ब्लड डोनेट करने से मैं काफी अच्छा महसूस कर रहा हु, उन्होंने कहा कि ब्लड डोनेट करने से शरीर स्वस्थ्य रहता है। उन्होंने आम युवाओं से ब्लड डोनेट कर किसी की भी जान बचाने के लिए प्रेरित करने पर बल दिया। उधर उनके अभिभावक संतोष पासवान ने जिला परिषद सदस्य श्री मेहता के प्रति आभार प्रकट किया है।

### नगर पंचायत ने छठ घाटों की सफाई शुरू की



**हरिहरगंज।** आस्था का महापर्व छठ पूजा को लेकर हरिहरगंज नगर पंचायत के विभिन्न छठ घाटों का साफ सफाई शुरू कर दिया गया है। कार्यपालक पदाधिकारी फैजुर रहमान अंसारी के निर्देश पर मंगलवार को सिटी मैनेजर नजीबुल्लाह अंसारी, जेई संदीप कुशवाह, कुलदीप कुमार, सामुदायिक संगठनकर्ता विचित्रा कुमारी, श्याम कुमार के देखरेख में थाना रोड़ बटाने नदी मुख्य छठ घाट तथा पुरनाडीह, डेमा, अररुआ कला आदि छठ घाट की सफाई की गयी। इस दौरान जेसीबी मशीन द्वारा नदी छठ घाट की साफ-सफाई की गयी तथा श्रद्धालुओं को आने-जाने के लिए रास्ते को समतलीकरण किया गया। नगर पंचायत के पदाधिकारी ने बताया कि नगर पंचायत क्षेत्र के सभी छठ घाटों की साफ सफाई आगे भी जारी रहेगा, जिससे छठ व्रत्तियो को आने-जाने में या अर्घ्यअर्पित करने में किसी तरह का परेशानी ना हो, इसका ख्याल नगर प्रशासन द्वारा विशेष रूप से रखा जा रहा है। इस अवसर पर राम लखन मेहता, बिरजू मेहता, राजेश्वर प्रसाद मौजूद थे।

### ऋषि पांडेय ने झारखंड युवा विकास पार्टी का थामा दामन

**ऊंटारी रोड।** झारखंड युवा विकास पार्टी के केंद्रीय सुप्रीमो रजनीश उर्फ विकास दुबे ने बी मोड़ कार्यालय परिसर में पट्टा देकर ऋषि पांडेय के साथ सैकड़ों लोगों को पार्टी में शामिल किया है। ऋषि पांडेय ने बताया कि सैकड़ों कार्यकताओं के साथ कांग्रेस पार्टी को छोड़कर झारखंड युवा विकास पार्टी शामिल हुए हैं। मौके पर गोविंद मेहता, संजय मेहता, राकेश चौधरी, बबलू मेहता, संजय पासवान, आलोक चंद्रवंशी, सहित सैकड़ों की संख्या में लोगों ने झारखंड युवा विकास पार्टी का दामन थामा।

## आस्था का केंद्र

### सप्तमातृकाओं के पिण्ड के साथ शिवलिंग, सियाराम, राधाकृष्ण व मां संतोषी की स्थापित हैं मूर्तियां

# मंदिर निर्माण में किसान का बड़ा योगदान

नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय प्राचीन देवीधाम के नवनिर्मित भव्य मंदिर में सप्तमातृकाओं के पिण्ड के अलावा अन्य कई देवी-देवताओं की स्थापित मूर्तियां ग्रामीणों व व्यावसायियों की आस्था के महत्वपूर्ण केंद्र बन गया हैं। फ्लोर पर सप्तमातृकाओं के पिण्ड, शिवलिंग और इसके उपर के तल्ले पर भगवान श्री राम, माता जानकी के साथ भ्राता लक्ष्मण व राधाकृष्ण की मूर्तियां स्थापित की गई हैं। बताया गया कि पहले छोटे से मंदिर में सप्तमातृकाओं के पिण्ड की पारंपारिक रूप से पूजा-अर्चना की जाती रही थी। बाद में ग्रामीणों




के सहयोग से भव्य मंदिर का निर्माण कुछ ही वर्षों पहले किया गया है। इसमें बहुत बड़ा योगदान स्थानीय प्रतिष्ठित किसान रणविजय सिंह का बताया जाता है। उन्होंने दिवंगत माता-पिता फुलबदन देवी और पृथ्वीनाथ सिंह की कामना को साकार करने के लिए पत्नी सुनैना देवी के साथ इस भव्य मंदिर का निर्माण कराकर इसमें सर्वदेव मूर्तियों के बीच भगवान श्रीराम, माता जानकी और लक्ष्मण जी की मूर्तियों की स्थापना 22 अप्रैल 2016 को कराई है। इसमें सर्वश्रेष्ठ योगदान बहुमूल्य समय और कौशल का परिचय देते हुए ज्योतिनाथ सिंह ( अब दिवंगत) का बताया जाता है। हाल के वर्षों से देखभाल और पूजा-अर्चना की जिम्मेवारी ग्रामीणों की कमिटी को सौंपा गया है। इसके अध्यक्ष नित्यानंद पाठक, सचिव शंभू चौरसिया, कोषाध्यक्ष राघव सोनी के अलावा धर्मप्रेमी द्वारिका प्रसाद, गौरीशंकर सिंह, बृजनंदन साव सहित अन्य ग्रामीणों की सक्रियता व व्यावसायियों के नित्यदिन के सहयोग से सही तरीके से रखरखाव व पूजापाठ का संचालन किया जाता है। जो इस मंदिर के प्रति उनकी अटूट आस्था का बड़ा उदाहरण है। इस मंदिर में संतोषी माता की भी मूर्ति को पुनर्स्थापित किया गया है।

## नगर पंचायत ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

### 45 हजार रुपये का लगा जुर्माना

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत हुसैनाबाद ने मंगलवार को सघन अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान सड़क को जाम कर रहे ठेला व दुकानदारों द्वारा अस्थाई शेड को हटाया गया ओर उनसे जुमार्ना वसूला गया। साथ ही चेतावनी देते हुए दोबारा अतिक्रमण की शिकायत होने पर और भी कठोर कार्रवाई की हिदायत भी दी गई। नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी टीके हंस ने बताया कि हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र को जाम मुक्त व अतिक्रमण मुक्त रखने में सभी व्यवसायियों, आम जनों का सहयोग अति आवश्यक है। इस कार्य में सिटी मिशन मैनेजर राकेश कुमार सिंह, हुसैनाबाद थाना प्रभारी संजय कुमार यादव, पुलिस बल के साथ कनीय अभियंता आशीष कुमार सिंह, अभिजीत दुबे , अजीत राज, सुधांशु तिवारी, गुलशेर अंसारी, बृजलाल यादव एवं नगर पंचायत के कर्मी उमेंद्र ठाकुर, रविकांत पटेल, विकास कुमार, अवधेश, संजीत आदि मौजूद थे। अभियान के दौरान जेसीबी द्वारा ठेला व अन्य अतिक्रमण को हटाया गया। सोमवार को 18 लोगों पर 45 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया गया हैं। उन्होंने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### प्रत्याशी ने किया गांवों का दौरा

**नीलांबर पीतांबरपुर।** पांकी विधानसभा क्षेत्र से झालोक्रांमो प्रत्याशी ओंकारनाथ जायसवाल ने मंगलवार को विभिन्न गांवों का दौरा कर जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि पांकी विधानसभा से इस बार परिवर्तन की बयार बह रही है। अबकी बार जयराम महतो की पार्टी झालोक्रांमो को क्षेत्र की जनता का अपार जनसमर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र के युवाओं में जो बेरोजगारी का आलम है, उसे भी दूर किया जायेगा। साथ ही क्षेत्र केअधिकांश लोग कृषि पर अपनी जीवन-बसर कर रहे हैं। कृषि में तकनीकी विकास किया जाएगा। जनसंपर्क अभियान में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग व मतदाता उपस्थित थे।

# धनतेरस को लेकर खरीदारी करने के लिए उमड़ी लोगों की भीड़, बाजार में आई रौनक

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** धनतेरस के अवसर पर आज सुबह से ही बाजारों में रौनक बनी हुई है। लोग आभूषण, बर्तन और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की खरीदारी में व्यस्त हैं। धनतेरस पर सोने-चांदी के साथ-साथ नए बर्तन खरीदना शुभ माना जाता है, और दीपावली का पर्व दो दिन बाद मनाया जाएगा। त्योहारी सीजन के चलते मेदिनीनगर के बाजारों में खरीदारी के लिए भारी भीड़ उमड़ी है, विशेषकर सर्राफा बाजार में।



**सोना-चांदी खरीदना शुभ माना जाता है : स्वर्ण व्यापारी**
सोना महल के प्रोपराइटर संतोष सोनी ने बताया कि धनतेरस पर लोग सोने और चांदी की जमकर खरीदारी कर रहे हैं। ज्वेलरी की दुकानों पर भगवान लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियों की मांग भी काफी बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि पिछले 19 वर्षों में सोने के दाम 10 गुना से ज्यादा बढ़ चुके हैं, इसलिए लोग इसे खरीदना पसंद कर रहे हैं। चांदी की मूर्तियां एक हजार रुपये से और चांदी के सिक्के पांच सौ रुपये से शुरू हो रहे हैं।

**सजावटी और घरेलू सामान की बिक्री :** शहर में घरों को सजाने का सामान भी बिक रहा है। लोग घरेलू सजावट के लिए विभिन्न प्रकार की लाइटों, झाड़ू और मिट्टी के बने सामानों की खरीदारी कर रहे हैं। दुकानदार नीतीश चौरसिया ने बताया कि लोग फ्लावर पॉट और सजावट के लिए आर्टिफिशियल फूल खरीदना पसंद कर रहे हैं। इस तरह, धनतेरस के इस पर्व ने मेदिनीनगर के बाजारों में उत्साह और रौनक का माहौल बना दिया है।

### प्रतिष्ठानों ने निकाले आकर्षक ऑफर और लकी ड्रा

धनतेरस के अवसर पर विभिन्न दुकानदारों ने अपने प्रतिष्ठानों के बाहर टेंट लगाकर सामान सजाया है। मां भगवती एंटरप्राइजेज के संचालक विनित पांडेय ने बताया कि आज और कल देर रात तक बाजार खुला रहेगा। ग्राहकों को लुभाने के लिए सरार्फा, इलेक्ट्रॉनिक्स और बर्तन की दुकानों ने कई आकर्षक ऑफर और लकी ड्रा की व्यवस्था भी की है।

# झारखंड राज्य स्तरीय खेलो झारखंड खो- खो प्रतियोगिता में उपविजेता टीम का भव्य स्वागत



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, रांची के तत्वावधान में 26 से 28 अक्टूबर 2024 तक मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स खेलगांव में आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय अंडर 14 और अंडर 17 आयु वर्ग की खो खो प्रतियोगिता संपन्न हुई। बीसीसी मिशन बालिका उच्च विद्यालय की 24 सदस्यीय टीम, कोच अक्सा नाग के नेतृत्व में, इस प्रतियोगिता में भाग लेने पहुंची। अंडर 17 वर्ष आयु वर्ग की खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए फाइनल मैच में पतरातु को 5-4 से हराकर उपविजेता की उपाधि हासिल की। इस वर्ग की खिलाड़ी साधना कुमारी को 'बेस्ट चेजर' का ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। अंडर 14 वर्ष आयु वर्ग की टीम का प्रदर्शन भी सराहनीय रहा।

टीम की वापसी पर बीसीसी मिशन बालिका उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापिका सिस्टर इग्नेशिया लकड़ा और स्पोर्ट्स इंचार्ज तथा पलामू जिला ओलंपिक एसोसिएशन के सचिन संजय कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में विद्यालय के सभी शिक्षकों ने खिलाड़ियों का भव्य स्वागत किया। खिलाड़ियों को माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर उनका सम्मान किया गया। उपविजेता खिलाड़ियों में साधना कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, सोनाक्षी कुमारी, मीनाक्षी कुमारी, पूजा कुमारी, काजल कुमारी, तनु कुमारी, पलक कुमारी, चांदनी कुमारी, रिया कुमारी, मेरिस्टिला शामिल हैं। सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देने वालों में सिस्टर अनास्तासिया, सिद्धार्थ कुमार, सिस्टर एड्रियाना बड़ा, सिस्टर सुचिता टोप्पो, शोषण बेक, सुशीला एनिमा कुल्लू, वीणा टोप्पो, शुभा प्रतिमा टोप्पो, अनुभा टोप्पो, और रेखा कुमारी शामिल थे, जिन्होंने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## न्यूज बॉक्स

### भाजपा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ की बैठक : चुनावी जागरूकता का संकल्प




**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य भाजपा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ ने विधानसभा चुनाव को लेकर सदस्यों की बैठक आयोजित की। बैठक में सामूहिक रूप से भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में मतदाताओं को जागरूक करने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही, प्रकोष्ठ के सभी सदस्य स्थानीय लोगों को भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में प्रेरित करने का कार्य करेंगे। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने भाजपा की समावेशी नीतियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह हमारा दायित्व बनता है कि हम उनके साथ कदम से कदम मिलाकर चलें। अंत में, सभी ने अलग-अलग दिन पर विचार-विमर्श करने के लिए बैठकें आयोजित करने की बात कही। बैठक में डॉ. राणा प्रताप सिंह, डॉ. गणेश तिवारी, राजेंद्र सिन्हा, संतोष कुमार दुबे, ब्रह्मा सिंह, अनिल कुमार पांडेय, उमेश चंद्र दुबे, प्रिय रंजन कुमार सिंह, विनय शंकर प्रसाद सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

### त्योहार शुरू होते ही पुलिस ने लगाई बैरीकेडिंग, वन वे के बावजूद लगा रहा जाम



**मेदिनीनगर।** त्योहारों के दौरान होने वाले जाम को रोकने के लिए पुलिस प्रशासन ने मुख्य बाजार में बड़े वाहनों की एंट्री बंद करने के लिए बैरीकेड्स लगा दिए हैं। इसके चलते ग्राहकों को अपने वाहनों को बाजार से बाहर पार्क करना पड़ रहा है। हालांकि, शहर के अन्य स्थानों पर भी बैरिकेडिंग की आवश्यकता है, क्योंकि वहां से भी दो और तीन पहिया वाहन बाजार में प्रवेश कर रहे हैं। पुलिस की बैरिकेडिंग के बावजूद कई दो पहिया और चौपहिया वाहन गलियों के रास्ते मेन बाजार तक पहुंच रहे हैं, जिससे जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। शहर के छह मुहान, लाल कोठा और जिला स्कूल चौक जैसे प्रमुख स्थानों पर बैरिकेड्स लगाए गए हैं, जिससे इन क्षेत्रों से तीन-चार पहिया वाहनों की आवाजाही रोकी जा रही है। जाम का एक और कारण है बाजार क्षेत्र में दुकानों के पास ठेलों की अधिकता। प्रशासन ने अस्पताल चौक और छह मुहान पर वन वे व्यवस्था लागू की थी, लेकिन शाम को उमड़ी भीड़ के कारण भारी जाम लग गया।

पुलिस सभी स्थानों पर अलर्ट है। दुकानों के बाहर टेंट लगाकर सजाए गए सामान को देखने के लिए लोगों की भीड़ लगी हुई है। व्यापारियों का कहना है कि धनतेरस पर बाजार देर रात तक खुला रहेगा, जिसके लिए पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की है।

जिले में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए

# घर-घर वोटिंग और विशेष सुविधा केंद्रों पर मतदान की व्यवस्था

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** विधानसभा चुनाव 2024 में जिले में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विभिन्न उपाय किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 28 अक्टूबर तक जिले के पांचों विधानसभा क्षेत्रों से 85 वर्ष से अधिक उम्र के 785 वरिष्ठ मतदाताओं और 445 दिव्यांग मतदाताओं से फॉर्म 12D प्राप्त किए गए हैं। इन्हें होम वोटिंग की सुविधा दी जाएगी, जिसके तहत 3 से 11 नवंबर तक विभिन्न चरणों में उनके घर पर ही मतदान करवाया जाएगा।

**प्राथमिक सेवाओं के मतदाताओं के लिए विशेष व्यवस्था :** आवश्यक सेवाओं में लगे 370 मतदाता 9 और 10 नवंबर को समाहरणालय परिसर में मतदान करेंगे। इसी प्रकार, निर्वाचन कार्य में संलग्न अधिकारी-कर्मचारियों के लिए सुविधा केंद्रों पर पोस्टल बैलेट की व्यवस्था की गई है। इस श्रेणी में 13,565 फॉर्म प्राप्त हुए हैं, जिनमें से अधिकांश पुलिस एवं सरकारी कर्मचारी हैं।

**अन्य जिले में तैनात मतदाताओं के लिए व्यवस्था :** जिले से बाहर ड्यूटी पर तैनात 863 मतदाताओं के लिए उनके संबंधित जिलों में मतदान की व्यवस्था की गई है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने 13 नवंबर को होने वाले मतदान में अधिक से अधिक भागीदारी की अपील की है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार होम वोटिंग, सुविधा केंद्रों पर मतदान और अन्य सुविधाओं की व्यवस्था की जा रही है। सभी मतदाताओं से अनुरोध है कि अपने बूथ पर जाकर मतदान अवश्य करें।

### शहर थाना अंतर्गत बारालोटा में ग्राइंडर से कटकर मजदूर की मौत

**मेदिनीनगर।** मंगलवार को सुबह करीब 11:00 बजे बारालोटा में एक दुखद घटना में 22 वर्षीय निरंजन प्रजापति की ग्राइंडर से गला कट जाने के कारण मौत हो गई। निरंजन, जो ओढ़नार का निवासी था, अपने घर से काम करने के लिए निकला था। परिजनों के अनुसार, निरंजन बारालोटा स्थित एक नए भवन में पाइप लगाने के दौरान दीवार काट रहा था। इसी दौरान ग्राइंडर उसके हाथ से फिसल गया, जिससे उसका गला कट गया। वहां उपस्थित लोगों ने तुरंत निरंजन को मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर शहर थाना की टीम मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। इस घटना से परिवार में शोक का माहौल है, और निरंजन की मां बार-बार बेहोश हो रही है, जिससे परिवारवालों का हाल बुरा है।

# विधानसभा चुनाव के लिए 1780 मतदानकर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** विधानसभा चुनाव 2024 की तैयारियों को लेकर मंगलवार को गणेश लाल अग्रवाल कॉलेज में कुल 1780 मतदानकर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। इनमें 1624 महिला और 156 पुरुष कर्मी शामिल थे। प्रशिक्षण में पीठासीन पदाधिकारी समेत पी1, पी2, पी3 और पी4 के मतदानकर्मी उपस्थित रहे।

**प्रशिक्षण की मुख्य बातें :** प्रशिक्षण 110 मास्टर ट्रेनरों द्वारा 45 कक्षों में आयोजित किया गया, जहां मतदान प्रक्रिया के हर पहलू की जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनरों ने मॉक पोल से लेकर दस्तावेजों की पैकिंग तक की प्रक्रिया पर विस्तृत जानकारी दी। ईवीएम और वीवीपैट के संचालन, कनेक्शन, और सीलिंग प्रक्रिया का गहन प्रशिक्षण दिया गया। मॉक पोल, टेंडर वोट, प्रॉक्सी वोट, और चैलेंज वोट जैसे सभी विकल्पों की जानकारी भी मतदानकर्मियों को दी गई। मतदानकर्मियों को टीम भावना के साथ कार्य करने की सलाह दी गई ताकि किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। पोल डे मैनेजमेंट सिस्टम और मतदान के बाद दस्तावेजों की सुरक्षित पैकिंग की प्रक्रिया पर भी जानकारी दी गई। यह प्रशिक्षण यह सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया कि चुनाव के दिन मतदानकर्मी सभी प्रक्रियाओं को सुचारू रूप से पूरा कर सकें।

# पलामू में कांग्रेस की चुनावी रणनीति पर बैठक कार्यकर्ताओं को दी गई बूथ स्तर पर जुटने की जिम्मेदारी




नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** विधानसभा चुनाव 2024 की तैयारी के लिए पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के सभागार में मंगलवार को एक विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में पलामू जिले के लिए कांग्रेस पर्यवेक्षक और औरंगाबाद विधायक आनंद शंकर सिंह ने वरिष्ठ नेताओं, प्रखंड अध्यक्षों और कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ चुनावी रणनीति पर चर्चा की। बैठक की अध्यक्षता पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैस रंजन पाठक (बिट्टू पाठक) ने की, जबकि संचालन जिला कोषाध्यक्ष अजय साहू ने किया।

**प्रमुख निर्देश और रणनीति :** जिला प्रभारी आनंद शंकर सिंह ने सभी प्रखंड अध्यक्षों की बातों को ध्यानपूर्वक सुनने के बाद उन्हें बूथ स्तर पर सक्रिय रूप से कार्य करने और मतदाताओं तक पहुंचने का निर्देश दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को प्रखंडों को अलग-अलग जोन में विभाजित कर वहां प्रचार करने की जिम्मेदारी सौंपी और कहा कि सभी कार्यकर्ता स्वयं को उम्मीदवार मानकर चुनावी क्षेत्र में काम करें। आनंद शंकर सिंह ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं का यह प्रयास पार्टी को मजबूती देगा और चुनाव में जीत सुनिश्चित करेगा।

**उपस्थित नेता और कार्यकर्ता :** बैठक में डाल्टनगंज विधानसभा के प्रत्याशी कृष्णानंद त्रिपाठी के साथ-साथ प्रमुख पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी उपस्थित थे। प्रमुख रूप से सुमंत सिंह, पंकज पासवान, अमित जी, दीनानाथ तिवारी, विनोद तिवारी, सत्यानंद दुबे, विमला कुमारी, शमीम अहमद राइन, सुरेश पाठक, जितेंद्र कमलापुरी, राजेंद्र अग्रवाल, नफीस खान, संतोष चौबे, रिजवान खान, उमेश यादव, जतरु उरांव, अयूब अंसारी, प्रमोद यादव, अजीत तिवारी, मुन्ना खान, आमुख प्रियदर्शी, खुर्शीद आलम, रविंदर शुक्ला, नदीम खान, रामानंद पाठक, मिथिलेश सिंह, गोपाल सिंह, परवेज आलम, प्रमोद सिंह, विष्णु देव यादव, रविंद्र तिवारी, अनिल सिंह, धनंजय यादव, नितेश पासवान, और अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

# झामुमो की विधानसभा स्तरीय बैठक, केएन त्रिपाठी को जिताने की रणनीति पर चर्चा



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) द्वारा आयोजित विधानसभा स्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को दोबारा मुख्यमंत्री बनाने और कांग्रेस प्रत्याशी के. एन. त्रिपाठी को भारी बहुमत से विजयी बनाने पर रणनीति तय की गई। बैठक की अध्यक्षता झामुमो अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने की।

**मुख्यमंत्री की जनकल्याण योजनाओं का उल्लेख :** राजेंद्र सिन्हा ने अपने संबोधन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा, अबुआ आवास और मैया सम्मान जैसी योजनाओं ने गरीब परिवारों के जीवन में बड़ा बदलाव लाया है। झामुमो कार्यकर्ता पूरी ताकत के साथ इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को विजयी बनाने में जुटे हैं। कांग्रेस प्रत्याशी त्रिपाठी ने भी कार्यकर्ताओं का धन्यवाद देते हुए भरोसा दिलाया कि वे झामुमो कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर मजबूती से चुनाव लड़ेंगे और झामुमो को बड़े भाई के समान मानते हुए एकजुट रहेंगे। इस कार्यक्रम में झामुमो के कई वरिष्ठ सदस्य और पदाधिकारी, जिनमें सन्नू सिद्दीकी, मुन्ना सिन्हा, सुनील तिवारी, महिला मोर्चा अध्यक्ष सुशीला मिश्रा, युवा मोर्चा अध्यक्ष सन्नी शुक्ला सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे, जिन्होंने मिलकर कांग्रेस प्रत्याशी की जीत के लिए समर्पण और उत्साह दिखाया। बैठक में इस चुनाव में महागठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी को विजयी बनाने और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व को दोबारा स्थापित करने का संकल्प लिया गया।

# भाजपा ने की प्रेस वार्ता, कहा : प्रदेश में बनेगी डबल इंजन की सरकार



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड में विधानसभा चुनाव की तैयारियां जोर पकड़ रही हैं। कल नामांकन वापसी का आखिरी दिन है, जिसके बाद चुनाव प्रचार शुरू होने वाला है। इसी संदर्भ में भाजपा ने आज एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया। जिसमें उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह, पलामू प्रमंडल प्रभारी विकास प्रीतम, और सांसद बीडी राम ने पार्टी की चुनावी रणनीति का खुलासा किया।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि झामुमो सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन के नेतृत्व में विकास पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार के सभी स्तरों पर भ्रष्टाचार व्याप्त है, जिससे जनता में आक्रोश बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, 'इसी कारण प्रदेश की जनता ने इस बार डबल इंजन की सरकार बनाने का मूड बना लिया है। हम सभी मतदाताओं से अपील करते हैं कि जिस प्रकार हरियाणा में भाजपा को समर्थन दिया, उसी तरह झारखंड में भी अपना आशीर्वाद दें।

पलामू प्रमंडल प्रभारी विकास प्रीतम ने कहा कि झारखंड के पुराने गौरव को वापस लाने के लिए जनता को समर्थन देना होगा ताकि रोजगार के अवसर बढ़ सकें। उन्होंने कहा, 'हम चुनाव प्रचार के दौरान सकारात्मक माहौल बनाने के लिए रणनीति के साथ चुनावी आगाज करेंगे। गढ़वा में प्रधानमंत्री की एक बड़ी सभा प्रस्तावित है, जिसमें वह भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में समर्थन मांगेंगे।

उन्होंने इरफान अंसारी द्वारा सीता सोरेन के लिए दिए गए अमर्यादित बयान की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि आदिवासियों के लिए बने इस विशेष राज्य में इस तरह की भाषा अशोभनीय है।

पलामू सांसद बीडी राम ने आरोप लगाया कि झामुमो सरकार झूठ की बिसात पर सत्ता में आई थी, और उनके कार्यकाल में भ्रष्टाचार का बोलबाला रहा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भाजपा पूर्ण रूप से जनता का समर्थन पाएगी और सत्ता में आएगी।

# विधानसभा चुनाव के लिए मतदान केंद्रों की तैयारियों का प्रमंडलीय आयुक्त ने लिया जायजा



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर प्रमंडलीय आयुक्त श्री बाल किशुन मुंडा ने मंगलवार को हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण और शहरी मतदान केंद्रों का दौरा कर अब तक की तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां न्यूनतम आवश्यक सुविधाओं का आकलन किया।

**प्रमुख मतदान केंद्रों का निरीक्षण :** आयुक्त ने पीएम श्री उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय संढा के मतदान केंद्र संख्या 238, उच्च विद्यालय कामगारपुर के केंद्र संख्या 207, गम्हरिया स्थित मध्य विद्यालय के केंद्र संख्या 135, हुसैनाबाद के बालिका उच्च विद्यालय में स्थित केंद्र संख्या 116, और अन्य महत्वपूर्ण मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया।

**मतदाता जागरूकता पर जोर :** आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मतदाताओं को इन सुविधाओं के बारे में जागरूक करें ताकि मतदान के दिन अधिक से अधिक लोग मतदान केंद्र पर पहुंचें। उन्होंने कहा कि मतदाता जागरूकता से चुनाव में सहभागिता बढ़ेगी और मतदान प्रतिशत में वृद्धि होगी।

### मतदाताओं के लिए सुविधाओं का आकलन

आयुक्त ने मतदान केंद्रों पर दिव्यांग और वरिष्ठ मतदाताओं के लिए रैंप, व्हीलचेयर, कुर्सियों, पेयजल, साफ-सुथरे शौचालय, समुचित प्रकाश व्यवस्था और पंखे जैसी न्यूनतम सुविधाओं की उपलब्धता का जायजा लिया। उन्होंने मतदान के दिन मतदाताओं की सुविधा के लिए वालंटियर्स की उपस्थिति सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया।

### साथ में उपस्थित अधिकारी

इस निरीक्षण के दौरान आयुक्त के सचिव बिजय वर्मा, हुसैनाबाद के अंचल अधिकारी पंकज कुमार, हैदरनगर के अंचल अधिकारी संतोष कुमार, और देवरी ओपी प्रभारी बब्लू कुमार भी उपस्थित रहे।

# भाजपा चुनाव प्रभारी इंद्रमणि त्रिपाठी ने कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर जीत सुनिश्चित करने का आह्वान किया



**मेदिनीनगर।** चुनाव की तैयारी के मद्देनजर भाजपा के चुनाव प्रभारी इंद्रमणि त्रिपाठी ने पोलपोल मंडल में एक विशेष बैठक का आयोजन किया, जिसमें पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों को चुनावी रणनीतियों पर मार्गदर्शन दिया। बैठक में सभी प्रमुख कार्यकर्ता और नेता उपस्थित रहे, जिन्होंने आगामी चुनाव के लिए अपनी भूमिका और तैयारियों पर चर्चा की।

**एकजुटता और समर्पण पर जोर दिया :** त्रिपाठी ने कार्यकर्ताओं से कहा, यह समय एकजुटता और समर्पण का है। हमें घर-घर जाकर भाजपा की नीतियों और योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना होगा। उन्होंने पार्टी की उपलब्धियों को सामने रखते हुए बताया कि भाजपा के पिछले कार्यकाल में कई विकास परियोजनाओं से आम जनता को लाभ मिला है।

**चुनावी प्रचार और जनसंपर्क पर विस्तृत चर्चा :** बैठक में चुनाव प्रचार, जनसंपर्क और चुनावी रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। त्रिपाठी ने कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि हर वोट कीमती है, और इसे सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करना आवश्यक है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपने क्षेत्रों में सक्रिय बने रहने और सकारात्मक चुनावी माहौल बनाए रखने पर जोर दिया। त्रिपाठी की इस अपील ने भाजपा कार्यकर्ताओं में नया उत्साह भरा और सभी ने पार्टी की जीत सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। आगामी चुनावों के लिए यह बैठक एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकती है, जो भाजपा के पक्ष में समर्थन जुटाने में सहायक होगी।

# महागठबंधन प्रत्याशी के. एन. त्रिपाठी ने जनसंपर्क अभियान चलाया, क्षेत्रीय विकास का किया वादा



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** इंडिया महागठबंधन के प्रत्याशी और पूर्व मंत्री के. एन. त्रिपाठी ने मंगलवार को मेदिनीनगर नगर निगम के गुरियाही, हनुमान नगर, कचरवा, बारालोटा, कोईरी टोला, हरिजन टोला, और सदर प्रखंड के कुसुम टांड़, पोखराहा कला, रजवाडीह, बड़कागांव, जोड़, सिंगरा कला और सिंगरा खूर्द आदि क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान त्रिपाठी ने क्षेत्र के लोगों से मुलाकात कर विकास के लिए समर्थन की अपील की।

**जनता को दी विकास का भरोसा :** त्रिपाठी ने जनता से संवाद करते हुए कहा कि क्षेत्र में अभी भी बुनियादी सुविधाओं की कमी है, और यदि उन्हें मौका दिया गया, तो वे नगर निगम और सदर प्रखंड के साथ-साथ डालटनगंज, चैनपुर, और भांडरिया विधानसभा क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि मेदिनीनगर क्षेत्र का व्यापक विकास करेंगे और क्षेत्र की तस्वीर बदलकर दिखाएंगे।

**प्रमुख योजनाओं का वादा :** त्रिपाठी ने कहा कि उन्होंने पिछले कार्यकाल में कई विकास योजनाओं को धरातल पर उतारा था और इस बार भी विकास की प्राथमिकता में कोई कमी नहीं रहेगी। उन्होंने कहा कि सदर प्रखंड में पेयजल समस्या को हल करेंगे, गांव में ही नवयुवकों को रोजगार उपलब्ध कराएंगे, और महिलाओं के उत्थान के लिए स्वरोजगार योजनाएं लागू करेंगे। इसके अतिरिक्त, क्षेत्र में एक 'नो रेफर सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल' बनाने का वादा किया, जिससे बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

## एक नजर

### वॉलिंटियर को दिया गया प्रशिक्षण

**केतार।** प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में मंगलवार को वॉलिंटियर को ऑन लाइन वीसी के माध्यम प्रशिक्षण दिया गया। सभी वालेंटियर को 13 नवंबर को मतदान केन्द्रों पर महिला पुरुष मतदाताओं को अलग-अलग कतारबद्ध तरीके से लगाने, मतदान केन्द्र पर मतदाताओं का नाम निकालने, चिन्हित करने, दिव्यांग व बुजुर्ग मतदाताओं को मतदान के लिए वोटिंग रूम तक ले जाने के बारे में बताया गया। बुजुर्ग मतदाताओं को पेयजल सुविधाएं उपलब्ध कराने के बारे में बताया गया।

### मजदूरी करने गया आंध्र प्रदेश में, शव मिला कर्नाटक में

**रमना।** प्रखंड के सिलदाग पंचायत के मनी राम के 24 वर्षीय पुत्र विकेश कुमार की का कर्नाटक में मिला है। वह मजदूरी करने आंध्रा प्रदेश गया था। जानकारी के अनुसार विकलेश कुमार कुछ माह पूर्व गांव के ठीकदार के साथ मजदूरी करने आंध्रप्रदेश के चितूर जिला अंतर्गत कुप्पम में गया था। वहां करीब एक माह मजदूरी किया, लेकिन गत 27 अक्टूबर को कुप्पम से बंगलुरु (बंगलौर ) अपने रिस्तेदार के पास मजदूरी करने के लिए चला गया। इसके अगले ही दिन रेलवे पुलिस द्वारा ठेकदार को सूचना मिली कि उक्त युवक कि मृत्यु कर्नाटक के भंगार पेट रेलवे स्टेशन क्षेत्र में हो गयी हैं। उसका शव रेलवे ट्रैक पर मिला हैं।

### भाजपा व बसपा के कार्यकर्ताओं ने थामा झामुमो का दामन

**डंडई।** झामुमो नेता ताहिर अंसारी व दीपक प्रताप देव ने मंगलवार को संयुक्त रूप से प्रखंड के आधा दर्जन गांव का दौरा कर नुक्कड़ सभा कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान उनके द्वारा झोतर ,कदेलिया, निमिया खाड, तसरार, बालेखाड, पचोर इत्यादि गांवों में नुक्कड़ सभा कर अपने प्रत्याशी अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

# दीपावली की तैयारी: नगर उंटारी बाजार में लौटी रौनक

**सुबह से ही बाजारों में लगी रही भीड़**

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** दीपावली पर्व की शुरूआत धनतेरस से हो गई है। इसी क्रम में एक नवंबर को गोवर्धन पूजा और दो नवंबर को भाई दूज का त्योहार मनाया जाएगा। उत्साह और उमंग के इस त्योहार को मनाने की तैयारी शुरू हो चुकी है। नगर उंटारी के बाजार में रौनक लौट आई है, जहां लोग पर्व की खरीदारी में जुट गए हैं। सुबह से ही ग्राहकों की भीड़ बाजार में उमड़ रही है, जिससे दुकानदारों के चेहरे पर खुशी झलक रही है। इस बार दीपावली के लिए बाजार में अच्छी बिक्री होने के संकेत मिल रहे हैं। दुकानों की




सजावट भी शुरू हो गई है, और दीपावली से संबंधित दुकानों में भीड़ बढ़ती जा रही है। आने वाले दो-तीन दिनों में बाजार में और भी भीड़ उमड़ने की संभावना है, जो छठ पर्व तक बनी रहेगी। नगर पंचायत क्षेत्र के चेचरिया पुल के निकट यमुना ज्वेलर्स की दुकान में सोने, चांदी और सभी प्रकार के बर्तनों के साथ-साथ कूलर और फ्रिज उचित मूल्य पर उपलब्ध हैं। यमुना ज्वेलर्स के प्रोस्त्र्श्री३ङ्ग१२ कमलेश सोनी और अनुराग सोनी ने बताया कि उनके यहां सोने के सिक्के, चांदी के पुराने और नए सिक्के, तथा अन्य ज्वेलरी उचित दाम पर उपलब्ध हैं। यमुना ज्वेलर्स एवं अंशिका बर्तन पर कूलर, फ्रिज, और सोने-चांदी के सामान की खरीद पर ग्राहकों को उपहार भी दिया जाएगा। इस दीपावली पर नगर उंटारी का बाजार अपनी पूरी रौनक के साथ सज गया है, और ग्राहकों की खुशियों में चार चांद लगाने के लिए तैयार है।

# शॉट पुट प्रतियोगिता में प्रियांशी ने गोल्ड मेडल जीता




**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** टाउनशिप स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर की छात्रा प्रियांशी कुमारी ने मध्य प्रदेश के सतना जिले में अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में शॉट पुट फेंकने में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल हासिल की। उक्त प्रतियोगिता में देश के 11 क्षेत्र के खिलाड़ी भाग लिए। 14 साल प्रियांशी ने यह पुरस्कार प्राप्त की। गोल्ड मेडलिस्ट प्रियांशी कुमारी के भवनाथपुर पहुंचने पर प्रधानाचार्य शिव बालक प्रसाद सिंह, शिक्षक-शिक्षिकाओं व छात्राओं ने बैंड बाजा के साथ उसका स्वागत किया। सम्मान समारोह का शुभारंभ भारत माता और सरस्वती माता के चित्रों के समक्ष प्रियांशी कुमारी उपाध्यक्ष, पत्रकार सीताराम पाठक, सचिव अरविंद प्रताप सिंह, सेंगर प्रधानाचार्य शिव बालक प्रसाद सिंह, सत्य प्रकाश चौबे ने दीप प्रज्जवलित कर पुष्पांजलि किया। इस अवसर पर प्रियांशी कुमारी ने अपने अनुभव को बताया। समारोह के अध्यक्ष सीताराम पाठक, अरविंद प्रताप सिंह सेंगर,शिव बालक प्रसाद सिंह ने अपने अपने विचार व्यक्त करते हुए प्रियांशु सहित सभी छात्र-छात्राओं को

### शत प्रतिशत मतदान की दिलाई शपथ

**भवनाथपुर।** प्रखंड के बनसानी पंचायत भवन के पास मतदाताओं को जागरूक किया गया। शत प्रतिशत मतदान की दिलाई शपथ। अग्रगति संस्था द्वारा कार्य कर रहे बरडीहा, बिशुनपुरा, भवनाथपुर तीनों ब्लॉक के प्रखंड समन्वयक वीरेंद्र ठाकुर, ट्रेनर नेहा चौरसिया द्वारा मतदान के प्रति मतदाताओं को जागरूक करने, स्वच्छ व ईमानदार छवि वाले व्यक्ति को चुनने, क्षेत्र के प्रति समर्पित रहने वाले उम्मीदवार को वोट देने सहित अधिक मतदान करने के लिए मतदाताओं को जागरूक करने की शपथ दिलाई। मौके पर राजेश्वर पासवान, प्रेमचंद प्रसाद,रोजगार सेवक धर्मराज सिंह, रोहित मेहता, शम्भूनाथ ठाकुर, उमेश राम सहित कई ग्रामीण शामिल थे।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी कोषांगों की समीक्षा की, दिया निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** समाहरणालय स्थित सभागार में मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शेखर जमुआर ने विधानसभा आम निर्वाचन 2024 की तैयारी व अब तक विभिन्न कोषांगों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने विधानसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर गठित सभी कोषांगो के वरीय पदाधिकारी,नोडल पदाधिकारियों से एक-एक कर समीक्षा की। इनमें मुख्य रूप से पर्सनल व कंप्यूटराइजेशन सेल, इलेक्टोरल सेल एवं एश्ट मैनेजमेंट सेल, ट्रेनिंग सेल, लॉ एंड ऑर्डर सेल, कंप्लेन मॉनिटरिंग सेल, इलेक्शन एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग सेल, स्वीप सेल, आईटी सेल, एळढइर एवं पोस्टल बैलेट सेल, मीडिया एवं पब्लिसिटी सेल, मेटेरियल डिस्ट्रीब्यूशन सेल, कंट्रोल रूम एवं हॉटलाइन सेल, ऑब्जर्वर सेल, ट्रांसपोर्ट मैनेजमेंट सेल, ट्रेनिंग सेल, स्ट्रॉन्ग रूम सेल, एसएमएस मॉनिटरिंग एवं कम्यूनिकेशन प्लान सेल, जिला डॉक्यूमेंटेशन सेल, नॉमिनेशन एवं रिसीविंग सेल, एमसीएमसी सेल, वेलफेयर सेल एवं डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन सेल की एक-एक कर बिंदुवार समीक्षा की गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने उक्त कोषांगों के संबंधित नोडल ऑफिसर से किए जा रहे कार्यों की जानकारी लिया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सभी एसओपी का अनिवार्य रूप से सभी कोषांग के नोडल पदाधिकारी एवं अपने अधीनस्थ पदाधिकारी, कर्मियों को अनुपालन कराना सुनिश्चित करें। साथ ही सभी को सक्रिय भूमिका निभाते हुए सभी निर्देशों का अनुपालन करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। चिकित्सकीय व्यवस्था

# नए मतदाताओं के लिए जागरूकता अभियान आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह- उपायुक्त, गढ़वा, शेखर जमुआर की अध्यक्षता में विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत आज समाहरणालय के सभागार में कैम्पस एम्बेस्डर एवं कॉलेजों के नए वोटर्स के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ईवीएम, वीवीपीएटी, नैतिक मतदान और निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित विभिन्न महत्वपूर्ण एप्लीकेशन जैसे वोटर हेल्पलाइन ऐप, सी-विजिल ऐप, सक्षम ऐप, और डायल 1950 के बारे में जानकारी दी गई। नए मतदाताओं को नाम दर्ज कराने, नाम हटाने, सुधार करने और मतदाता पहचान पत्र को स्थानांतरित करने से संबंधित प्रक्रियाओं से भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम में 11 कॉलेजों के 21 कैंपस एम्बेसडर शामिल हुए। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी कैंपस एम्बेसडर और युवा वोटरों का




स्वागत करते हुए मतदान के दिन सक्रिय भागीदारी की अपील की। उन्होंने बताया कि पिछले एक वर्ष में लगभग 40 से 41 हजार नए युवा वोटरों को जोड़ा गया है और उन्हें प्रेरित किया कि अपने संबंधित बूथों पर मतदान प्रतिशत बढ़ाएं। स्वीप के नोडल पदाधिकारी, प्रमेश कुशवाहा ने नैतिक मतदान और वोटिंग के महत्व पर विशेष चर्चा की। कार्यक्रम में बताया गया कि मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदान अनिवार्य है। सभी नए मतदाताओं को प्रलोभनों से दूर रहकर नैतिक रूप से मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। उपस्थित सभी को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न ऐप्स के बारे में जानकारी दी गई, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया अधिक सुलभ और पारदर्शी बन सके। कार्यक्रम में एस. एस.जे.एस.एन. कॉलेज, गोपीनाथ सिंह महिला कॉलेज, वनांचल डेंटल कॉलेज, और अन्य संस्थानों के कैम्पस एम्बेसडर और नए वोटर उपस्थित रहे। सभी को मतदाता शपथ-पत्र के माध्यम से आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया।

## न्यूज बॉक्स

### धनतेरस पर सोना महल में ग्राहकों की भीड़

**मेदिनीनगर।** पलामू प्रमंडल के प्रसिद्ध ज्वेलरी शोरूम, थाना रोड स्थित सोना महल में धनतेरस के शुभ अवसर पर ग्राहकों की भारी भीड़ देखी गई। ग्राहक लंबे समय तक इंतजार कर अपनी खरीदारी करते हुए नजर आए। सोना महल के संचालक धनंजय सोनी और संतोष सोनी ने बताया कि इस धनतेरस पर लाइटवेट ज्वेलरी की मांग अधिक रही, और लोगों ने कम बजट में मनपसंद ज्वेलरी की जमकर खरीदारी की। इस दौरान, चांदी के सिक्कों की कीमत 1100 रुपये, विक्टोरिया सिक्के की कीमत 1400 रुपये, और 10 ग्राम सोने के सिक्के की कीमत 84,000 रुपये रही।




### मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर स्कूलों में चला मम्मी-पापा वोट दो अभियान

**केतार।** प्रखंड के सरकारी विद्यालयों के बच्चों ने मंगलवार को अभिभावकों को मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए प्रेरित किया। प्रखंड के नव प्राथमिक विद्यालय लोहरगाडा, प्राथमिक विद्यालय ताली, मध्य विद्यालय मुकुन्दपुर, उच्च विद्यालय परसोडीह,मध्य विद्यालय मुकुन्दपुर , मध्य विद्यालय केतार, मध्य विद्यालय परती सहित अन्य विद्यालयों के बच्चों ने अपने मम्मी पापा को पत्र लिखकर उनके संवैधानिक दायित्वों कि याद दिलाई। प्रखंड प्रशासन के निर्देश पर यह मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए एक दीया देश के नाम और मम्मी- पापा वोट दो कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और अभिभावकों ने सामूहिक रूप से लोकतंत्र के नाम पर एक दिया देश के नाम पर प्रज्जवलित किया व मम्मी-पापा को पत्र लिखा। पत्र के माध्यम से बच्चों ने मतदान के प्रति अभिभावकों को हमेशा जागरूक रहने का संदेश दिया है। मुकुन्दपुर मध्य विद्यालय के प्रभारी सहायक अध्यापक विजय कुमार सिंह ने बताया की सभी विद्यार्थी अपने घर जाकर अपने माता-पिता को पत्र देंगें और 13 नवंबर को अपने मतदान केन्द्रों पर जाकर वोट देने की अपील करेंगे। उन्होंने कहा जिस तरह देश का अच्छा नागरिक बनने के लिए पढ़ाई जरूरी है। उसी तरह लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिए शत-प्रतिशत मतदान आवश्यक है। मतदान करना संवैधानिक अधिकार है। मतदान लोकतंत्र को सुदृढ़ और मजबूत करता है। मौके पर बीपीएम रवि कुमार बैद्, शिक्षक राम प्रताप मेहता, प्रधानाध्यापक रामानंद प्रसाद, दीपक सिंह,सरिता देवी, शिवनाथ राम सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### भानू ने जन आशीर्वाद यात्रा का शुभारंभ किया

**धुरकी।** प्रखंड के टाटीदीरी व भंडार में मंगलवार को विधायक भानू प्रताप शाही जन आशीर्वाद यात्रा का शुभारंभ किया। यात्रा में प्रखंड के सभी बूथ अध्यक्ष व भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं को विधायक ने गमछा,टी शर्ट देकर सम्मानित किया। आशीर्वाद यात्रा में विधायक भानू प्रताप शाही ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा पांच गारंटी का वादा किया है। चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर गोगो दीदी योजना में हर एक महिलाओं लाभ दिया जाएगा। बेघर लोगों को आवास मुहैया कराया जाएगा। विधायक ने विपक्षियों पर कई तरह के कटाक्ष भी किया। कहा कि 5 साल मेहनत किया अब आप लोगों की बारी है। मौके मंडल अध्यक्ष प्रताप जायसवाल, इंद्रमणि जायसवाल, संतोष जायसवाल दीपक सिंह, तेजू कोरवा दामोदर जायसवालसहित सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।

### 31 को मनाई जाएगी लौह पुरुष पटेल की 150वीं जयंती



**खरौंधी।** खरौंधी प्रखंड क्षेत्र के चौरियां में 31 अक्टूबर को लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। कुर्मी महासभा के जिला महासचिव गोरखनाथ चौधरी ने प्रेस वार्ता में बताया कि इस कार्यक्रम में समाज के प्रतिष्ठित, स्वास्थ्यकर्मी, स्वास्थ्य सहिया, जल सहिया, शिक्षक, सामाजिक व्यक्ति, और जेएसपीएल समूह की सभी महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। यह कार्यक्रम हर वर्ष आयोजित होता है। इस बार मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त डीआईजी संजय रंजन सिंह और विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. कुमार निशांत सिंह सर्जन, परमेश्वरी मेडिकल सेंटर से शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि सरदार पटेल के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। सरदार पटेल ने देश को एकता के सूत्र में बांधने का काम किया था। समाज के अंतिम व्यक्ति तक उनके विचारों को पहुंचाने का संकल्प लेते हैं। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन होगा। मौके पर प्रहलाद चौधरी, बैजनाथ चौधरी, चंद्रमन चौधरी, शिवकुमार चौधरी और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# विद्यालयों में मना आयुर्वेद दिवस, बच्चों को दी गई ज्ञान

**खरौंधी।** प्रखंड के सभी विद्यालयों में मंगलवार को आयुर्वेद दिवस (धन्वंतरि दिवस) का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर उत्क्रमित मध्य विद्यालय मझिगावां में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें शिक्षक राजीव कुमार ने विद्यार्थियों को आयुर्वेद के महत्व और इसके दैनिक जीवन में उपयोगिता के बारे में विस्तार से समझाया। राजीव कुमार ने बच्चों को बताया कि आयुर्वेद केवल उपचार की प्रणाली नहीं है, बल्कि यह एक स्वस्थ जीवन शैली का मार्ग भी प्रदान करता है। उन्होंने आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों, खान-पान में संतुलन, तथा स्वस्थ दिनचर्या के लाभों पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार आयुर्वेदिक पद्धति न केवल बीमारियों के उपचार में सहायक है, बल्कि बीमारियों की रोकथाम में भी अहम भूमिका निभाती है। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में आयुर्वेद के प्रति रुचि बढ़ाना, भारतीय चिकित्सा प्रणाली के प्रति जागरूकता फैलाना और स्वस्थ जीवन जीने की प्रेरणा देना था। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने आयुर्वेद के विभिन्न पहलुओं के बारे में प्रश्न पूछे और इस विषय पर गहरी समझ विकसित की।मौके पर शिक्षक अरविंद कुमार गुप्ता,राजेंद्र सिंह,इंद्रमण प्रसाद यादव सहित सभी स्कूली बच्चे उपस्थित थे।



# विधानसभा चुनाव: 60 बूथों पर 8 सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात होंगे

**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई।** विधानसभा चुनाव को लेकर प्रखंड में तैयारी पूरी कर ली गई है। इसके लिए 60 बूथ और आठ सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ मतदान कर्मियों को ठहरने के लिए प्रखंड में 36 सरकारी विद्यालय भवन की व्यवस्था की गई है। विधानसभा चुनाव में 51829 मतदाता भाग लेंगे, जिसमें 24,953 महिला, 26,876 पुरुष मतदाता हैं। प्रखंड के संवेदनशील बूथों को भी चिन्हित किया गया है। उनमें 13 बूथ शामिल है। उसके तहत रारो पंचायत का बूथ नंबर 473, 474, 475, 476, पचोर पंचायत के सूअर्जांघा गांव का बूथ नंबर 478, 479, सोनेहरा पंचायत का बूथ नंबर 490, 491, 492 ,493, करके पंचायत का बूथ नंबर 496 ,497, 498 शामिल है। बीडीओ देवलाल करमाली ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में बताया कि 13 नवंबर को संपन्न होने वाले विधानसभा चुनाव का प्रखंड में पूरी तैयारी कर ली गई है। बीडीओ ने कहा कि मतदान केंद्रों पर साफ-सफाई बिजली एवं पेयजल की, समुचित व्यवस्था को लेकर संबंधित विद्यालय के प्राचार्य को



निर्देश दिया गया है। इस बार चुनाव में क्लस्टर की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। सभी मतदान कर्मी उपलब्ध कराए गए 36 सरकारी भवनों मे रात्रि विश्राम करेंगे और उसके बाद मतदान के दिन सुबह अपने-अपने मतदान केंद्रों के लिए निकलेंगे। सभी बूथों पर अंदर और बाहर दो-दो सीसीटीवी कैमरे लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मतदान के दौरान इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में किसी भी तरह की तकनीकी गड़बड़ी आ जाने पर तुरंत स्ट्रांग रूम से वहां पर दूसरा इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का व्यवस्था कर दिया जाएगा।

### कांग्रेस कार्यकर्ता भाजपा में शामिल

**खरौंधी।** भाजपा प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल होने वाले नेताओं का स्वागत किया गया। भवनाथपुर विधानसभा प्रभारी नरेंद्र कुमार पांडेय ने कांग्रेस के कई कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हुए। उनमें राजेश कुमार रजक, प्रमोद चौधरी, बाबूलाल यादव, राहुल कनौजिया को माला पहनाकर तथा पार्टी का पट्टा देकर सम्मानित किया। विधानसभा प्रभारी ने कहा कि पूरे विधानसभा से 50 से 60 कार्यकर्ता कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए हैं, जिससे पार्टी की मजबूती बढ़ी है। कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए राजेश कुमार रजक ने कहा कि भवनाथपुर विधानसभा के सभी प्रखंड अध्यक्ष और 20 सूत्री अध्यक्ष अब भाजपा में शामिल हो गए हैं। मौके पर मंडल अध्यक्ष संध्याकार विश्वकर्मा, विधायक प्रतिनिधि उपेन्द्र दास, वरिष्ठ भाजपा नेता रामकृपाल द्विवेदी, अरुण कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह, आजसू नेता गोरखनाथ चौधरी, बुद्धनाथ गुप्ता, कृष्ण यादव, आनंद चौधरी, क्लामुद्दीन अंसारी, सुनील रोशन, अमित रंजन, पंकज कुमार बैठा, सत्येंद्र प्रसाद यादव, सहित कई लोग उपस्थित थे।

# ऑब्जर्वर ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

**मझिआंव।** विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के मझिआंव,बरडीहा व कांडी प्रखंड के कई मतदाता केंद्रों का निरीक्षण चुनाव ऑब्जर्वर आनंद पटेल ने मंगलवार को किया। उन्होंने कहा कि अंतर राज्यीय जिला व अंतर जिला चेक पोस्टों पर गहनता से सभी वाहनों की जांच पड़ताल करने का निर्देश दिया। आचार संहिता किसी भी हालत में उलंघन नहीं हो, इसके लिए 24 घंटा सचेत रहने का निर्देश दिया गया। एफएसटी की टीम व एसएसटी की सभी टीमोंद्वारा की गई कारवाई के बारे में गहनता से जानकारी ली। दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी को निर्देश दिया। इसके आलावा एफएसटी टीम को कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। बैठक में मझिआंव प्रखंड के बीडीओ कनक, बरडीहा प्रखंड सह कांडी प्रखंड बीडीओ सह सीओ राकेश सहाय,थाना प्रभारी आकाश कुमार,बरडीहा थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिंह, कांडी थाना प्रभारी गुलशन कुमार सभी सेक्टर दंडाधिकारी पुलिस पदाधिकारी एफएससटी, बीएलओ पर्यवेक्षक, बीपीआरओ परमानंद प्रसाद सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

**विस चुनाव 2024**

# मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

## लोकतंत्र को मजबूत बनाने व लोगों को अपने मताधिकार का प्रयोग के लिए किया प्रेरित




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** विधानसभा चुनाव में अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें इसके मद्देनजर जोरशोर से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अभियान को सफल बनाने के लिए सरकारी तंत्र,राजनीतिक दल, तथा सामाजिक संगठनों के साथ विद्यालय के शिक्षक, विद्यार्थी भी अपनी सहभागिता निभा रहें हैं। मंगलवार को मेराल प्रखंड मुख्यालय स्थित एसडी मेमोरियल एकेडमी के छात्र-छात्राओं ने रंगोली के माध्यम से लोकतंत्र को मजबूत बनाने व लोगों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। रंगोली के सामने विद्यार्थियों द्वारा वोट फॉर डेमोक्रेसी लिखा गया था। विद्यार्थियों ने बताया कि झारखंड में विधानसभा चुनाव होना है। चुनाव में सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें और उन्हें प्रेरित करने के लिए ने ऐसा लिखा गया है। रंगोली प्रतियोगिता में वर्ग 3 से वर्ग 8 के विद्यार्थी शामिल थे, जिनमें रानी कुमारी, चंदा कुमारी, सनाया प्रवीण, वंदना सोनी, अमन विश्वकर्मा, आशु, आरिफ, अशरफ, सानू जैसवाल, चंदन, रवि रोशन, आदित्य, रवि रंजन, शबनम,फैजना नाज, राज प्रिया, अलिजा, आरसी,सना, काजल, दीपिका, आर्यन, ऋषिकांत, पंकज, आदर्श, कशिश प्रवीण, अनुराधा कुमारी, नंदिनी,साक्षी सुमन, दिव्या कुमारी, गोल्डी रानी, हर्षिता चौबे, पल्लवी, स्वाति कुमारी, दीपांजलि कुमारी, शिफा आरजू, दिव्या साहिल, आर्यन आनंद, शिवम समीर, आयुष, अंशु, हर्ष कुमार, मयंक, आरजू, प्रियांशु, लव कुश, प्रवीण, अक्षर प्रवीण, शिवानी कुमारी, सफिया प्रवीण, माया कुमारी, नेहा, दुर्गा कुमारी, कृति, अर्चना आदि शामिल थे।

### विद्यालय में दीप सजाओ प्रतियोगिता

**भवनाथपुर** डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल भवनाथपुर टाउनशिप में छात्र-छात्राओं के बीच विभिन्न वर्गो में दिया सजाओ प्रतियोगिता व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा तीन से 12 वीं तक की प्रत्येक वर्ग की छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया। बच्चों के इस उत्साह पूर्वक प्रतियोगिता में भाग लेने को देखकर प्राचार्य राजेंद्र सचदेवा ने कहा कि बच्चों को समूह में प्रतिभागी निभाने से एक संगठन के रूप में मिलकर काम करने की क्षमता बढ़ती है। सबकी अलग-अलग सोच एक साथ मिलकर किसी भी काम को कितना सुंदर बना सकते हैं, इस भाव का विकास होता है। बच्चों द्वारा बनाई गई रंगोली बहुत ही आकर्षक थी। दिया सजाओ प्रतियोगिता में छोटे-छोटे मिट्टी के दीपों को इतने सुंदर तरीके से बच्चों ने सजाया था कि उसकी सुंदरता देखते ही बनती थी। बच्चों ने इस प्रकार के प्रतियोगिताओं को आयोजित करने के लिए विद्यालय प्रबंधन को धन्यवाद दिया।



## एक नजर

### पुलिस ने हत्या आरोपी को भेजा जेल

**गिद्धौर (चतरा)।** थाना क्षेत्र के द्वारी जोकाही से पुलिस ने मंगलवार को पत्नी के उपर किरोसीन छिड़क कर आग लगा कर हत्या करने के आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी जोकाही गांव के मोहन राम के पुत्र सुनील राम बताया जा रहा है। थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि आरोपी के उपर अपनी पत्नी स्मिता कुमारी पर किरोसीन छिड़क कर आग लगा कर हत्या करने का आरोप है। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत भेज दिया गया।

### एक को जतरा मेला का आयोजन

**बारियातू।** प्रखंड के सीसीएल प्रभावित क्षेत्र अमरवाडीह फूलबसिया जतरा टांड में एक नवंबर को सोहराई जतरा मेला का आयोजन किया जायेगा। जहां आधुनिक व ठेठ नागपुरी कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। नागपुरी कार्यक्रम मे सिंगर पवन राजा का आगमन होगा। नृत्य कार्यक्रम भी किया जायेगा। सोहराई जतरा समिति फूलबसिया उर्फ अमरवाडीह द्वारा क्षेत्र के लोगों को जतरा मेला में भाग लेने की अपील की है।

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने वालिंटियरों के साथ बैठक की


**बारियातू।** प्रखंड कार्यालय सभागार परिसर में मंगलवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि की अध्यक्षता में सभी मतदान केंद्रों में प्रतिनियुक्त वालिंटियर के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में बारियातु प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत 50 मतदान केंद्रों के लिए 200 वॉलिंटियर उपस्थित हुए। बैठक के माध्यम से सभी वालंटियर को मतदान दिवस के दिन उनके दायित्वों का निर्वहन करने का निर्देश दिया गया।

### बालू संकट से अबुआ आवास योजना ठप, निर्माण कार्य प्रभावित, लाभार्थियों में निराशा

**गारू (लातेहार)।** प्रखंड में बालू की कमी के कारण अबुआ आवास योजना के तहत लाभुकों के घरों का निर्माण कार्य बाधित हो गया है। बालू की अनुपलब्धता से नीलम देवी, प्रमोद प्रसाद, निर्मला देवी, कलावती देवी, सुभाष कश्यप, सुषमा देवी, गीता देवी सहित गारू प्रखंड के कई लाभुक परेशान हैं। लाभुक अधूरे आवास को लेकर चिंता में हैं। इस स्थिति के चलते न केवल आवास निर्माण, बल्कि गारू प्रखंड के अन्य कई विकास कार्य भी ठप हो गया हैं। क्षेत्र के लोग बालू घाटों को चालू करने की मांग कर रहे हैं, ताकि जल्द कार्यों को गति मिल सके। जिले से गारू प्रखंड में धांगरटोला और रूद पंचायतों के बालू घाटों का आवंटन हुआ है, लेकिन अब तक इन्हें बालू घाटों को चालू करने का निर्देश जिले के अधिकारियों द्वारा नहीं मिला है। धांगरटोला पंचायत की मुखिया प्रभा देवी ने बताया कि बालू घाट चालू करने के लिए जिले से अब तक कोई आदेश प्राप्त नहीं हुआ है, जिसके कारण बालू की ढुलाई पर रोक लगी हुई है।

## धनतेरस : सजा बाजार, दुकानों पर दिखी ग्राहकों की भीड़

# सोना-चांदी, दो पहिया वाहनों और इलेक्ट्रॉनिक्स दुकानों से जगमगाया बाजार



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** दीपावली को लेकर जिला मुख्य शहर समेत जिले के विभिन्न प्रखंडों में धनतेरस पर लोगों ने पूजा सामग्रियों के साथ सोना चांदी के सामानों, दोपहिया वाहनों,इलेक्ट्रॉनिक्स सामग्रियों की जमकर खरीदारी की। मौके पर दुकानदारों ने ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए अपनी दुकानों को काफी आकर्षक ढंग से सजाया था। था। सामानों की खरीदारी के लिए दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ इस कदर उमड़ी कि पास की सड़कों पर जाम की स्थिति बन गई। इससे आम लोगों को सड़कों से गुजरने में काफी परेशानी उठानी पड़ी। धनतेरस पर लोगों ने बड़े उत्साह के साथ चांदी के पुराने सिक्के, लक्ष्मी गणेश की मूर्ति, सोना चांदी के सामान,पीतल के बर्तन,वाशिंग मशीन,फ्रिज, कूलर,एसी,टीवी,हीटर,आरओ मशीन आदि इलेक्ट्रॉनिक्स सामानों की खरीदारी की। विभिन्न ऑटोमोबाइल कंपनियों द्वारा भारी छूट दिए जाने के कारण बाइक की खरीदारी के लिए ऑटोमोबाइल दुकानों पर अधिक भीड़ देखी गई। ऑटोमोबाइल में बाईक की खरीदारी पर छूट के साथ दीपावली गिफ्ट दी जा रही हैं। विभिन्न फल और मिठाइयों की दुकान पर भी ग्राहकों की अधिक भीड़ और लोग मिट्टी के दीये की बिक्री जोरो पर हैं। वहीं मान्यता के मुताबिक बुरी शक्तियों को भगाने के लिए खासकर महिलाओं ने शगुन के तौर पर सबसे अधिक झाड़ू खरीदे। ऐसी मान्यता है कि धनतेरस के दिन सामानों की खरीदारी करना काफी शुभदायक होता है।शहर के कारोबारी की माने तो धनतेरस पर लातेहार में करीब करोड़ का करोबार होता हैं। नतीजतन धनतेरस बाजार में माहौल काफी चहल-पहल रहा।

### धनतेरस के अवसर पर ग्रहाकों ने जमकर की खरीददारी



**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय सहित मंगलवार को धनतेरस के दिन लोगों ने जमकर खरीदारी की। बारियातू प्रखंड के सभी नौ पंचायत शिबला, गोनिया, बालूभांग, डाढ़ा, फूलसु, टोंटी, अमरवाडीह, साल्वे पंचायत के लोगों ने धनतेरस के अवसर पर खूब खरीदारी किया। बाताया जाता है कि धनतेरस में कोई भी सामग्री खरीदना शुभ मना जाता है। पिछले साल से इस बार का बाजार अच्छा रहा। धनतेरस को लेकर मंगलवार सुबह से ही बाजारों में लोगों की चहल-पहल देखी गई। दोपहर होते-होते बाजारों में लोगों की भीड़ बढ़ने लगी। देर रात तक लोगों ने खरीदारी की। धनतेरस के मौके पर लोगों ने इलेक्ट्रॉनिक सामान, सोना व चांदी के आभूषण, सिक्का, गणेश लक्ष्मी की प्रतिमा तथा विभिन्न प्रकार के बर्तन समेत अन्य सामान की जमकर खरीदारी की गई। महिलाओं ने स्टील के बर्तनों की खरीदारी की। डिनर सेट, ग्लास सेट, चमच सेट, फैंसी जग, डिजाइनदार थालियां, कप सेट, बाल्टी, पूजा की थाली, थर्मस आदि की ज्यादा डिमांड रही। धनतेरस के मौके पर झाड़ू खरीदने की परंपरा के मद्देनजर सभी चौक चौराहों पर झाड़ू की दुकानें सजी हुई थी। लोगों ने जमकर झाड़ू की खरीदारी की।

## हिन्दू महासभा इस वर्ष भी लागत मूल्य पर करेगा छठ सामाग्री का वितरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़।** चार दिवसीय लोक आस्था का महापर्व इस वर्ष आगामी 5 नवंबर मंगलवार को नहाय खाय के साथ शुरू हो रहा है। यह जानकारी महुआडांड़ दुर्गा बाड़ी के पुरोहित पंडित सर्वेश पाठक ने दी। उन्होंने बताया कि 6 नवंबर दिन को खीर, 7 नवंबर को भगवान भास्कर को प्रथम अर्घ्य व 8 नवंबर को भगवान भास्कर को प्रातः अर्घ के साथ छठ महापर्व संपन्न हो जाएगा। छठ वर्तियों के लिए महुआडांड़ हिन्दू महासभा लागत मूल्य पर सामग्री का वितरण करेगा। स्थानीय दुर्गा बाड़ी परिसर में महापर्व छठ पूजा को लेकर महुआडांड़ हिन्दू महासभा की ओर इस वर्ष भी गुरूवार से छठ व्रतीयों के लिए लागत राशि पर व गरीब तबके के लोगों के लिए निःशुल्क में छठ पूजा की सामग्री का वितरण किया जाएगा। हिंदू महासभा के अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने बताया कि यदि कोई छठव्रती की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है, या कोई निःशुल्क में सामग्री प्राप्त करना चाहते है तो उन्हे भी हिन्दू महासभा सामग्री उपलब्ध करायेगा। प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी पूर्व महुआडांड़ प्रखंड उपप्रमुख सरिता जायसवाल की ओर से उनके आवास पर छठ व्रतियों के लिए निःशुल्क आम का लकड़ी वितरण किया जायेगा। खीर के दिन छठ व्रतियों के लिए हलवाई समाज की ओर से निःशुल्क दूध का वितरण किया जायेगा।

# धनतेरस पर देर रात तक होती रही खरीददारी, प्रशासन अलर्ट



**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** धनतेरस के अवसर पर चंदवा बाजार गुलजार रहा। लोगों ने जमकर खरीददारी की। दो पहिया वाहन, इलेक्ट्रॉनिक्स, बर्तन, सरार्फा, मोबाइल फोन और मिठाई के प्रतिष्ठानों में खूब भीड़ उमड़ी। ऑटो मोबाइल्स सेक्टर में करीब एक करोड़ का व्यापर हुआ। करीब सैकड़ो दो पहिया वाहनों की बिक्री हुई। इस बार बाजार पर लक्ष्मी मेहरबान रही है। इलेक्ट्रानिक सामान के व्यवसायी इस अनोखे अवसर को भुनाने में कोई कोताही नहीं बरत रहे। मोबाइल, टीवी, म्यूजिक सिस्टम आदि की दुकान पर भी ग्राहकों की भीड़ देखी गई। संभावित मांग के मद्देनजर दुकानदारों ने खास रेंज के सामान मंगा रखे हैं। बाजार में दोपहर से ही ग्राहकों का आवागमन शुरू हो गया था। ऑटो मोबाइल्स और सर्राफा बाजार में पहले से बुकिंग हो चुकी थी। इसलिए लोगों ने मुहूर्त के अनुसार डिलीवरी ली। वहीं भीड़ भाड़ से बचने के लिए कई लोगों ने ऑनलालन बेवसाइटों से घर बैठे खरीदारी की। ऑनलाइन खरीदारी करने वाले अनेक लोग मायूस भी हुए, क्योकिं समय पर उनकी डिलिवरी नहीं आई। शहर के विभिन्न दुकानों में लगे पटाखा बाजार में भी खरीदारों की भीड़ उमड़ी। धनतेरस पर लोगों ने भी जमकर पटाखों की खरीदारी की। देर रात तक बाजार मे लोगो की भारी भीड़ देखी गई।

## न्यूज बॉक्स

### दो बाइक की टक्कर में चार घायल, दो रिम्स रेफर

**बालूमाथ।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बालूमाथ बालूमाथ मार्ग पर मंगलवार को ओल्हेपाट ग्राम के समीप दो बाइककी आमने-सामने टक्कर में चार बाइक सवार घायल हो गए हैं। घायलों को राहगीरों की मदद से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। मिली जानकारी के अनुसार एक बाइक में सवार होलंग बालूमाथ निवासी वशिक मियां, इमरोज, ईदुल बालूमाथ सप्ताहिक आ रहे थे। दूसरा बाइक सवार नागेन्द्र उरांव डहु बड़गांव बालूमाथ की ओर से तुबेद कोलियरी जा रहा था। इस दौरान दोनों बाइक में आमने-सामने टक्कर होने से सभी घायल हो गए। स्थानीय राहगीरों के सहयोग से सभी घायलों को एंबुलेंस की सहायता से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। घायलों की इलाज डॉक्टर सुरेंद्र कुमार ने की। घायल में वशिक मियां, नागेन्द्र उरांव की स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए डॉक्टर ने रांची रेफर कर दिया। बता दें कि इस क्षेत्र में सड़क दुर्घटना प्रतिदिन होते रहती है।

### बीएलओ को पोल डे मैनेजमेंट व पीडीएमएस ऐप की दी गई जानकारी

**बारियातू।** प्रखंड कार्यलय सभागार परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार पासवान व अंचलाधिकारी नंद कुमार राम के संयुक्त अध्यक्षता में सभी बीएलओ के साथ बैठक की गई। बैठक मे सभी बीएलओ को आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर निर्देश दिया गया। मतदाताओं को मतदान करने को लेकर जागरुक करने का की बात कही गयी। बीएलओ को पोल डे मैनेजमेंट एप के बारे में जानकारी देकर प्रशिक्षण दिया गया। पीडीएमएस ऐप से संबंधित सभी बीएलओ को विस्तृत जानकारी दी गई। मौके पर काफी संख्या मे बीएलओ उपस्थित थे।

### अवैध बालू लदे चार ट्रैक्टर जब्त, बालू माफियाओं में हड़कंप

**गिद्धौर (चतरा)।** पुलिस ने बालू माफियाओं के विरुद्ध मंगलवार की सुबह बड़ी कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के पेक्सा बेलगाछ के समीप से अवैध बालू लदे चार ट्रैक्टर को जब्त कर लिया। ट्रैक्टर जब्त की खबर से बालू माफियाओं में हड़कंप मच गया। थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि सूचना मिली थी कि इटखोरी चौपारण भाया चतरा सड़क द्वारा बड़े पैमाने पर बालू की अवैध तस्करी की जा रही है। सूचना के आलोक में मंगलवार की सुबह करीब 3 बजे छापेमारी अभियान चलाया गया। इस क्रम में इटखोरी की ओर से आ रहे अवैध रूप से बालू लदे चार ट्रैक्टर को जब्त कर लिया गया। बताया जाता है कि इस मार्ग से प्रत्येक दिन सैकड़ों अवैध रूप से बालू लदे ट्रैक्टर गुजरता है। बालू चतरा सहित अन्य गांव में आपूर्ति की जाती है। सभी जब्त ट्रैक्टर इटखोरी थाना क्षेत्र के सहरेता गांव का बताया जा रहा है। पुलिस जब्त ट्रैक्टर के विरुद्ध करवाई कर रही है। दूसरी ओर अवैध रूप से बालू लदे ट्रैक्टर जब्त होने की खबर से बालू माफियाओं में हड़का व्याप्त है।

### मतदान केंद्रों पर व्यवस्था सुदृढ़ करने को लेकर बीडीओ ने की बैठक



**चंदवा।** विधानसभा चुनाव को लेकर जिले में मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी के साथ मतदान केंद्रो में विधि व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने को लेकर हर संभव प्रयास किया जा रहा है। इस को लेकर मतदान के दिन पोलिंग बूथों पर विधि व्यवस्था को सुदृढ़ करने को लेकर मंगलवार को सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ चंदन प्रसाद ने सभी बीएलओ एवं वालेंटियर के साथ वीसी प्रशिक्षण कार्यक्रम किया। प्रशिक्षण के दौरान बीडीओ ने बीएलओ एवं वालेंटियर को पीडीएमएस पोर्टल की संपूर्ण जानकारी दी। बीडीओ ने कहा कि निर्वाचन का काम काफी दायित्व पूर्ण कार्य है, इसलिए सभी को अपने दायित्वों का निर्वहन शत प्रतिशत करना है। बैठक में नोडल पदाधिकारी लव कुमार पासवान,कृषि पदाधिकारी मनीष पांडेय,सभी पर्यवेक्षक,बीएलओ, वॉलिंटियर्स,कंप्यूटर ऑपरेटर किशन कुमार,रोहित मेहता, अमित कुमार,अनिल समेत कई अन्य मौजूद थे।

## विधानसभा चुनाव को लेकर पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



**गिद्धौर (चतरा)।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मंगलवार को पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च थाना परिसर से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गो से गुजरा। फ्लैग मार्च का नेतृत्व थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता कर रहे थे। इस क्रम में ग्रामीणों व मतदाताओं को मतदान को लेकर जागरूक किया। साथ ही शांतिपूर्ण मतदान प्रक्रिया को पूर्ण कराने में योगदान देने की अपील की। थाना प्रभारी ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में मत का दान करना अपने अधिकार क्षेत्र में आता है। 18 वर्ष से उपर सभी मतदाताओं को इस लोकतंत्र की महापर्व में भाग लेना चाहिए। मतदान से लोकतंत्र मजबूत होता है। एक मजबूत सरकार का गठन होता है। उन्होंने मतदाताओं व ग्रामीणों से लोकतंत्र के महापर्व में शांतिपूर्ण तरीके से भाग लेने की अपील की। किसी के बहकावे व लोभ लालच में न पड़ने का आह्वान किया। फ्लैग मार्च में करीब तीन दर्जन पुलिस के जवान शामिल थे।

### अवैध बालू लदे तीन ट्रैक्टर जब्त

**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया अंचल क्षेत्र में सीओ गौरव कुमार राय के नेतृत्व में मंगलवार को गुप्त सूचना पर छापामारी कर अवैध बालू लदे तीन ट्रैक्टर जब्त कर कार्रवाई की गई। अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त कर फाईन के लिए खनन विभाग को पत्र भेज गया है। सीओ ने बताया कि एक ट्रैक्टर शिला से और 2 ट्रैक्टर बेलगड्डा से जब्त किया गया। सीओ के लगातार कारवाई से बालू माफियाओं में भय व्याप्त है। इधर पुलिस ने शांति व्यवस्था को लेकर निकाली गई फ्लैग मार्च, लोगों से की गई शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील।

### 6 किलो चांदी व 43.6 ग्राम सोना बरामद, सील कर जमा किया गया ट्रेजरी में

**सिमरिया (चतरा)।** विधान सभा चुनाव 2024 को लेकर सिमरिया प्रखंड के विभिन्न मार्गों पर पुलिस व प्रशासन द्वारा सघन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार शाम एनएच 522 सिमरिया हजारीबाग रोड में टुटीलावा के पास वाहन जांच के क्रम में बाइक पर सवार एक व्यक्ति के पास से 6 किलो चांदी और 43.6 ग्राम सोना बरामद किया गया है। बरामद सोना व चांदी के बाबत वैध दस्तावेज नहीं दिखाने के कारण, जब्त जेवर को सील कर ट्रेजरी में फिलहाल जमा करा दिया गया है। यह सोना चांदी कहां ले जाया जा रहा था और क्यों ले जा रहा था, इसकी जांच प्रशासनिक स्थतर पर जारी है। जांच टीम में प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद, अंचलाधिकारी गौरव कुमार राय के अलावा पुलिस कर्मी शामिल थे।


**समाहरणालय,गढ़वा**
**स्वीप कोषांग, गढ़वा**
**आम सूचना**

आम जनों को सूचित किया जाता है कि, विधानसभा आम निर्वाचन, 2024 के निमिति **SVEEP** कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता हेतु जिला स्तर पर दिनांक – 09.11.2024 (दिन–शनिवार) को समय 4:00 बजे अपराह्न से टाउन हॉल गढ़वा के प्रागंण में **Garhwa SVEEP Concert** का आयोजन किया गया है, जिसमें गढ़वा जिले के हर वर्ग के लोग प्रतिभागी के रूप में भाग ले सकते है। जिसका विशय है मतदान की तिथि 13 नवम्बर 2024 को "मतदान अवश्य करें और अपने गढ़वा को गौरवान्वित करें"।

उक्त आयोजित **Garhwa SVEEP Concert** में गीत–संगीत, नृत्य, नाटक का प्रदर्शन कर सकते हैं। उक्त **Concert** में अच्छा प्रदर्शन करने वाले 3 प्रतिभागियों/ग्रुप को जिला प्रशासन, गढ़वा की ओर से पुरस्कृत किया जायेगा। साथ ही भाग लेने वाले प्रतिभागी दिनांक – 08.11.2024 को नये समाहरणालय भवन, गढ़वा (कल्याणपुर) के द्वितीय तल पर कमरा नम्बर – 317 (जिला पंचायत राज कार्यालय, गढ़वा) स्वीप कोशांग, गढ़वा में आकर अपना/अपने ग्रुप का नाम दर्ज करा सकते हैं।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी–
सह– उपायुक्त, गढ़वा।

PR 339658 Garhwa(24-25)D



**कार्यालय; नोडल पदाधिकारी, सेवा मतदाता–सह–डाक मतपत्र कोषांग –सह– निदेशक, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, पलामू।**

**आम सूचना**

विधान सभा आम चुनाव–2024 के अन्तर्गत निर्वाचन कार्य में संलग्न पदाधिकारियों/कर्मी को सुविधा केन्द्र (FC) एवं PVC केन्द्रों पर पोस्टल बैलेट से मतदान कराया जाना है। फलतः इस विज्ञापन के माध्यम से पलामू जिला अन्तर्गत विधान सभा क्षेत्र संख्या– 75–पांकी, 76–डालटनगंज, 77–विश्रामपुर ,78–छत्तरपुर, 79–हुसैनाबाद एवं अन्य जिला अन्तर्गत विधान सभा के वैसे मतदाता जो निर्वाचन कार्य में संलग्न है एवं उनके द्वारा प्रपत्र–12 एवं 12D समर्पित किया गया है, को सूचित किया जाता है कि नीचे अंकित तिथि एवं स्थान पर ससमय उपस्थित होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

| क्र0 | मतदान केन्द्र का स्थान | मतदाता का प्रकार | मतदान की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | नीलाम्बर–पीताम्बर विश्वविद्यालय (जी0एल0ए0 कॉलेज) | सुविधा केन्द्र (Facilitation Centre) | 03.11.2024 से 06.11.2024 तक |
| 2 | पुलिस लाईन, मेदिनीनगर | | 07.11.2024 से 08.11.2024 तक<br>15.11.2024 से 16.11.2024 तक |
| 3 | DEO कार्यालय, पलामू। | | 07.11.2024 से 08.11.2024 तक<br>15.11.2024 से 16.11.2024 तक |
| 4 | JAP-08, लेस्लीगंज | | 07.11.2024 से 08.11.2024 तक<br>15.11.2024 से 16.11.2024 तक |
| 5 | RO/Police कार्यालय, हुसैनाबाद | | 09.11.2024 |
| 6 | RO/Police कार्यालय, छतरपुर | | 09.11.2024 |
| 7 | RO/Police कार्यालय, विश्रामपुर | | 09.11.2024 |
| 8 | DEO कार्यालय, पलामू। | PVC For Essential Service | 09.11.2024 से 10.11.2024 तक |

नोडल पदाधिकारी,
सेवा मतदाता–सह–डाक मतपत्र कोषांग
–सह–निदेशक जिला ग्रामीण विकास अभिकरण,
पलामू।

PR 339668 (District) 24-25 (D)


### स्वीप के तहत उत्क्रमित उच्च विद्यालय में पौधरोपण अभियान चलाया

# मतदान के प्रति जागरूकता के लिए मतदाता शपथ ग्रहण




**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** विधानसभा आम निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने व चुनावी जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उत्क्रमित उच्च विद्यालय चंदनडीह, लातेहार में स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत पौधरोपण अभियान चलाया गया। 74 लातेहार विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रतिनियुक्ति सामान्य प्रेक्षक, कुमार प्रशांत, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रवेश अग्रवाल, आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह ने पौधरोपण कर मतदाताओं को नैतिक मतदान करने का संदेश दिया। सामान्य प्रेक्षक कुमार प्रशांत ने कहा कि चुनावी जागरूकता को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता के अनुरूप आज स्वीप के तहत पौधरोपण अभियान चलाया जा रहा है। यह हरित पहल मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदाताओं के विभिन्न वर्गों को आकर्षित करती है। यह आयोजन केवल पेड़ लगाने के बारे में नहीं है, यह हमारे पर्यावरण और हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों दोनों को पोषित करने की हमारी प्रतिबद्धता का भी प्रतीक है। आगे उन्होने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि इस विधानसभा चुनाव में सभी मतदाता मतदान के लिए बढ़चढ़ कर हिस्सा लें। साथ ही दूसरों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने बताया कि इस बार विधानसभा आम निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान करने का लक्ष्य रखा गया है। सभी की भागीदारी से ही लक्ष्य को हासिल करने के साथ मजबूत लोकतंत्र का निर्माण संभव है। इसलिए मतदातन तिथि 13 नवंबर को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने कहा कि स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत आम जनमानस की सहभागिता को बढ़ावा देने और यह सुनिश्चित करने के लिए समर्पित है कि प्रत्येक पात्र मतदाता अपने अधिकारों और जिम्मेदारियों के बारे में जागरूक हो। पर्यावरण प्रयासों को मतदाता शिक्षा के साथ जोड़कर, इसका उद्देश्य अधिक जागरूक और सहभागी समुदाय बनाना है। उन्होने कहा कि लातेहार जिला अंतर्गत लातेहार विधानसभा क्षेत्र व मनिका विधानसभा क्षेत्र में 13 नवंबर को मतदान निर्धारित है। इस दिन अपने घरों से निकलें और अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए नैतिक मतदान करें। दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने मौके पर उपस्थित सभी पदाधिकारी और छात्र छात्राओं को नैतिक मतदान करने की शपथ दिलाई। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा, स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अल्का हेंब्रम, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत राजीव रंजन, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, जेएसएलपीएस डीपीएम संतोष कुमार उपस्थित थे।

# दीपावली पर पटाखों की खरीदारी करने में जुटे लोग

## बाजार में 5 रुपये से 10 हजार तक के पटाखे उपलब्ध

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
जिले में दीपावली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाने के लिए लोग बड़े ही उत्साह के साथ पटाखों की खरीदारी कर रहे हैं. शहरी क्षेत्र समेत ग्रामीण इलाकों में पटाखों की दुकान सज गई है। शहर के प्रमुख चौक चौराहों पर पटाखों की दुकान सजी है। वही थोक विक्रेता की दुकान शहर में दो है। जो शहरी क्षेत्र के भट्ठी ढलान मोड़ पर स्थित है। पटाखा दुकान में आकर्षक रंग-बिरंगे पटाखे सजी हुई हैं। इस बार 5 से 20 रुपये में मिलने वाली फुलझड़ी, चकरी, और अनार जैसे पटाखे लोगों को आकर्षित कर रहे हैं। न केवल लोहरदगा शहरी क्षेत्र बल्कि आसपास के गांव से भी लोग पटाखे खरीदने पहुंच रहे हैं। बाजार में पटाखों की कीमतें 5 से शुरू होकर 10000 तक की रेंज में हैं, जिससे हर वर्ग के लोग अपनी पसंद और बजट के अनुसार खरीदारी कर सकते हैं। फुलझड़ी और चकरी जैसे रंग-बिरंगे पटाखे, जो करीब 2 मिनट तक जलते हैं, यहां केवल 5 से 10 रुपये में मिल रहे हैं।




### ग्रीन पटाखों की लोकप्रियता बढ़ी

दीपावली के दौरान बढ़ते प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए ग्रीन पटाखों की मांग तेजी से बढ़ी है। इस बार दुकानदारों के पास पर्यावरण को कम से कम नुकसान पहुंचाने वाले ग्रीन पटाखे उपलब्ध हैं। ये पटाखे सामान्य पटाखों के मुकाबले कम धुएं और आवाज करते हैं, जिससे पर्यावरण पर इनका कम प्रभाव पड़ता है। दुकानदारों का कहना है कि इस बार ग्रीन पटाखों की सबसे अधिक बिक्री हो रही है।

### जिला प्रशासन की गाइडलाइंस

बाजार में सभी दुकानदारों को जिला प्रशासन की ओर से जारी गाइडलाइंस का पालन करने का निर्देश दिया गया है. प्रशासन द्वारा आग और सुरक्षा से जुड़े सभी नियमों का पालन सुनिश्चित किया जा रहा है, जिससे ग्राहक सुरक्षित माहौल में खरीदारी कर सकें. बाजार में फायर सेफ्टी उपकरण भी लगाए गए हैं और दुकानदारों को अनिवार्य रूप से इन उपकरणों का प्रयोग करना सिखाया गया है।

# गोताखोरों की मदद से निकाले गए नदी में डूबे तीन बच्चों के शव

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा-लोहरदगा**
सेन्हा थाना क्षेत्र के नंदगांव स्थित कोयल नदी में नहाने के दौरान सोमवार को डूबे तीन स्कूली बच्चों का शव एनडीआरएफ टीम और स्थानीय गोताखोरों द्वारा 25 घंटे के बाद नदी से निकाला गया। काफी मशक्कत के बाद शव को प्रशासन द्वारा कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिये सदर अस्पताल भेज दिया गया. ज्ञात हो की सोमवार को चार बच्चे कॉलेज न जाकर सेन्हा थाना क्षेत्र के कोयल नदी स्थित नंदगाँव फार्म पहुंच गए। जहां नहाने के दौरान गहरे पानी में डूबने से तीन बच्चों की मौत हो गई। मंगलवार को तीनों शवों को बरामद कर लिया गया। गहरे पानी डूबने के कारण तीनों छात्रों की मौत हो गई। मृतक तीनों छात्रों की पहचान नीलकंठ महली, आयुष कुमार और नवनीत भगत के रूप में हुई है। तीनो लोहरदगा के ही रहने वाले थे और विद्या मंदिर प्लस टू स्कूल में ग्यारहवीं कक्षा में पढ़ाई करते थे। जिला प्रशासन ने बताया घटना के बाद टीम लगी हुई थी। लेकिन सफलता दूसरे दिन मिली सभी शवों को बरामद कर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया जाएगा और आगे की कार्रवाई की जायेगी। परिजनों को मुआवजा दिलाने की बात कही गई।





**दीपावली की पूर्व संध्या पर रंगोली एवं दीप सज्जा प्रतियोगिता का हुआ आयोजन**

# दीपावली स्वच्छता एवं प्रकाश का पर्व है, इसमें हम ज्ञान की ज्योति को जलाएं : सुरेश चंद्र पांडेय

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में दिवाली के पूर्व संध्या पर दीपावली महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता दीप सज्जा प्रतियोगिता एवं गमला पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडेय ने कहा दिवाली के अवसर पर हम ज्ञान की ज्योति को जलाएं। हमें अज्ञान रूपी अंधकार को भगाना है दिवाली प्रकाश का पर्व है। हमें भगवान राम के जैसा आदर्श एवं चरित्रवान बना है। विद्यालय के आचार्य त्रिलोचन ने कहा दीवाली भगवान राम के विजय उत्सव का पर्व है। हमें अपनी सनातन संस्कृति एवं सभ्यता की रक्षा करने का व्रत लेना है। बच्चे सावधानीपूर्वक पटाखा का प्रयोग करें। पटाखा का प्रयोग कम से कम करें एवं पर्यावरण की रक्षा का व्रत ले। भगवान गणेश एवं लक्ष्मी की पूजा पवित्रता एवं भक्ति पूर्वक करें इसके साथ ही सभी भैया बहनों को शुभ दीपावली एवं छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिए। इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य बंधु भगिनी उपस्थित रहे।






## न्यूज बॉक्स

### स्वीप कोषांग की ओर से फुटबॉल मैच का आयोजन



**लोहरदगा।** स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत युवा मतदाताओं और फ्यूचर मतदाताओं के लिए नदिया मुख्यमंत्री उत्कृष्ट उच्च विद्यालय लोहरदगा स्थित फुटबॉल मैदान में स्वीप कोषांग की ओर से फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। यह मैच वरीय पदाधिकारी स्वीप कोषांग-सह-जिला समाज कल्याण पदाधिकारी के नेतृत्व में विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए नामित डिस्ट्रिक्ट आइकॉन के रूप में क्रिकेट खिलाड़ी व कोच अमित कुमार की देख-रेख में खेला गया। मैच का उद्देश्य वहां मौजूद खिलाड़ियों, युवा मतदाताओं और भविष्य के मतदाताओ से मतदान की महत्ता बतायी गई। साथ ही अपने घरो में मौजूद अपने अभिभावकों/परिजनों से भी आगामी 13 नवंबर को मतदान करने की अपील की गई। मैच के उपरांत सभी को मतदाता शपथ भी दिलायी गई। मैच के उपरांत मतदान हेतु हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया और सेल्फी पॉइंट पर सेल्फी ली गयी।कार्यक्रम में स्वीप कोषांग की वरीय पदाधिकारी सीता पुष्पा, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद व स्वीप कोषांग की टीम मौजूद रही।

### लोहरदगा में दीपावली पर्व से संबंधित प्रतियोगिताओं का आयोजन

**लोहरदगा।** एमबी डीएवी विद्यालय, लोहरदगा में प्राचार्य जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में जूनियर डीएवी विद्यालय के प्रभारी शिक्षक अश्विन पात्रो द्वारा दीपावली महापर्व के अवसर पर उनसे संबंधित विविध प्रतियोगिताओं तथा रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन करवाया गया। दिवाली हमारे देश भारत के सबसे लोकप्रिय व महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है। दीपावली को प्रकाश का पर्व भी कहा जाता है यह अंधकार पर प्रकाश, अज्ञान पर ज्ञान और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है यह महापर्व हमारे देश की संस्कृति, सामाजिकता और सौहार्द को वैश्विक स्तर पर दशार्ता है। भारत में ही नहीं बल्कि संपूर्ण विश्व में भारतीय मूल के लोग इसे धूमधाम से मनाते हैं। इस दिन भगवान श्री राम 14 वर्ष का वनवास पूर्ण कर माता सीता व भाई लक्ष्मण के साथ अयोध्या वापस लौटे थे। इस खुशी को व्यक्त करने के लिए हम दीपावली मनाते हैं। आने वाली पीढ़ी को अपनी समृद्ध परंपराओं से अवगत करवाने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए कक्षा एलकेजी व यूकेजी के मध्य दीपावली आधारित पेपर लैंप्स और पेपर दिवाली रॉकेट बनाने की प्रतियोगिता तथा कक्षा पहली व दूसरी के विद्यार्थियों के मध्य वॉल हैंगिंग क्राफ्ट बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया।



### धनतेरस पर जमकर हुई दो पहिया वाहनों की बिक्री

**लोहरदगा।** इस बार दीपावली पर्व को लेकर लोगों में काफी उत्साह नजर आ रहा हैं। यही वजह हैं कि विगत दो दिनों में शहर के आटो मोबाईल शो रूम से अब तक 300 से ज्यादा वाहनों की बुकिंग व बिक्री हो चुकी हैं। इस बार दो पहिया व चार पहिया वाहनों की खरीदी पिछले वर्ष की तुलना में अधिक हुई। आटो मोबाइल कंपनी बजाज शोरूम के संचालक शैलेश महतो ने बताया कि इस बार लगभग 45 से ज्यादा वाहनों की बिक्री व 30 से ज्यादा की एडवांस बुकिंग हुई है। वही यामाहा मोटर्स के संचालक मुन्ना साहू ने बताया कि यामाहा के स्कूटी बाइक को लेकर लगभग 40 से ज्यादा वाहन बिक चुके है जबकि 25 से ज्यादा की बुकिंग हुई है। वही टीवीएस मोटर्स के संचालक सतीश जायसवाल ने बताया कि सबसे ज्यादा हमारे कंपनी के वाहन शहर में बिके है। वही हीरो मोटर्स के संचालक कमल महतो ने बताया कि लगभग 50 से ज्यादा वाहनों की बिक्री हो चुकी है। कुल मिलाकर शहर में लगभग 300 से ज्यादा छोटे वाहनों की बिक्री हुई है और लगभग चार करोड़ रुपये के वाहनों की बिक्री हुई है। संचालको ने बताया कि इस बार बाजारों में कई नई नई वाहनों के मॉडल थे जिस कारण लोगो का आकर्षण रहा। वही दो दिनों पहले से ही कई वाहनों का एडवांस पैसा देकर धनतेरस पर डिलीवरी लेने की तैयारी में उपभोक्ता थे। दो पहिया व चार पहिया वाहनों की खरीदी होने के बाद आटो मोबाइल व्यवसायियों में काफी उत्साह बना हुआ है। उधर विभिन्न तरह की स्कीमें दो पहिया व चार पहिया वाहनों पर दी जा रही थी जिससे ग्राहकों को भी काफी लाभ हो रहा है और यही वजह है कि धनतेरस पर भी इस बार सैकड़ो वाहन खरीदे गए। आटो मोबाइल कंपनियों द्वारा वाहन चालकों को हाथों हाथ ऋण सुविधा देने के साथ ही कई आकर्षक उपहार भी देने की योजना शुरू की गई है जिसका बड़ी संख्या में ग्राहक फायदा उठा रहे है और यही वजह है कि विगत दो दिनों में विभिन्न आटो मोबाइल पर करीब सैकड़ो वाहनों की बुकिंग हो चुकी थी और धनतेरस पर भी कई लोगो ने वाहनों की एडवांस बुकिंग की है।

# डॉ रामेश्वर उरांव ने जयंती पर कार्तिक उरांव को श्रद्धांजलि अर्पित की





**लोहरदगा ।** विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव स्वर्गीय कार्तिक उरांव की जयंती पर मनहो चौक स्थित स्वर्गीय कार्तिक उरांव के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित किया। डॉ रामेश्वर उरांव ने बताया कि स्वर्गीय कार्तिक उरांव विषम परिस्थितियों में जंगल से निकाल कर लंदन तक का सफर अपनी बुद्धि व कौशल के बल पर तय किया। बाबा कार्तिक उरांव सामाजिक उत्थान में अपना बहुमूल्य योगदान दिए हैं । जवाहरलाल नेहरू के आह्वान पर वापस अपनी मातृभूमि की सेवा करने झारखंड लौट आए। यहां आकर हर एक आदिवासियों की सशक्त आवाज बने। आदिवासियों की भूमि वापसी, आरक्षण, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना ट्राइबल ऑफ प्लान एवं आदिवासियों के धार्मिक पहचान को स्थापित किया। वहीं बाबा कार्तिक उरांव के जयंती पर मनहो चौक में जतरा का भी आयोजन किया गया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल,प्रभात भगत, असलम अंसारी,सतदेव भगत,कुलदीप खाखा,मुखिया हिरही,रमेश उरांव एवं समिति के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### दूध का दूध पानी का पानी कार्यक्रम के तहत किसानों के साथ की गई पीडीए बैठक

**सिसई(गुमला)।** सिसई प्रखंड के शिवनाथपुर पंचायत के डहुटोली गांव में मंगलवार को एडवांटा सीड्स एग्रो प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के मार्केटिंग डेवलपमेंट ऑफिसर बिपता गोप ने दूध का दूध पानी का पानी कार्यक्रम के तहत किसानों के साथ पी डी ए बैठक किया। बैठक में उन्होंने एडवांटा सीड्स कंपनी के उन्नत किस्म के मक्का बीज से होने वाले अच्छी पैदावार के बारे में जानकारी दिए। उन्होंने एडवांटा कंपनी के हाइब्रिड मक्का पी.ए .सी.751एलाइट के मुख्य खासियत के बारे में किसानों को बताते हुए कहा अन्य कंपनियों के मक्का के तुलना में एडवांटा कंपनी के हाईब्रिड मक्का पी . ए .सी 751 एलाइट मक्का में मजबूत आवरण और अधिक पैदावार मध्यम ऊंचाई और गिरने के प्रति सहनशील और आकर्षक नारंगी वजनदार दाने, बड़े आकार के एक समान भुट्टा के साथ दाने का प्रतिशत ज्यादा रहता हैं। वही किसान भी एडवांटा कंपनी के मक्का बीज को अधिक पसंद कर रहे हैं। इस मौके पर मंजू उरांव, सुनीता उरांव, कर्मी उरांव, विनोद भगत, गन्दूर उरांव, शिवलाल भगत, शुकरु उरांव, बाबूलाल उरांव, सहित भारी संख्या में किसान मौजूद थे।

## लोहरदगा की बहू होने के नाते क्षेत्र का विकास करना मेरा दायित्व : नीरू शांति



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
स्वर्गीय कार्तिक ऊराँव जयंती जतरा, लोहरदगा हिंरही में आयोजित हुआ, जिसका आयोजन स्व.कार्तिक उरांव जयंती जतरा आयोजन समिति के द्वारा किया गया। जिसमें आजसू पार्टी की केंद्रीय महासचिव नीरू शांति भगत अतिथि के रूप में शामिल हुई और लोगों को जतरा की बधाई दी। कहा कि जतरा हमारी पहचान है और इस संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए हम सभी को आगे आकर कार्य करना चाहिए। इधर एनडीए प्रत्याशी नीरू शांति भगत ने लोहरदगा प्रखंड के ईटा गांव, तिगरा ,अरकोसा सहित अन्य गांवो का दौरा किया एवं जनसंपर्क अभियान चलाया। जनसंपर्क अभियान के तहत उन्होंने लोगों से अपील की कि आगामी 13 तारीख को केला छाप में वोट देकर मुझे विजयी बनाएं क्योंकि मैं स्वर्गीय कमल किशोर भगत की पत्नी हूं और मैं इस जिले की बहू हूं ,तो मेरा दायित्व है कि मैं इस जिले का विकास करूंगी। जिला संयोजक कवलजीत सिंह ने कहा की आजसू पार्टी सब का साथ और सब का विकास इसी सिद्धांत पर कार्य करती है और इसी सिद्धांत पर लोहरदगा की तमाम जनता की सेवा आजसू पार्टी करेगी । मौके पर जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश भारती, शाहिद अंसारी, जावेद खान, अंगद महतो, सुबोध महतो सहित सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

**लोहरदगा विस क्षेत्र के बूथ अध्यक्ष व सचिवों की बैठक सह प्रशिक्षण आयोजित**

# जनता हेमंत सरकार के कुशासन से चाहती है मुक्ति, बनेगी एनडीए सरकार : मनीर उरांव




**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
लोहरदगा विधान सभा अंतर्गत 324 बूथों के बूथ अध्यक्ष एवं सचिव की बैठक सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को बक्शीडीपा स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित की गई। मौके पर लोहरदगा विधानसभा के प्रवासी सह पश्चिम बंगाल के पूर्व सांसद दशरथ तिर्की विशेष रूप से मौजूद थे। वही प्रशिक्षक चन्दन यादव एवं आदर्श सिंह ने प्रोजेक्टर के माध्यम से कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी। पश्चिम बंगाल के पूर्व सांसद दशरथ तिर्की ने एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी नीरू शांति भगत की जीत सुनिश्चित करने को लेकर कार्यकताओं में उत्साह बढ़ाया साथ ही कहा कि मेरा बूथ सबसे मजबूत के तर्ज पर बूथ जीतेंगे तो निश्चित तौर पर लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी की जीत होगी और आम जनता को हेमंत सोरेन सरकार की कुशासन से भी मुक्ति मिलेगा। जिलाध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि वर्तमान झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस एवं राज्य गठबंधन की सरकार झारखंड वासियों को छलने का कार्य किया है। युवा, महिला तथा आदिवासी सही समाज के हर वर्ग के लोगों को ठगा है। ना तो जनआकांक्षाओं को पूरा किया और ना ही चुनाव से पूर्व अपने घोषणा पत्र में किए गए वादों को ही पूरा किया है। झारखंड की जनता अब परिवर्तन चाहती है और निश्चित तौर पर राज्य में एनडीए गठबंधन की सरकार बनेगी।

# धन, वैभव और सुख-समृद्धि के प्रतीक धनतेरस की रही धूम

**लोहरदगा।** धन, वैभव, युख समृद्धि आदि का पर्व धनतेरस पर लोहरदगा के बाजारों में खास उत्साह देखने को मिला। मिठाई, पूजन के लिए लक्ष्मी - गणेश जी की मूर्तियां, चित्र, चांदी, ब्रास या सोने की मूर्तियां, पूजन की थाली, नए कपड़े, विवाह की खरीदारी, टी वी, , लैपटाप, कंप्यूटर, टैब, घड़ी, मोबाईल, डिनर सैट, टोस्टर, तंदूर, बलैंडर, जूसर मिक्सर, फ्रिज, गीजर, कुकर, माइक्रोवेव, फर्नीचर, घर की साज सज्जा, डेकोरेशन, पर्दे, पेंटिग्ज, सोफा, बेड, अन्य फर्नीचर, खिलौने, दीवाली की सजावटी लाईटें, पूजा सामग्री, खीलें ,बतासे, अखरोट आदि की जमकर बिक्री हुई। धन पूजन, बही खातों, डायरी, कलम दवात की भी खरीदारी हुई। साइकिल दुकानों पर भी धनतेरस पर जमकर भीड़ देखी गई। साइकिल दुकानदार कमल अग्रवाल, मनीष अग्रवाल ने बताया कि उनके प्रतिष्ठान में 1500 से 50 हजार तक के साइकिल मौजूद हैं। बताया कि लगभग 100 से ज्यादा साइकिल की बिक्री व एडवांस बुकिंग हुई है। मान्यता है कि दीवाली से दो दिन पहले पड़ने वाले इस त्योहार पर धनतेरस की सायं दीपदान किया जाता है ताकि पूरा परिवार यमराज के कोप से बचा रहे और परिवार में ,अक्समात कोई दुर्घटना न हो।





# मिट्टी के दीपक बनाने को चाक ने पकड़ी रफ्तार, कुम्हारों की एकमात्र उम्मीद बनी है दीपावली और छठ




**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
दीपावली पर माता लक्ष्मी को प्रसन्न करने के लिए मिट्टी के दीपक बनाने वाले कुम्हारों के चाक ने गति पकड़ ली है। उन्हें इस बार अच्छी बिक्री की उम्मीद है। लोहरदगा में स्थित कुम्हारों की बस्ती में उनके परिवार मिट्टी का सामान तैयार करने में व्यस्त हैं। इनके घरों में मिट्टी के दीपक, मटकी आदि बनाने के लिए माता-पिता के साथ उनके बच्चे भी हाथ बंटा रहे हैं। कोई मिट्टी गूंथने में लगा है तो किसी के हाथ चाक पर मिट्टी के बर्तनों को आकार दे रहे हैं। महिलाओं को अलाव जलाने व पके हुए बर्तनों को व्यवस्थित रखने का जिम्मा सौंपा गया है। इसके साथ ही महिलाएं रंग बिरंगे रंगों से बर्तनों को सजाने में जुटी हैं। राष्ट्रीय नवीन मेल के लोहरदगा ब्यूरो प्रमुख राहुल कौशल से बातचीत करते हुए सुजीत प्रजापति, सूरज प्रजापति, राधेश्याम प्रजापति, रवि प्रजापति, हरिकिशन प्रजापति, नन्दलाल प्रजापति आदि ने कहा कि मिट्टी लाने एवं दीपक बनाने से लेकर पकाने में जो खर्च होता है उसके हिसाब से लाभ नहीं होता है। हम लोग सीजन के बाद अन्य काम करने लगते हैं। इस कला को बचाने के लिए सरकारी मदद दी जानी चाहिए, जिससे हमारी मिट्टी गढ़ने की कलॉ बची रहे। उन्होंने कहा कि हमारे घर में कई पीढ़ियों से इस धंधे को किया जा रहा है लेकिन अब पहले जैसी खरीददारी नहीं होती। अब मिट्टी वाले बर्तन सीजनेबल धंधा बनकर रह गए हैं। दीपावली के अवसर पर पांच-दस हजार की कमाई हो जाती है बाकी दिनों में परिवार की गाड़ी चलाने के लिए मजदूरी का सहारा लेना पड़ता है। वहीं सतीश प्रजापति, राकेश प्रजापति ने कहा कि बदलते परिवेश में मिट्टी के दीपों का स्थान इलेक्ट्रिक झालरों ने भले ही ले लिया हो लेकिन इसके बावजूद मिट्टी के दिए का अपना अलग ही महत्व है। चाइनीज इलेक्ट्रिक झालरों के बढ़ते दौर में भी त्यौहारों पर मिट्टी से बने दीपक और अन्य चीजों का क्रेज बना हुआ है। यह आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने कई वर्षों पहले हुआ करते थे।



### अनेक परिवार अपने परंपरागत धंधे से विमुख होते जा रहे हैं

दीपावली का त्योहार की तैयारियों के लिए प्रजापति समाज ने मिट्टी के दीपक बनाने शुरू कर दिए थे। लेकिन फिर भी उनके माथे पर शिकन साफ देखी जा सकती है क्योंकि इन्हें डर है कि कहीं इनकी मेहनत बेकार न चली जाए। कहीं फिर से इस बार चायनीज झालरों और दीयों के सामने मिट्टी के दीयों की बलि न चढ़ जाए। मिट्टी गढ़कर उसे आकार देने वालों पर शायद धन लक्ष्मी मेहरबान नहीं है, जिसके चलते अनेक परिवार अपने परंपरागत धंधे से विमुख होते जा रहे हैं। दीपावली पर्व पर मिट्टी का सामान तैयार करना उनके लिए सीजनेबल धंधा बनकर रह गया है। हालात यह है कि यदि वे दूसरा धंधा नहीं करेंगे तो दो दिन की रोटी जुटा पाना कठिन हो जाएगा ।

### चाक से बनती हैं कई चीजें

दीपावली पर्व पर धनलक्ष्मी को प्रसन्न करने के लिए मिट्टी के दीपक जलाए जाते हैं। मिट्टी से निर्मित चार, छह, बारह एवं चैबीस दीपों वाली मिट्टी की गुड्डन की पूजा की जाती है। मिट्टी की छोटी मटकियों में धान की खीलें भरकर उनकी पूजा होती है। करीब आठ से दस हजार रुपए में आने वाला चाक का पहिया बड़ी मेहनत से पत्थर के कारीगरों द्वारा तैयार किया जाता है। इस पर सारे मिट्टी के बर्तन बनाए जाते हैं। दीपक, घड़ा, मलिया, करवा, गमला, गुल्लक, गगरी, मटकी, नॉद, कनारी, गुड्डन, बच्चों की चक्की सहित अन्य उपकरण बनाए जाते हैं।

### लोहरदगा में 83 कुम्हार परिवारों को मिला है इलेक्ट्रॉनिक चाक

कुम्हार समाज के जिला अध्यक्ष प्रेम किशोर प्रजापति, नागेंद्र प्रजापति, दुर्गा प्रजापति, संरक्षक राधेश्याम प्रजापति, सहदेव प्रजापति, शिव प्रजापति, अनिल प्रजापति, आदि ने बताया कि लोहरदगा में कुम्हार प्रजापति ट्रस्ट के प्रयास से लगभग 83 इलेक्ट्रॉनिक चौक पूरे जिले में साथ में दो पग मिल का वितरण कराया गया, परंतु जिले में कच्चे दिए खिलौने बन जाने के फलस्वरूप इनकी बाजार की समस्याएं बहुत ज्यादा है। इन्हें बेचने हेतु अनेक समस्याओं से जूझना पड़ता है। जिले में जिला प्रशासन से समाज को किसी भी प्रकार का सहयोग प्राप्त नहीं हो पाता। मिट्टी की समस्याएं प्रमुख रूप से आती है। जिसे इधर उधर से लाना पड़ता है। अवधि अच्छे दामों पर खरीदा जाता है लकड़ी की समस्याएं हैं कोयला की समस्याएं हैं पकाने हेतु दीपावली के बाद बहुत कम कुम्हार बंधु घड़ा का काम करते हैं इन्हीं समस्याओं के कारण आज की पीढ़ी इससे अलग होते जा रही है।

## एक नजर

### स्कूटी सवार को तेज रफ्तार बाइक ने मारी टक्कर, दो घायल

**गुमला।** सिसई थाना क्षेत्र नागफेनी मोड़ के पास एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने स्कूटी सवारों को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे दो लोग घायल हो गए। दुर्घटना में कुम्हार मोड़ निवासी शंकर उरांव और उसका साथी शामिल है। स्कूटी शंकर उरांव चला रहा था, जिसे गहरी चोटें आई हैं, जबकि पीछे बैठे युवक को मामूली चोटें लगीं। सूचना के अनुसार, दोनों युवक दाह संस्कार कार्यक्रम में शामिल होने के लिए नागफेनी गए थे और पीने का पानी लेने होटल गए थे। होटल से श्मशान घाट लौटते वक्त नागफेनी मोड़ पर एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी। हादसे के तुरंत बाद बाइक सवार घटनास्थल से फरार हो गया।

### निर्वाचन व्यय रजिस्टर की जांच के लिए तीन निरीक्षण तिथियां निर्धारित

# अभ्यर्थियों को सख्त अनुसरण का निर्देश




*निवार्चन आयोग ने चुनाव में होने वाले खर्चों पर अधिकारियों को निगरानी रखने के लिए निर्देश दिए हैं और जनप्रतिनिधियों को चुनाव में होने व्यय को भी प्रस्तुत करने का भी निर्देश दिया है।*

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय रजिस्टर की समयबद्ध और पारदर्शी जांच सुनिश्चित करने हेतु तीन निरीक्षण तिथियों का निर्धारण किया गया है। इसके तहत प्रत्येक अभ्यर्थी के व्यय रजिस्टर का निरीक्षण तीन बार होगा, और दो निरीक्षणों के बीच कम से कम तीन दिन का अंतर रखा गया है। साथ ही, अंतिम निरीक्षण मतदान से तीन दिन पूर्व तक ही होगा, जिससे अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय की प्रभावी मॉनिटरिंग हो सके। निरीक्षण तिथियों की अनुसूची इस प्रकार है : प्रथम निरीक्षण तिथिः 02 नवम्बर 2024 (शनिवार)
◆द्वितीय निरीक्षण तिथिः 06 नवम्बर 2024 (बुधवार)
◆तृतीय निरीक्षण तिथिः 10 नवम्बर 2024 (रविवार)
◆निरीक्षण समयः सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक।
◆निरीक्षण स्थल : उप विकास आयुक्त, गुमला का सभागार (पुराना विकास भवन), गुमला।

**निरीक्षण के दिशा-निर्देशः** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार, अभ्यर्थी स्वयं, उनके निर्वाचन अभिकर्ता या उनके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति, व्यय प्रेक्षक, लेखा दल या पदाभिहित अधिकारी के समक्ष अपने व्यय रजिस्टर प्रस्तुत कर सकते हैं। यह कदम निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए उठाया गया है, जिससे अभ्यर्थियों द्वारा किए गए व्यय की निगरानी सुनिश्चित की जा सके। निर्वाचन अधिकारियों ने सभी अभ्यर्थियों से इन निर्धारित तिथियों पर अपने व्यय रजिस्टर का सत्यापन कराने की अपील की है, ताकि निर्वाचन खर्च की सटीकता बनी रहे।

# गोविंदपुर में 51 वर्षीय लापता व्यक्ति का शव कुएं से बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला** जारी थाना क्षेत्र के गोविंदपुर गांव में एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां 51 वर्षीय दिनेश उरांव पिता जखू उरांव का शव उनके घर के पास स्थित कुएं से बरामद किया गया। परिजनों के अनुसार, दिनेश सोमवार शाम से लापता थे, जिसके बाद उन्हें काफी तलाशा गया, लेकिन उनका कहीं कोई पता नहीं चल सका। अंततः मंगलवार की सुबह उनके शव को घर के आंगन में बने कुएं में तैरते हुए देखा गया। मामले की सूचना मिलते ही जारी थाना के एएसआई रमेश महतो अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कुएं से बाहर निकाला। इसके बाद पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। घटना के संबंध में मृतक के परिजनों ने बताया कि सोमवार को घर के पास शादी के नेग का कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिसमें पूरा परिवार शामिल हुआ था। दिनेश भी इस कार्यक्रम में मौजूद थे। उन्होंने सभी के साथ मिलकर खाना खाया और इसके बाद वहां से कहीं चले गए। जब वह देर रात तक घर नहीं लौटे तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। पूरी रात ढूंढने के बावजूद उनका कोई सुराग नहीं मिला। सुबह में जब मृतक की बहू पानी भरने के लिए आंगन के कुएं में गई, तब उसने दिनेश का शव कुएं में तैरता हुआ देखा। पुलिस ने प्रारंभिक जांच के आधार पर संभावना जताई है कि शराब के नशे में होने के कारण दिनेश उरांव का संतुलन बिगड़ा होगा, जिससे वह कुएं में गिर गए और उनकी मौत हो गई। हालांकि, पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और सभी संभावित पहलुओं पर बारीकी से नजर रखी जा रही है ताकि घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके। दिनेश उरांव की इस असामयिक मृत्यु से परिवार और गांव में शोक की लहर है। पुलिस ने परिजनों से पूछताछ कर घटना के सभी पहलुओं पर जानकारी जुटाई है।

# एटीएम चोरों का कोई सुराग नहीं, उपभोक्ता हो रहे हलकान

**बसिया (गुमला)।** गत दिनों हुई चोरी की घटना के बाद बसिया के लोगों को न तो एटीएम की सुविधा मिल रही है और न एटीएम चोरों का कोई सुराग मिल पा रहा है। ऐसी स्थिति तब है जबकि अनुमंडल मुख्यालय में विभिन्न बैंकों के पांच शाखाओं के साथ साथ तीन एटीएम केन्द्र यहां संचालित हैं। बताते चलें कि गत दिनों दुस्साहस का परिचय देते हुए एसबीआई की बसिया कोनबीर शाखा के साथ लगे एटीएम मशीन को चोर उठा कर ले गए। इस चोरी से पच्चीस लाख रूपयों की भी चोरी होने की सूचना मिली और इस सूचना के साथ एक एसआईटी का गठन कर त्वरित गति से मामले के उद्भेदन का समाचार सामने आया। पुलिस के इस दावे के सामने आने के बाद भयशुदा व्यापारी और आम लोगों ने एक तरह से राहत की सांस ली। इसके अपने कारण थे क्योंकि इस एटीएम की चोरी के लिए अपराधियों ने जिस ट्रक का उपयोग किया था उसकी भी चोरी हुई थी और चोरों ने इसे एक स्थानीय व्यापारी के आवासीय परिसर से चुराया लिया था। बसिया में एटीएम की संख्या कम होने के कारण बहुत से लोग एसबीआई के इस एटीएम पर ही आश्रित रहा करते थे और चोरी की इस घटना के बाद इन्हें नगद के लिए अब घंटों कतार में खड़े होने को मजबूर होना पड़ रहा है। यह स्थिति बैंक की अन्य शाखाओं के समक्ष भी दर्ज किया जा रहा है जबकि एक निजी एटीएम के अतिरिक्त यहां सिर्फ पंजाब नेशनल बैंक के द्वारा तत्संबंधी सुविधा मुहैया कराई गई है। दुर्भाग्य से पीएनबी के एटीएम की अपनी कहानी है और यह सिर्फ बैंकिंग ऑवर में ही सुविधा देनेवाला नायाब एटीएम बन कर रह गया है। बहरहाल स्थानीय बैंक कर्मियों की बेबसी के बीच आम लोगों में इसे लेकर आक्रोश व्याप्त है और इस सुविधा को अविलंब दुरुस्त करने की मांग अब सतह पर आने लगी है।

### धनतेरस पर गुमला में हुआ करोड़ों रुपये का व्यापार

# सजावट की वस्तुओं की बिक्री में भी दिखी जोरदार वृद्धि



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला** धनतेरस के अवसर पर गुमला के बाजारों में जबरदस्त चहल-पहल देखने को मिली। इस शुभ अवसर पर सोना-चांदी से लेकर इलेक्ट्रॉनिक सामानों तक की जमकर खरीदारी हुई, जिससे व्यापार में करोड़ों रुपये का इजाफा देखने को मिला। खासतौर पर नए वाहनों की बिक्री में भी जोरदार वृद्धि हुई, साथ ही सजावट की वस्तुओं की बिक्री ने भी बाजार को रंगीन बना दिया। धनतेरस पर सोने-चांदी की खरीदारी शुभ मानी जाती है, और इसी परंपरा के तहत गुमला में भी लोगों ने बड़ी मात्रा में सोना-चांदी के आभूषण खरीदे। इसके साथ ही इलेक्ट्रॉनिक सामानों की दुकानों पर भी ग्राहकों की भीड़ रही। टीवी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन, मोबाइल और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामानों की बिक्री में अच्छी-खासी वृद्धि हुई। इस वर्ष धनतेरस पर नए वाहनों की बिक्री में भी भारी बढ़ोतरी हुई। विभिन्न ऑटोमोबाइल डीलरों ने ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए विशेष छूट और ऑफर्स पेश किए। बाइक, स्कूटर, कार और एसयूवी जैसी श्रेणियों में ग्राहक विशेष उत्साह के साथ वाहन खरीदने आए।

### आठ माह बाद पुलिस ने दो फरार आरोपियों को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

गुमला। सदर थाना क्षेत्र के खटवा नदी के समीप विगत 22 फरवरी 2024 को हुए लूट कांड में फरार दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आठ महीने पूर्व हुए इस लूट की घटना ने इलाके में सनसनी फैला दी थी, जब चार अपराधियों ने एक व्यक्ति की बाइक रोककर उसका मोबाइल और नकदी लूट ली थी। इस मामले में गुमला थाना में अज्ञात अपराधियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पुलिस जांच के दौरान चार संदिग्धों के नाम सामने आए थे। इनमें से मुख्य आरोपी इम्तियाज आलम को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। वहीं एक अन्य आरोपी संतोष महतो उर्फ फौजी की कुरूमगढ़ में हत्या हो चुकी है। मामले के अन्य दो फरार आरोपी झ घाघरा निवासी कुणाल उरांव और बबलू प्रसाद झ की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस लंबे समय से प्रयासरत थी। हाल ही में पुलिस को गुप्त सूचना मिली, जिसके आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए कुणाल उरांव और बबलू प्रसाद को हिरासत में लिया गया।

# नपुर के केडेंग में हुए अधेड़ की हत्या का पुलिस ने किया खुलासा, आरोपी हुआ गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर** चैनपुर थाना क्षेत्र के जनावल पंचायत अंतर्गत केडेंग में बिते दिनों पुलिस ने गांव के अधेड़ व्यक्ति सुनील टोप्पो का शव बरामद किया था। जिसकी हत्या टांगी से मार कर की गई थी। पुलिस के द्वारा शव को कब्जे में लेकर गुमला पोस्मार्टम के लिए भेज दिया गया था और मामले की छानबीन में जुट कर त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्या के आरोपी केडेंग निवासी विजय बड़ा पिता स्वर्गीय रफेल बड़ा उम्र 65 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया।चैनपुर थाना प्रभारी कुंदन चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि चैनपुर थाना में अपने पति की हत्या का मामला दर्ज कराया था जिसको लेकर चैनपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के द्वारा जांच टीम का गठन कर छानबीन शुरू की गई इसी क्रम में पुलिस ने गांव के लोगों से पूछताछ शुरू की जिसमें एक की भूमिका संदिग्ध लगने पर उससे कड़ी पूछताछ करने पर विजय बड़ा ने अपना जुर्म कबूल कर लिया वहीं उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त टांगी भी जब्त कर लिया गया है उन्होंने आगे बताया कि हत्या पूर्व में मामूली विवाद के कारण हुआ है कुछ दिन पहले मृतक और आरोपी का आपस में कहासुनी हुआ था उसी को लेकर विजय बड़ा ने सुनील टोप्पो की पत्थर से टांगी से पिट पीट कर दी।

### महंगाई और बेरोजगारी के तमाम दावों के विपरीत ग्रामीण क्षेत्रों में धनतेरस की रही धूम

**बसिया (गुमला)।** महंगाई और बेरोजगारी के तमाम दावों के विपरीत मंगलवार को बसिया और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में धनतेरस के खरीद की धूम मची रही। इस खरीद में दीया, तेल से लेकर झाड़ू के खरीद की झलक देखी गई। उल्लेखनीय है कि आज धनतेरस के साथ दीपोत्सव का शुभारंभ हो गया। पारंपरिक रूप से धनतेरस को दीपोत्सव के उद्घाटन समारोह की तरह देखा जाता है और इस दिन प्रायः सभी परिवार के लोग झाड़ू, बर्तन और दैनिक उपयोग की बस्तुएं खरीदा करते हैं। मान्यताओं के अनुसार इस खरीददारी को शुभ माना जाता है। इसी तरह इस दिन को सोने चांदी आदि की खरीददारी के लिए भी शुभ मुहूर्त के तौर पर लिया जाता है परन्तु ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले किसानों की अपनी बाध्यताएं होती हैं।

"सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहतर सहभागिता"

चुनाव का पर्व DESH KA GARV

## कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, पलामू।
(कार्मिक कोषांग)

Tel. No. (Election Office)- 06562- 224033 E-mail - electionpalamu1@gmail.com

### आदेश

जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह– उपायुक्त, पलामू के निदेशानुसार सरकारी कर्मी जो द्वितीय चरण के प्रशिक्षण में दिनांक 25.10.2024 से 29.10.2024 तक अनुपस्थित रहे हैं, वे कार्मिक कोषांग, नोडल पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष में (पलामू समाहरणालय ब्लॉक–ए द्वितीय तल स्थित) दिनांक 01.10.2024 को अपना पक्ष रखें, कि किस परिस्थिति में उनके द्वारा प्रशिक्षण में भाग नहीं लिया गया, अन्यथा पक्ष न रखे जाने अथवा जवाब असंतोषजनक पाये जाने पर तत्काल प्रभाव से उनका वेतन स्थगित करते हुए जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 तथा सरकारी आचार संहिता के सुसंगत धाराओं के तहत अनुशासनिक एवं दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी।

नोडल पदाधिकारी,
कार्मिक कोषांग।

PR 339694 (District) 24-25 (D)

### सिसई प्रखंड के कुदरा में मातृ सम्मेलन का हुआ आयोजन

# बच्चियों ने आकर्षक सामूहिक नृत्य प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया



**नवीन मेल संवाददाता। सिसई** मंगलवार को रणजीत नारायण सिंह सरस्वती विद्या मंदिर, कुदरा, सिसई में मातृ - सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य देवेन्द्र वर्मा की अगुआई में आश्रम विद्यालय की पूर्व प्रधानाचार्या उषा सिंह तथा विद्यालय प्रबंधन समिति के कोषाध्यक्ष अश्विनी कुमार देवघरिया के द्वारा दीप-प्रज्ज्वलित कर तथा वंदना के साथ शुरू किये। अखिल भारतीय विद्या विकास समिति के विधान के अनुसार कार्यक्रम का आरंभ प्रधानाचार्य देवेन्द्र वर्मा ने 'या देवि सर्वभूतेषु मातृरूपेण संस्थिता' के मंत्रोच्चार के साथ अतिथि परिचय कराते हुए किया। तत्पश्चात प्रबंधन समिति के कोषाध्यक्ष अश्विनी कुमार देवघरिया ने मुख्य अतिथि उषा सिंह तथा अभिभाविका प्रमुख किरण देवी को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किये। कार्यक्रम में उपस्थित सभी माताओं का स्वागत कक्षा सप्तम की बहन दीप्ति पांडा ने आकर्षक स्वागत नृत्य के साथ किया। कार्यक्रम की उद्घोषिका ममता कुमारी ने कार्यक्रम की भूमिका देने के लिए आचार्या कौशल्या देवी को आमंत्रित किया। कौशल्या देवी ने नारी शक्ति का आह्वान करते हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए उन्हें उतत्साहित किया तथा इस तरह के कार्यक्रम की आवश्यकता का महत्व बतलायीं।

### चुनाव से पहले पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# नेतरहाट घाटी हत्याकांड का कुख्यात आरोपी उग्रवादी गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला** विधानसभा चुनाव से पहले गुमला पुलिस ने झांगुर गुट के कुख्यात उग्रवादी अरविंद उरांव को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। अरविंद उरांव पर 27 जुलाई 2024 को नेतरहाट घाटी में पुलिस जवान अभिषेक कुमार की गोली मारकर हत्या का आरोप है। उसके पास से एक पिस्टल, एक देसी कट्टा और जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं।

**ऑपरेशन की पूरी कहानी :** गुमला के एसपी शंभू कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि तेदार और देवरागानी क्षेत्र में झांगुर गुट का एक उग्रवादी लेवी वसूली और दहशत फैलाने के मकसद से सक्रिय है। सूचना के आधार पर एसएसबी और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम ने इलाके की घेराबंदी कर छापेमारी शुरू की। घेराबंदी के दौरान अरविंद उरांव को हथियारों समेत गिरफ्तार कर लिया गया।

**हत्या का खुलासा और झांगुर गुट का आतंकी खेल :** पूछताछ में अरविंद उरांव ने स्वीकार किया कि उसने पुलिस जवान अभिषेक कुमार की हत्या झांगुर गुट के सुप्रीमो रामदेव उरांव के आदेश पर की थी। यह हत्याकांड चुनाव से पहले उग्रवादी संगठन के डर और वर्चस्व को स्थापित करने का प्रयास था। अरविंद के खिलाफ बिशुनपुर और गुरदरी थानों में पहले से ही तीन आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें हत्या, वसूली और अन्य संगीन अपराध शामिल हैं।

**इलाके में शांति बहाल करने में मिलेगी मदद :** एसपी शंभू कुमार सिंह ने कहा कि अरविंद उरांव की गिरफ्तारी से इलाके में सुरक्षा और शांति बहाल करने में सहायता मिलेगी।

## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT
## BUILDING DIVISION, DALTONGANJ.
### VERY SHORT NOTICE INVITING TENDER
Tender Reference No. BCD/DALTONGANJ DIV/12/2024-25

1. Name of Department :- Building Construction Department
2. Name of Advertiser :- Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
3. Date of time of Sale of BOQ :- 09.11.2024 from 10:00 am to 1:00 pm
4. Date and time of Receiving sealed tenders :- 11.11.2024 from 1:00 to 3:00 pm
5. Date and time of Opening of Sealed tenders :- 11.11.2024 from 3:00 to 3:30 pm
6. Place of Sale of BOQ :- 1. In the Office of Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
   2. In the Office of Superintendent Engineer, B.C.D Circle No.-02, Ranchi.
7. Place of Opening and Receiving Tender :- As per Place mention in serial No.- 6 (1)
8. Details of Work :-

| Sl.No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Strong Room and Counting Hall at G.L.A College Campus, Medininagar, Palamu for Jharkhand General Assembly Election 2024. | 1439550.00 | 29000.00 | 2500.00 | 7 Day |

निविदा में परिमाण विपत्र कय हेतू निम्नांकित शर्तें का पालन आवश्यक हैः–
- निविदा के साथ सत्यापित निबंधन पत्र, UCAN, पैन कार्ड, विगत तीन साल का आयकर रिटर्न, GST में निबंधन प्रमाण पत्र एवं फार्म अधतन 3B एवं 1 R, अद्यतन चरित्र प्रमाण पत्र एवं विद्युत लाइसेंस या निविदाकार एवं अन्य अनुज्ञप्तिधारी का अलग–अलग शपथ पत्र (यदि कार्य में विद्युत संबंधी कार्यमद हो) की छायाप्रति इत्यादि स्वअभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना होगा।
- परिमाण विपत्र के लिए जमा किया जाने वाला डिमान्ड ड्राफ्ट भारतीय स्टेट बैंक के शाखा के निविदा सूचनापोरांत निर्गत ही मान्य होगा।
- यदि निबंधित संवेदक के प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा निविदा डाली जाती है तो निविदा के साथ मूल प्रति में इस आशय का शपथ पत्र संलग्न करना आवश्यक होगा।
- किसी अपरिहार्य कारण से निविदा रद्द या स्थगित की जाती है तो परिमाण विपत्र की राशि (डिमान्ड ड्राफ्ट) के रूप में वापस नहीं की जायेगी।
- निविदा से संबंधित अन्य सूचनाओं एवं NIT के अन्य शर्तों के लिए भवन प्रमण्डल, डालटनगंज के सूचना पट्ट को देखा जा सकता है या कार्यालय अवधि में कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है तथा परिमाण विपत्र में संलग्न नियम एवं शर्तों का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।
- निविदा में चुनाव कार्य से संबंधित अनुभव प्रमाण–पत्र को प्राथमिकता दी जायेगी।

Executive Engineer,
Building Division, Daltonganj.

PR 339708 Building(24-25)D

### सामान्य प्रेक्षकों ने किया ईवीएम डिस्पैच एवं रिसीविंग सेंटर का औचक निरीक्षण

# चुनावी तैयारियों की व्यवस्थाओं का लिया जायजा



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला** आगामी विधानसभा चुनाव को सफल और पारदर्शी तरीके से आयोजित करने के लिए जिले में चुनावी तैयारियों का क्रम जारी है। इसी क्रम में सिसई विधानसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक प्रशांत शर्मा और गुमला विधानसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक छोटे सिंह ने चंदाली स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज में बनाए गए ईवीएम डिस्पैच सेंटर और रिसीविंग सेंटर का औचक निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान दोनों प्रेक्षकों ने जिला प्रशासन द्वारा किए गए व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा की और स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी, भयमुक्त एवं शांतिपूर्ण चुनाव संचालन को लेकर की गई तैयारियों की जानकारी ली। प्रेक्षकों ने ईवीएम और वीवीपैट मशीनों की कमीशनिंग प्रक्रिया की सटीकता और प्रभावशीलता का आकलन किया। इसके अलावा, ईवीएम को वेयरहाउस से डिस्पैच सेंटर तक सुरक्षित पहुंचाने, डिस्पैच सेंटर में मशीनों की सुरक्षा, और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर चर्चा की। प्रेक्षकों ने डिस्पैच सेंटर में सीसीटीवी कैमरों से निगरानी, पर्याप्त बिजली आपूर्ति, स्ट्रांग रूम की सुरक्षा एवं वहां तैनात सुरक्षा बलों की तैयारी का भी बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रेक्षकों ने जिला प्रशासन के अधिकारियों से आवश्यक निर्देश दिए कि सभी प्रक्रियाओं को शत-प्रतिशत पारदर्शिता और सुरक्षा के साथ पूरा किया जाए, ताकि मतदान के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा या गड़बड़ी न हो। अधिकारियों ने भी आश्वासन दिया कि चुनावी प्रक्रिया के हर चरण में नियमों का पालन किया जाएगा और मतदाताओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। इस मौके पर गुमला के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी, पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह, उप विकास आयुक्त गुमला, अपर समाहर्ता गुमला, डीएसपी गुमला, एसएसबी कमांडेंट, तीनों विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचन अधिकारी (फड.), एसडीपीओ, उप निर्वाचन पदाधिकारी और अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे।

### गुमला विधानसभा क्षेत्र के चुनाव में 19 उम्मीदवार मैदान में

# 68 गुमला अनुसूचित जनजाति आरक्षित सीट के लिए मुकाबला कड़ा



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला** गुमला विधानसभा क्षेत्र, जो झारखंड की अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित 68वीं सीट है, इस बार चुनावी सरगर्मियों से भरपूर है। हाल ही में नामांकन जांच प्रक्रिया के बाद 19 उम्मीदवारों के नामांकन वैध पाए गए हैं, जो अब चुनावी मैदान में अपनी किस्मत आजमाएंगे। इस सीट के लिए चुनावी मुकाबला कई प्रमुख पार्टियों के दिग्गज नेताओं के बीच होता नजर आ रहा है।

**प्रमुख दलों के उम्मीदवार :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने इस सीट पर भूषण तिर्की को मैदान में उतारा है, जो पार्टी के पुराने और प्रभावशाली नेता माने जाते हैं। वहीं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने भी पुराने एवं प्रभावशाली नेता सुदर्शन भगत को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया से कुलदीप मिंज चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा की ओर से निशा कुमारी भगत ने नामांकन दाखिल किया है। रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया ने मंगल इंद्रावर को अपना उम्मीदवार बनाया है। इसके अलावा, झारखंड पार्टी से लेयोनार्ड खलखो भी इस चुनावी दौड़ में शामिल हैं।

**निर्दलीय उम्मीदवारों की भागीदारी :** प्रमुख राजनीतिक दलों के अलावा, कई निर्दलीय उम्मीदवार भी गुमला सीट से अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं। इनमें अमित एक्का, चंदर टोप्पो, चापा उरांव, धरमा मुंडा, प्रदीप उरांव, बोनी फास कुजूर, मरियानुस तिग्गा, महेश्वर बैगा, मिशिर कुजूर, रोज मधु तिर्की, विनय भूषण टोप्पो, सीताराम उरांव, और सुधीराम किसान शामिल हैं।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय, पलामू।
(उत्पाद शाखा)

### आदेश

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी–सह–सचिव, झारखण्ड, रांची के पत्रांक–01/नि0वि0–22–23 (पार्ट–1)–2023/5578 दिनांक–17.10.2024 एवं संयुक्त आयुक्त उत्पाद, झारखण्ड, रांची के पत्रांक–01/नीति –05–10/2022–2207/रांची दिनांक–18.10.224 के आलोक में पलामू जिला के विधानसभा क्षेत्र में होने वाले विधानसभा आम निवार्चन, 2024 के स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न निष्पादन हेतु मतदान समाप्त होने के 48 घंटे पूर्व से लेकर मतदान की समाप्ति तक, मतगणना के दिन तथा यदि आवश्यक हुआ तो पुर्नमतदान के दिन शुष्क दिवस (**Dry Day**) घोषित किये जाने का निदेश है।

पलामू जिला के पांच विधानसभा क्षेत्र यथा पांकी विधान सभा क्षेत्र–75, डालटनगंज विधान सभा क्षेत्र–76, विश्रामपुर विधान सभा क्षेत्र–77, छत्तरपुर विधान सभा क्षेत्र–78 एवं हुसैनाबाद विधान सभा क्षेत्र–79 में प्रथम चरण में चुनाव निर्धारित है।

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135(ग) में निहित निदेश के आलोक में मैं शशी रंजन, (भा0प्र0से0) जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, पलामू आदेश देता हूँ कि विधानसभा निर्वाचन 2024 के अवसर पर पलामू जिला के सम्पूर्ण क्षेत्र में निम्न प्रकार शुष्क दिवस (**Dry Day**) घोषित किया जाता है।

| क0सं0 | विधानसभा संख्या एवं क्षेत्र का नाम | मतदान की तिथि | पलामू जिला में घोषित शुष्क दिवस तिथि व समय |
|---|---|---|---|
| 1 | 75–पांकी | 13.11.2024 | दिनांक–11.11.2024 के अपराह्न 04:00 बजे से दिनांक–13.11.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक |
| 2 | 76–डालटनगंज | | |
| 3 | 77–विश्रामपुर | | |
| 4 | 78–छत्तरपुर | | |
| 5 | 79–हुसैनाबाद | | |
| | | | |
| 6 | मतगणना की तिथि | 23.11.2024 | सम्पूर्ण दिवस |

शुष्क दिवस की उक्त अवधि में पलामू जिला की सभी प्रकार की खुदरा उत्पाद दुकानें, बार एवं रेस्तरां, देशी/मसालेदार/Flavoured विनिर्माणशाला–सह–बॉटलिंग–सह–मद्यभण्डागार, देशी/विदेशी शराब थोक अनुज्ञप्ति परिसर पूर्णतः बन्द रहेगी तथा किसी प्रकार के होटल, क्लब, भोजनालय, पाकशाला, दुकान तथा शराब बेचने या परोसने वाले प्रतिष्ठान में अथवा निजी या सार्वजनिक स्थल पर कोई भी स्पिरिटयुक्त, किण्वित या मादक पदार्थों की बिक्री, लेन–देन और वितरण प्रतिबंधित रहेगी।

PR 339664 Palamu(24-25)D
ह0/– जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह– उपायुक्त, पलामू

छोटे-छोटे तथा महत्वपूर्ण, सभी कर्तव्यों को सदा ही पूरा मन लगाकर कीजिए। इसे सदा याद रखिए कि ईश्वर आपके द्वारा सत्कार्य की उपलब्धि हेतु किए गए प्रत्येक उचित प्रयास का मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन कर रहे हैं। - श्री श्री परमहंस योगानंद, 'योगदा सत्संग पाठ'



संपादकीय

## भारत विरोधी झूठे विमर्श की राजनीति

भारत के विरुद्ध सीधे युद्ध से घबराने वाले में झूठे विमर्श गढ़कर इसे नीचा दिखाने का अभियान बहुत दिनों से चला रहे हैं। भारत द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में लगातार प्राप्त की जा रही विभिन्न उपलब्धियों को दरकिनार करते हुए, भारत के बारे में भ्रांतियां फैलाई जाती रही हैं। जैसे, भारतीय कुछ नया करे तो उसे 'जुगाड़' कहा जाता है और चीन यदि कुछ नया करे तो 'रिवर्स इंजीनियरिंग'। भारत में विभिन्न क्षेत्रों में विकास से सम्बंधित हाल ही में जारी किए गए आंकड़ों को देखने के पश्चात ध्यान में आता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था अब पटरी पर तेजी से दौड़ने लगी है। परंतु, देश के मीडिया में भारत के आर्थिक क्षेत्र में लगातार बन रहे नित नए रिकार्ड का जिक्र कहीं भी नहीं है। इसके ठीक विपरीत देश में रोजगार के अवसर नहीं बढ़ रहे हैं, गरीब अति गरीब की श्रेणी में जा रहा है, मुद्रा स्फीति की दर अधिक हो रही है, भुखमरी बढ़ रही है, हिंसा बढ़ रही है, अल्पसंख्यकों पर अत्याचार हो रहे हैं, आदि विषयों पर विमर्श गढ़ने का भरपूर प्रयास किया जा रहा है। भारत द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में लगातार प्राप्त की जा रही विभिन्न उपलब्धियों को दरकिनार करते हुए, भारत के बारे में भ्रांतियां फैलाई जाती रही हैं। जैसे, भारतीय कुछ नया करे तो उसे 'जुगाड़' कहा जाता है और चीन यदि कुछ नया करे तो 'रिवर्स इंजीनियरिंग'। भारत में विभिन्न क्षेत्रों में विकास से सम्बंधित हाल ही में जारी किए गए आंकड़ों को देखने के पश्चात ध्यान में आता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था अब पटरी पर तेजी से दौड़ने लगी है। परंतु, देश के मीडिया में भारत के आर्थिक क्षेत्र में लगातार बन रहे नित नए रिकार्ड का जिक्र कहीं भी नहीं है। इसके ठीक विपरीत देश में रोजगार के अवसर नहीं बढ़ रहे हैं, गरीब अति गरीब की श्रेणी में जा रहा है, मुद्रा स्फीति की दर अधिक हो रही है, भुखमरी बढ़ रही है, हिंसा बढ़ रही है, अल्पसंख्यकों पर अत्याचार हो रहे हैं, आदि विषयों पर विमर्श गढ़ने का भरपूर प्रयास किया जा रहा है। भारत में झूठे विमर्श गढ़ने का इतिहास रहा है। अंग्रेजों के शासन काल में भी कई प्रकार के झूठे विमर्श गढ़ने के भरपूर प्रयास हुए थे जैसे पश्चिम से आया कोई भी विचार वैज्ञानिक एवं आधुनिक है, भारत सपेरों का देश है एवं इसमें अपढ़ गरीब वर्ग ही निवास करता है, भारतीय सनातन हिंदू संस्कृति रूढ़िवादी एवं अवैज्ञानिक है, शहरीकरण विकास का बड़ा माध्यम है अतः ग्रामीण विकास को दरकिनार करते हुए केवल शहरीकरण को बढ़ावा दिया जाना चाहिए, शहरी, ग्रामीण एवं जनजातीय के बीच में आर्थिक विकास की दृष्टि से शहरी अधिक महत्व के क्षेत्र हैं, विदेशी भाषा को जानने के चलते नागरिकों में आत्मविश्वास बढ़ता है, संस्कृति से अधिक तर्क को महत्व दिया जाना चाहिए, व्यक्ति एवं समष्टि में व्यक्ति को अधिक महत्व देना अर्थात व्यक्तिवाद को बढ़ावा देना चाहिए कम श्रम करने वाला व्यक्ति अधिक होशियार माना गया, सनातन हिन्दू संस्कृति पर आधारित प्रत्येक चीज को हेय दृष्टि से देखना, जैसे दिवाली के पटाखे पर्यावरण का नुकसान करते हैं, होली पर्व पर पानी की बर्बादी होती है। कुल मिलाकर पश्चिमी देशों द्वारा आज भारतीय सनातन संस्कृति पर आधारित हिंदू परम्पराओं पर लगातार प्रहार किए जा रहे हैं।

> भारत में विभिन्न क्षेत्रों में विकास से संबंधित हाल ही में जारी किए गए आंकड़ों को देखने के पश्चात ध्यान में आता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था अब पटरी पर तेजी से दौड़ने लगी है।

# नरक चतुर्दशी : यमराज के लिए दीपदान करने का पर्व

नरक चतुर्दशी पर विशेष





योगेश कुमार गोयल

भारत में कार्तिक कृष्ण पक्ष में पांच पर्वों का जो विराट महोत्सव मनाया जाता है, महापर्व की उस श्रृंखला में सबसे पहले पर्व धनतेरस के बाद दूसरा पर्व आता है 'नरक चतुर्दशी। कार्तिक कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को मनाए जाने वाले पर्व 'नरक चतुर्दशी' नाम में 'नरक' शब्द से ही आभास होता है कि इस पर्व का संबंध किसी न किसी रूप में मृत्यु अथवा यमराज से है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन यमराज का पूजन करने तथा व्रत रखने से नरक की प्राप्ति नहीं होती। दीवाली से ठीक एक दिन पहले मनाए जाने वाले इस पर्व की तिथि को लेकर लोगों के मन में भ्रम की स्थिति है कि यह पर्व 30 अक्तूबर को मनाया जाएगा या 31 अक्तूबर को। हिंदू पंचांग के अनुसार इस वर्ष कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी 30 अक्तूबर को दोपहर 1 बजकर 15 मिनट से शुरू हो रही है और चतुर्दशी तिथि अगले दिन यानी 31 अक्तूबर को दोपहर 3 बजकर 52 मिनट पर समाप्त होगी।

यम चतुर्दशी की पूजा चूंकि प्रदोष काल यानी शाम के समय ही की जाती है, इसीलिए नरक चतुर्दशी 30 अक्तूबर को ही मनाई जाएगी। इस दिन शाम 5 बजकर 30 मिनट से 7 बजकर 2 मिनट तक दीपदान का शुभ मुहूर्त है। 'नरक चतुर्दशी' पर्व को 'नरक चौदस', 'रूप चतुर्दशी', 'काल चतुर्दशी' तथा 'छोटी दीवाली' के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन मृत्यु के देवता यमराज और धर्मराज चित्रगुप्त का पूजन किया जाता है और यमराज से प्रार्थना की जाती है कि उनकी कृपा से हमें नरक के भय से मुक्ति मिले। इसी दिन रामभक्त हनुमान का भी जन्म हुआ था और इसी दिन वामन अवतार में भगवान विष्णु ने राजा बलि से तीन पग भूमि दान में मांगते हुए तीनों लोकों सहित बलि के शरीर को भी अपने तीन पगों में नाप लिया था। हनुमान जयंती वैसे तो चैत्र मास की पूर्णिमा को मनाई जाती है, लेकिन उत्तर भारत के कई भागों में यह दीवाली से एक दिन पहले भी मनाई जाती है। यम को मृत्यु का देवता और संयम का अधिष्ठाता देव माना गया है। नरक चतुर्दशी के दिन सूर्योदय से पहले उठकर स्नान करना शुभ माना गया है और सायंकाल के समय यम के लिए दीपदान किया जाता है। आशय यही है कि संयम-नियम से रहने वालों को मृत्यु से जरा भी भयभीत नहीं होना चाहिए। इस दिन सूर्योदय से पहले स्नान करने का आशय ही आलस्य का त्याग करने से है और इसका सीधा संदेश यही है कि संयम और नियम से रहने से उनका स्वास्थ्य उत्तम रहेगा और उनकी अपनी साधना ही उनकी रक्षा करेगी।

नरक चतुर्दशी मनाए जाने के संबंध में मान्यता है कि इसी दिन भगवान श्रीकृष्ण ने प्रागज्योतिषपुर के राजा 'नरकासुर' नामक अधर्मी राक्षस का वध किया था और ऐसा करके उन्होंने न केवल पृथ्वीवासियों को बल्कि देवताओं को भी उसके अत्याचारों से मुक्ति दिलाई थी। उसके आतंक से पृथ्वी के समस्त शूरवीर और सम्राट भी थर-थर कांपते थे। अपनी शक्ति के घमंड में चूर नरकासुर शक्ति का दुरुपयोग करते हुए स्त्रियों पर भी अत्याचार करता था। उसने 16000 मानव, देव एवं गंधर्व कन्याओं को बंदी बना रखा था। देवों और ऋषि-मुनियों के अनुरोध पर भगवान श्रीकृष्ण ने सत्यभामा के सहयोग से नरकासुर का संहार किया था और उसके बंदीगृह से 16000 कन्याओं को मुक्ति दिलाई थी। नरकासुर से मुक्ति पाने की खुशी में देवगण व पृथ्वीवासी बहुत आनंदित हुए और उन्होंने यह पर्व मनाया गया। माना जाता है कि तभी से इस पर्व को मनाए जाने की परम्परा शुरू हुई।

धनतेरस, नरक चतुर्दशी तथा दीवाली के दिन दीपक जलाए जाने के संबंध में एक मान्यता यह भी है कि इन दिनों में वामन भगवान ने अपने तीन पगों में सम्पूर्ण पृथ्वी, पाताल लोक, ब्रह्माण्ड व महादानवीर दैत्यराज बलि के शरीर को नाप लिया था और इन तीन पगों की महत्ता के कारण ही लोग यम यातना से मुक्ति पाने के उद्देश्य से तीन दिनों तक दीपक जलाते हैं तथा सुख, समृद्धि एवं ऐश्वर्य की प्राप्ति हेतु मां लक्ष्मी का पूजन करते हैं। यह भी कहा जाता है कि बलि की दानवीरता से प्रभावित होकर भगवान विष्णु ने बाद में पाताल लोक का शासन बलि को ही सौंपते हुए उसे आशीर्वाद दिया था कि उसकी याद में पृथ्वीवासी लगातार तीन दिन तक हर वर्ष उनके लिए दीपदान करेंगे। नरक चतुर्दशी का संबंध स्वच्छता से भी है। इस दिन लोग अपने घरों का कूड़ा-कचरा बाहर निकालते हैं। इसके अलावा यह भी मान्यता है कि इस दिन प्रातःकाल सूर्योदय से पूर्व तेल एवं उबटन लगाकर स्नान करने से पुण्य मिलता है।

**(ये इनके निजी विचार हैं)**

आपकी बात

## भारतीय उद्यमियों के खिलाफ निराधार विमर्श क्यों



पंकज जगन्नाथ जयस्वाल

राहुल गांधी, शरद पवार, उद्धव ठाकरे और इंडी गठबंधन में शामिल बाकी दलों की मानसिकता स्पष्ट है, जैसे कि चुनाव जीतने के लिए कुछ भारतीय उद्यमियों के बारे में झूठे विमर्श गढ़ना। क्या आपने कभी उन्हें चीन या उन चीनी उद्यमियों का जिक्र सुना है, जिन्होंने बड़ी संख्या में हमारी नौकरियां छीन लीं, हमारा पैसा लूटा, हमारी अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाया और उस पैसे का इस्तेमाल हमारे ही देश के खिलाफ किया? क्या आपने कभी इन नेताओं को अमेरिकी और यूरोपीय उद्यमियों के बारे में चर्चा करते सुना है जिन्होंने हमारा शोषण किया? क्या ऐसा नहीं लगता कि वे 140 करोड़ के बाजार वाले देश को इन विदेशी उद्यमियों को सौंपना चाहते हैं? यह स्वार्थ और परिवार पहले- के रवैये से शुरू होता है। इसीलिए जब नरेंद्र मोदी ने ₹आत्मनिर्भर भारत₹ पहल का प्रस्ताव रखा तो ये सभी मण्डली नाराज हो गईं। भाजपा सरकार का लक्ष्य देश में रोजगार बढ़ाना है। प्रधानमंत्री मोदी ने ₹राष्ट्र पहले₹ की भावना से भारत में अधिक नौकरियां पैदा करने, भारतीय उद्यमियों को बढ़ाने और भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए पिछले दस वर्षों में 40 नीतियों को लागू किया है। धीरे-धीरे सभी क्षेत्रों में उसका सकारात्मक परिणाम हम देख रहे हैं। आपको जानकर आश्चर्य होगा कि कांग्रेस के समय में हमने देखा कि लकड़ी का फर्नीचर, जो एक भारतीय व्यवसाय है, खिलौने और कई अन्य उत्पाद जो भारत में बनाए जा सकते हैं, उन्हें चीन से जितना संभव हो सके आयात किया जा रहा था, जिससे हमारे उद्यमी कमजोर हो रहे थे और बेरोजगारी बढ़ रही थी। प्रधानमंत्री मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' पहल के तहत अधिकांश वस्तुएं अब भारत में निर्मित हो रही हैं। दिलचस्प बात यह है कि कुछ वस्तुएं और उपकरण जो हम आयात करते थे, अब निर्यात किए जा रहे हैं और आने वाले वर्षों में इसमें काफी वृद्धि होने की उम्मीद है। क्या यह विपक्ष के बीच चिंता का विषय है? इन दोनों उद्योगपतियों का गुजरात से नाता है, जैसा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का है। इसलिए, आम जनता के बीच नरेन्द्र मोदी की छवि को नुकसान पहुंचाने के लिए कई विपक्षी नेता रोजाना समाज में भ्रामक विमर्श प्रसारित कर रहे हैं, जिसमें दावा किया जा रहा है कि पीएम मोदी इन दोनों उद्यमियों की समृद्धि के लिए काम कर रहे हैं। किसी भी चीज के लिए उद्यमियों की आलोचना करना और उनकी निंदा आम बात है। व्यवसायों की अक्सर आलोचना की जाती है, भले उनका आपस में कोई संबंध न हो। अंबानी और अडानी उद्योगपति हैं जो लगातार राजनीतिक हमले से सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

अलग बात

## लेखनी को पलने-बढ़ने का माहौल देता उत्तराखंड का 'लेखक गांव'



डॉ सत्यवान सौरभ

देहरादून के निकट सुरम्य हिमालयी क्षेत्र स्थित थानो गाँव ने देश के अपनी तरह के पहले 'लेखक गांव' का गौरव हासिल किया है। इस गाँव की अवधारणा से लेकर उसका विकास उत्तराखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने किया है जो स्वयं साहित्यकार की भी पहचान रखते हैं। उनका दावा है कि इस गाँव में लेखकों को अपनी कृतियों के सर्जन के लिए जरूरी एक शांत और रचनाशील वातावरण मिलेगा। देश के पहले लेखक गाँव थानो में स्पर्श हिमालय फाउंडेशन द्वारा हाल ही में आयोजित स्पर्श हिमालय महोत्सव-2024 भारतीय साहित्य, संस्कृति और कला की समृद्ध धरोहर का प्रतीक बन गया। इस ऐतिहासिक आयोजन में उत्तराखण्ड के पहले 'लेखक गाँव' का उद्घाटन हुआ, जहाँ लेखक और विचारक प्रकृति के सान्निध्य में सृजनात्मक चिंतन की स्वतंत्रता प्राप्त कर सकते हैं। हिमालयीय वैशिष्ट्यता लिए 'लेखक गाँव' का उद्देश्य देश-दुनियाँ के उन विलक्षण, विद्वान साहित्यकारों, गीतकारों, कलाकारों को ठौर प्रदान करना है, जिनकी लेखनी ने अपने समय की कालजयी रचनाओं का सर्जन कर आमजन के बीच लोकप्रियता हासिल की। ₹लेखक गाँव₹ का यह अनूठा आयोजन न केवल साहित्यकारों को प्रेरणा प्रदान करेगा, बल्कि इस क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है। यहाँ लेखक कुटीर, संजीवनी वाटिका, नक्षत्र और नवग्रह वाटिका, पुस्तकालय और गंगा व हिमालय संग्रहालय जैसी संरचनाओं ने इसे एक सम्पूर्ण साहित्यिक तीर्थ बना दिया है। 25 से 27 अक्टूबर 2024 को स्पर्श हिमालय फाउंडेशन के तत्वावधान में देहरादून के थानो में स्थित लेखक गाँव में अंतरराष्ट्रीय कला, साहित्य और संस्कृति महोत्सव का आयोजन किया किया। इस पाँच दिवसीय महोत्सव में 65 से अधिक देशों के साहित्यकार, लेखक और कलाकारों ने भाग लिया, जो हिन्दी भाषा और उत्तराखंड की सांस्कृतिक धरोहर को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत करने में कामयाब हुए। यह महोत्सव हिन्दी भाषा के प्रचार-प्रसार का एक महत्त्वपूर्ण कदम साबित हुआ और इसमें भाग लेने वाले विदेशी साहित्यकार अपने देशों में हिन्दी के ब्रांड एंबेसडर के रूप में कार्य करेंगे। देवभूमि उत्तराखंड का यह 'लेखक गाँव' प्रदेश की अद्भुत रचनात्मकता और सृजनशीलता का प्रतीक है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**



बोधि वृक्ष

मनुष्य को यह समझने की आवश्यकता है कि उसकी अपनी बुद्धि ही उसके शरीर के अणुओं का नियंत्रण करती है। उसे मानसिक संकीर्णता के बंद कक्ष में नहीं जीना चाहिए। दूसरे लोगों के शक्तिप्रद विचारों और दृष्टिकोणों की स्वच्छ हवा में रहें।

## सुख : सकारात्मक मनोवृत्ति



श्री श्री परमहंस योगानंद

आत्मा का स्वरूप है आनन्द नित्य नवीन, नित्य परिवर्तनशील आनन्द की एक शाश्वत आन्तरिक अवस्था ।... अपनी भटकी हुई चेतना को अपने अन्त 'में स्थित उस अपरिवर्तनशील निश्चलता में स्थापित कर दीजिये जो कि ईश्वर की वेदी है; उसके बाद दिन और रात अपनी आत्मा को परमानन्द अभिव्यक्त करने दीजिये। यदि आप प्रसन्न नहीं रहना चाहते तो कोई भी आपको प्रसन्न नहीं कर सकता। उसके लिए परमात्मा को दोष मत दें! और यदि आप प्रसन्न रहना चाहते हैं, तो आपको कोई भी अप्रसन्न नहीं कर सकता। यदि उन्होंने हमें अपनी इच्छाशक्ति का प्रयोग करने की स्वतन्त्रता न दी होती, तो हम अप्रसन्न होने पर उन्हें दोष दे सकते थे, परन्तु उन्होंने यह स्वतन्त्रता हमें दी है। हम ही जीवन को जैसा यह है वैसा बनाते हैं। परिवर्तन के प्रयास के बिना हम प्रायः कष्ट भोगते रहते हैं; इसीलिए हम स्थायी शान्ति और सन्तोष प्राप्त नहीं कर पाते। यदि हम लगातार धैर्यपूर्वक प्रयत्न करते रहें तो हम निश्चित रूप से सभी कठिनाइयों पर विजय प्राप्त करने के योग्य हो जाएँगे। हमें प्रयास अवश्य करना चाहिए जिससे कि हम दुःख से सुख की ओर तथा विषाद से साहस की ओर जा सकें। अनन्त परमात्मा की हँसी आपकी मुस्कुराहट के माध्यम से अभिव्यक्त होनी चाहिये। ईश्वर के प्रेम रूपी समीर को लोगों के हृदयों में आपकी मुस्कुराहट बिखेरने दें। आपकी दिव्य मुस्कानें संक्रामक होंगी; उनकी अग्नि दूसरों के हृदयों से उदासी को निकाल भगायेगी। **(क्रमशः)**

फेसबुक वॉल से

**Brahmanical Patriarchy** · Follow
26 Jun ·

फ़िल्म 'द कश्मीर फ़ाइल्स' की विदुषी अभिनेत्री भाषा सुंबली जी ने कश्मीर का संक्षिप्त इतिहास और वहाँ कब-कब, किस-किस स्थान का नाम बदला, बहुत सुंदर ढंग से बताया।




1 share 700K plays

Like Comment Send Share

X से

**Pratik Patel** @PratikVoiceObc · 1d

यह रील भी देख लीजिए रील मंत्री जी,यह छठ पूजा का भीड़ नहीं है।

यह आम पैसेंजर ट्रेन है का जो पटना से गया जाता है।
यह पटना के बाद का पहला स्टेशन परसा का है।

इस रूट में और अधिक ट्रेन देने की जरूरत है।लेकिन रेल बजट में कुछ नहीं मिलता है।



रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/ व्हाट्सएप 82925 53444। –संपादक

आज का दोहा

वक्त उतारे आरती, वक्त लिखे इतिहास।
वक्त न उनको पूछता, वक्त न जिनके पास।।
सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)

आज की बात

## बंटेंगे तो कटेंगे कोई नारा नहीं, सच्चाई है



ललित गर्ग



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह एवं महासचिव दत्तात्रेय होसबोले ने हिंदू समुदाय को जाति और विचारधारा के आधार पर विभाजित करने के प्रयासों के खिलाफ लोगों को आगाह करते हुए समाज और लोक कल्याण के लिए 'हिंदू एकता' के महत्व पर भी जोर दिया है। अपने को बचाये रखने एवं दूसरों के मंगल के लिये हिन्दू एकता वर्तमान की बड़ी अपेक्षा है, इसलिये उन्होंने अपना विस्तृत दृष्टिकोण पेश करते हुए न केवल हिन्दू शब्द का विरोध करने वालों पर करारा प्रहार किया है, बल्कि देश में अराजकता का माहौल पैदा करने वाले मुस्लिम संगठनों पर भी सीधी चोट की है। विशेषतः नफरती एवं विघटनकारी सोच के लिये राहुल गांधी पर भी कड़ा प्रहार किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'बंटोगे तो कटोगे' बयान का समर्थन करते हुए कहा कि वर्तमान हालात में हिन्दू एकता बनाए रखना आवश्यक है, क्योंकि कई जगहों पर धर्मांतरण की घटनाएं हो रही हैं। गणेश पूजा और दुर्गा पूजा के दौरान कुछ स्थानों पर हिन्दुओं पर हमले हुए हैं। बांग्लादेश में हिन्दुओं पर तरह-तरह के अत्याचार हो रहे हैं। हिन्दुओं पर लगातार हो रहे हमलों एवं उन्हें विभाजित किये जाने की साजिशों को नियंत्रित करने के लिये हिन्दू को संगठित होना ही चाहिए। दत्तात्रेय ने जहां हिन्दुओं को जगाया वहीं राजनीतिक दलों की नींद उड़ा दी, विपक्ष विशेषतः कांग्रेस की हिन्दू विरोधी सोच का पदार्पाश किया। सरकार्यवाह होसबोले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की वार्षिक अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक में हिन्दू समाज को जाति, भाषा एवं प्रांत के भेद में बांटने के विपक्षी दलों के प्रयासों की चर्चा करते हुए कहा कि हम बंटेंगे तो निश्चित रूप से कटेंगे, इसलिये हिन्दू समाज में एकता आवश्यक है । उन्होंने इसे जीवन मंत्र जैसा बताया। दिया। उन्होंने देश के सामने कुछ ऐसी बड़ी चुनौतियों को भी रेखांकित किया, जिसे लेकर राजनीतिक दलों एवं साम्प्रदायिक संगठनों की भृकुटि कुछ तन गई है। मथुरा स्थित गऊ ग्राम परखम के दीनदयाल उपाध्याय गौ विज्ञान एवं अनुसंधान केंद्र में आयोजित 25 और 26 अक्टूबर 2024 की इस बैठक में संघ के सभी 46 प्रांतों के प्रांत एवं सह प्रांत संघचालक, कार्यवाह तथा प्रचारकों ने हिस्सा लिया। योगी आदित्यनाथ ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के दौरान एक रैली में हिंदुओं को जातियों में बांटने की विपक्षी दलों की रणनीति के प्रति आगाह करते हुए कहा था कि विपक्ष चाहता है कि मुसलमान एकजुट होकर ताकतवर और हिंदू जातियों में विभाजित होकर कमजोर बने रहें। योगी आदित्यनाथ ने पड़ोसी देश में मुसलमानों के हाथों बेगुनाह हिंदुओं के मारे जाने का हवाला देकर कहा था कि बंटेंगे तो कटेंगे। इस बयान की विपक्ष ने कड़ी आलोचना की, हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने अलग-अलग तरह से इस संदेश को आगे बढ़ाया है। इसी कड़ी में सरकार्यवाह होसबाले हिन्दू एकता एवं संगठन की आवश्यकता व्यक्त की। सरकार्यवाह होसबोले एक सक्रिय, साहसी, चिन्तनशील, राष्ट्रयोद्धा, समाजसुधारक और बदलाव लाने वाले संघ नेता हैं। वे देशहित में अच्छी रचनात्मक एवं सृजनात्मक बातें करते हैं, बदलाव चाहते हैं, राष्ट्र को तोड़ना नहीं जोड़ना चाहते हैं, अच्छी बात यह भी है कि संघ एक जागरूक संगठन है और हर समस्या पर अपना दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है। हर व्यक्ति के दिमाग में एक समस्या है और हर व्यक्ति के दिमाग में एक समाधान है। एक समस्या को सब अपनी समस्या समझे और एक का समाधान सबके काम आए। समाधान के अभाव में बढ़ती हुई समस्या संक्रामक बीमारी का रूप न ले सके, इस दृष्टि से आज का समाधान आज प्रस्तुत करने के लिए आरएसएस निरन्तर जागरूक रहता है। इसीलिये हिन्दू एकता के लिये व्यापक प्रयत्नों की अपेक्षा है। बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के लोगों की परेशानियों को लेकर भारत सरकार ने कदम उठाए हैं। दुनिया में कहीं भी किसी भी हिंदू को अगर कोई परेशानी होती है तो वह मदद के लिए भारत की तरफ ही देखता है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

### धनवंतरी जयंती और आयुर्वेद दिवस पर एआईआईए में आयोजित समारोह में बोले प्रधानमंत्री

# 500 वर्षों बाद जलेंगे रामलला के मंदिर में दीये

- पीएम ने किया 12,850 करोड़ की विभिन्न स्वास्थ्य परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास
- देशवासियों को दी धनतेरस, भगवान धनवंतरी जयंती और दीपावली की शुभकामनाएं



**नई दिल्ली (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस वर्ष की दीपावली को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि 500 वर्षों के बाद ऐसा अवसर आया है, जब अयोध्या में रामलला की जन्मभूमि पर बने मंदिर में भी हजारों दीप जलाए जाएंगे। प्रधानमंत्री ने दिल्ली और पश्चिम बंगाल में राज्य सरकारों द्वारा केंद्र की 'आयुष्मान भारत योजना' को लागू नहीं किए जाने पर चिंता जताई। धनवंतरी जयंती और 9वें आयुर्वेद दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए) में आयोजित समारोह में लगभग 12,850 करोड़ रुपये की लागत वाली विभिन्न स्वास्थ्य परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर देशवासियों को धनतेरस, भगवान धनवंतरी जयंती और दीपावली की शुभकामनाएं दीं। इस वर्ष की दीपावली को ऐतिहासिक बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, 500 वर्षों के बाद ऐसा अवसर आया है, जब अयोध्या में रामलला की जन्मभूमि पर बने उनके मंदिर में भी हजारों दीप जलाएं जाएंगे। यह एक अद्भुत उत्सव होगा। ऐसी दीपावली होगी, जब हमारे राम एक बार फिर अपने घर आए हैं, और इस बार ये प्रतीक्षा 14 वर्षों के बाद नहीं, 500 वर्षों बाद पूरी हो रही है। दिल्ली और पश्चिम बंगाल में राज्य सरकारों द्वारा केंद्र की 'आयुष्मान भारत योजना' को लागू नहीं किए जाने पर चिंता जताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि राज्य सरकारों के राजनीतिक स्वार्थ के कारण बुजुर्गों की सेवा नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह इस दर्द को शब्दों में व्यक्त नहीं कर सकते हैं। मोदी ने कहा, मैं दिल्ली और पश्चिम बंगाल के 70 वर्ष से अधिक उम्र के हर बुजुर्ग से क्षमा मांगता हूं कि मैं आपकी सेवा नहीं कर पाऊंगा। मुझे पता तो चलेगा कि आपको कष्ट है, लेकिन मैं आपकी सहायता नहीं कर पाऊंगा, क्योंकि अपने राजनीतिक स्वार्थ के कारण दिल्ली और पश्चिम बंगाल की सरकार 'आयुष्मान भारत योजना' से जुड़ नहीं रही है। प्रधानमंत्री ने कहा- एक समय था, जब इलाज में लोगों के घर, जमीन और गहने सब बिक जाते थे। गंभीर बीमारी के इलाज का खर्च सुनते ही गरीब की आत्मा कांप जाती थी। पैसे की कमी की वजह से इलाज न करा पाने की बेबसी, बेचारगी गरीब को तोड़ कर रख देती थी। उन्होंने कहा कि गरीबों की इस बेबसी को देखते हुए ही 'आयुष्मान भारत' योजना शुरू की गई। उन्होंने कहा कि सरकार ने तय किया कि गरीब के 5 लाख रुपये तक के इलाज का खर्च सरकार उठाएगी। देश में लगभग 4 करोड़ गरीबों ने आयुष्मान भारत योजना का लाभ उठाया है। उन्होंने कहा कि चुनाव के समय मैंने गारंटी दी थी कि तीसरे कार्यकाल में 70 वर्ष से ऊपर के सभी बुजुर्गों को 'आयुष्मान योजना' के अंतर्गत लाया जाएगा।

## पहली हेलीकॉप्टर एंबुलेंस सेवा का शुभारंभ

**ऋषिकेश (हि.स.)।** धनवंतरी जयंती एवं आयुर्वेद दिवस के अवसर पर एम्स ऋषिकेश की ओर से संचालित की जाने वाली देश की पहली हेली एंबुलेंस मेडिकल सेवा 'संजीवनी' का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को वर्चुअली शुभारंभ किया। इस मौके पर एम्स ऋषिकेश सभागार के मेन ऑडिटोरियम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के अलावा केंद्रीय उद्यान राज्यमंत्री किंजरापु राममोहन नायडू, राज्य स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत, वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल और सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत मौजूद थे।

## पश्चिम बंगाल के एम्स-कल्याणी में हुआ नई सुविधाओं का उद्घाटन

**कोलकाता (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में स्थित एम्स-कल्याणी में कई नई सुविधाओं का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया। इन सुविधाओं में कार्डियक कैथ लैब और एक जन औषधि केंद्र शामिल है। इस कार्यक्रम में भाजपा सांसद जगन्नाथ सरकार, शमिक भट्टाचार्य और अन्य पार्टी नेता एम्स-कल्याणी परिसर में उपस्थित थे। एम्स-कल्याणी के अधिकारियों ने बताया कि कार्डियक कैथ लैब में हृदय के कक्षों, धमनियों और अन्य भागों को देखने के लिए इमेजिंग उपकरण लगे हैं, जबकि नई कार्डियोपल्मोनरी बाईपास मशीन हृदय और फेफड़ों के कार्यों को अस्थायी रूप से संभाल सकती है, जो सर्जरी के दौरान सहायक होती है।

## रायपुर में केंद्रीय योग व प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान का हुआ शिलान्यास

**रायपुर (हि.स.)।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर वर्चुअल माध्यम से छत्तीसगढ़ के रायपुर में बनने वाले 100 बिस्तरों वाले केंद्रीय योग और प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (सीआरआईवाईएन) का शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री मोदी अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान, नई दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से रायपुर से जुड़े थे। मोदी ने कहा कि देश के लोग जितना ज्यादा स्वस्थ रहेंगे, देश की प्रगति उतनी ही तेजी से होगी। पूरी दुनिया के लोग योग और पंचकर्म के लिए भारत आते हैं और आने वाले समय में इनकी संख्या और बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि भारत सरकार स्वास्थ्य के क्षेत्र में संवेदनशीलता के साथ काम रही है।



## पीएम ने मप्र में किया तीन नए मेडिकल कॉलेज का लोकार्पण

**भोपाल (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धनतेरस पर मध्य प्रदेश को एक साथ कई सौगातें दीं। उन्होंने मंगलवार को प्रदेश के तीन मेडिकल कॉलेज का वर्चुअली लोकार्पण किया। ये मेडिकल कॉलेज- मंदसौर, नीमच और सिवनी में खोले जा रहे हैं। तीनों मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की 100-100 सीटें होंगी। प्रधानमंत्री मोदी दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान से लोकार्पण और भूमिपूजन कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़े। उन्होंने प्रदेश के 81 लाख किसानों के खाते में राज्य सरकार की मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के 1624 करोड़ रुपये की राशि भी ट्रांसफर की।

## कोर्ट ने सीबीआई की चार्जशीट पर संज्ञान लेने पर फैसला सुरक्षित रखा

**नई दिल्ली (हि.स.)।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने ओल्ड राजेंद्र नगर इलाके में राउज आईएएस स्टडी सर्किल में जलसैलाब से हुई तीन छात्रों की मौत के मामले में सीबीआई की ओर से दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लेने के मामले पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। एडिशनल चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट निशांत गर्ग ने चार्जशीट पर संज्ञान लेने के मामले पर 14 नवंबर को फैसला सुनाने का आदेश दिया। सीबीआई ने 14 अक्टूबर को छह आरोपितों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। सीबीआई ने चार्जशीट में परविंदर सिंह, तजिंदर सिंह, हरविंदर सिंह और सरबजीत सिंह, कोचिंग के सीईओ अभिषेक गुप्ता और कोआर्डिनेटर देशपाल सिंह को आरोपित बनाया है।

# राजस्थान में बेकाबू बस पुलिया से टकराई, 11 लोगों की मौत



**जयपुर/सीकर (हि.स.)।** राजस्थान के सीकर के लक्ष्मणगढ़ थाना इलाके में मंगलवार को एक बेकाबू बस पुलिया से टकरा गई। इस हादसे में ग्यारह लोगों की मौत हो गई और कई अन्य लोग घायल हुए हैं। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को लक्ष्मणगढ़ और सीकर के अस्पताल पहुंचाया। राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हादसे पर संवेदना व्यक्त की है। पुलिस के अनुसार बस सुजानगढ़ से वाया सालासर-लक्ष्मणगढ़-नवलगढ़ जा रही थी।

बस की रफ्तार तेज होने के कारण बस एक घुमाव में नहीं घुम पाई और सामने पुलिया से टकरा गई। फिलहाल, घायलों को जिला अस्पताल लक्ष्मणगढ़ पहुंचाया गया है। मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है। लक्ष्मणगढ़ थाने के एएसआई रामदेव सिंह ने बताया कि यात्रियों से भरी एक बस सालासर से नवलगढ़ जा रही थी। लक्ष्मणगढ़ में तेज रफ्तार बस संतुलन बिगड़ने पर पुलिया से जा टकराई। घटनास्थल पर पांच लोगों की मौत हो गई जबकि छह अन्य यात्रियों की अस्पताल में मौत हुई है। इस भीषण सड़क हादसे में 33 यात्री घायल हुए हैं। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को लक्ष्मणगढ़ के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया है। शवों को मोर्चरी में रखवाया। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हादसे पर संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि सीकर के लक्ष्मणगढ़ क्षेत्र में बस दुर्घटना में हुई जनहानि अत्यंत दुःखद एवं हृदयविदारक है। मेरी गहरी संवेदनाएं मृतकों के शोकसंतप्त परिवारजनों के साथ हैं। संबंधित अधिकारियों को घायलों का समुचित उपचार सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया है।

# सेना के वाहन पर हमला करने वाले दो आतंकी ढेर

### सेना के एक श्वान की भी मौत

**श्रीनगर (हि.स.)।** जम्मू-कश्मीर के अखनूर सेक्टर में सेना के काफिले में शामिल एंबुलेंस पर फायरिंग करने वाले अन्य दोनों आतंकवादियों को भी सुरक्षाबलों ने मार गिराया है। इससे पहले सोमवार को एक आतंकी को सुरक्षाबलों ने मार गिराया था।

इस तरह सेना की एंबुलेंस पर हमला करने वाले तीनों आतंकवादियों को सुरक्षाबलों ने ढेर कर दिया है। इस ऑपरेशन में सेना का एक श्वान फैंटम भी गोली लगने से मारा गया। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने मंगलवार सुबह जम्मू-कश्मीर के अखनूर सेक्टर के एक गांव के पास जंगल में छिपे दो आतंकवादियों को भी मार गिराया है, जिससे नियंत्रण रेखा के पास 27 घंटे तक चली मुठभेड़ में मारे गए आतंकवादियों की संख्या तीन हो गई है। दरअसल, सोमवार सुबह एलओसी के पास सेना के काफिले में शामिल एंबुलेंस पर तीन आतंकवादियों ने गोलीबारी की थी। इसके बाद अन्य दोनों आतंकवादियों को सुरक्षाबलों ने घेर लिया था।

इस कार्रवाई में विशेष बलों और एनएसजी कमांडो और बीएमपी-पैदल सेना के लड़ाकू वाहनों का इस्तेमाल भी किया गया। अधिकारियों के अनुसार सोमवार को सेना और पुलिस की संयुक्त टीमों ने साथ बटाल-खौर क्षेत्र के जोगवान गांव में असन मंदिर के पास रात भर की निगरानी की। इसके बाद मंगलवार को सुबह फिर भीषण गोलीबारी हुई।

## आज का राशिफल

**मेष :** लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है।धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग।

**वृष :** स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। यात्रा का योग हैं। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा।

**मिथुन :** प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी।

**कर्क :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे।

**सिंह ::** शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा पर प्रपंच में ना पड़े अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**कन्या :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। स्वास्थ्य लाभ में व्यय होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे।

**तुला :** स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बने रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी।

**वृश्चिक :** लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी।

**धनु :** जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती हैं। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

**मकर :** प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। स्वविवेक से कार्य करें। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा। माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। पूजा-पाठ आदि धार्मिक कार्य संपन्न होंगे।

**कुंभ :** किसी से कहा सुनी न हो यह ध्यान रहें। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म में रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी।

**मीन :** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है।

## प्रियंका ने नुक्कड़ सभाओं में केंद्र सरकार पर साधा निशाना

### वायनाड उपचुनाव में प्रचार अभियान जारी



**नई दिल्ली (हि.स.)।** कांग्रेस महासचिव और वायनाड लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार प्रियंका गांधी वाड्रा का चुनाव प्रचार जारी है। मंगलवार को उन्होंने नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार पर नफरत की राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने एक बार फिर क्षेत्र के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। प्रियंका ने आज वायनाड के ईंगापुझा, थेरट्टम्मल, ममपैड, चुंगथरा में नुक्कड़ सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में देश में नई तरह की राजनीति हो रही है। यह राजनीति विभाजन पैदा करती है और लोगों को उनके भाइयों-बहनों से डरना तथा नफरत करना सिखाती है। इस तरह की राजनीति असल में प्रधानमंत्री के मुट्ठीभर अमीर दोस्तों के लिए काम करती है। उन्होंने कहा कि वायनाड के लोगों का प्रमुख कार्य कृषि है। वर्तमान सरकार किसानों की सुन नहीं रही है। उत्तर भारत में किसानों ने विरोध स्वरूप दिल्ली की ओर मार्च किया, तब भी प्रधानमंत्री ने उनकी बात नहीं सुनी।

## राष्ट्रपति ने कलाकारों के समूह से की मुलाकात, कला प्रदर्शनी देखी



**नई दिल्ली (हि.स.)।** कलाकारों के एक समूह ने मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति ने इन कलाकारों द्वारा राष्ट्रपति भवन प्रवास के दौरान बनाई गई कलाकृतियों की प्रदर्शनी भी देखी। राष्ट्रपति ने कलाकृतियों की सराहना करते हुए कहा कि इनमें मानव और प्रकृति के बीच शाश्वत संबंध परिलक्षित होता है। उन्होंने सभी से ऐसी कलाकृतियों को सराहने और खरीद कर इन कलाकारों को प्रोत्साहित करने का आह्वान किया। ये कलाकार छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, मिजोरम, तेलंगाना, उत्तराखंड और झारखंड में विभिन्न बाघ अभ्यारण्यों के पास रहते हैं। वे आर्टिस्ट-इन-रेजिडेंसी फर्स्ट क्रिएट 2024 के तहत 21 अक्टूबर से अभी तक राष्ट्रपति भवन में रुके थे।

### घाटों पर बनाई गई 'दीप' और राम मंदिर की कलाकृति

# अयोध्या में दिव्य 'दीपोत्सव' आज

**अयोध्या (आईएएनएस)।** भागवान राम की नगरी अयोध्या में आठवें 'दीपोत्सव' की तैयारियां जोरों पर हैं। राम की पैड़ी पर दीप बिछाने का काम पूरा हो चुका है। 'दीपोत्सव' को भव्य बनाने के लिए राम की पैड़ी पर हजारों दीपों से कलाकृति बनाई गई है।30 अक्टूबर की शाम को अयोध्या 'दीपोत्सव' का जश्न मनाया जाएगा। सीएम योगी आदित्यनाथ भी दीपोत्सव के कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। स्वंय सेवक अजय तिवारी ने मंगलवार को आईएएनएस से बातचीत में बताया कि इस बार घाट पर दीपों से 'दीप कलाकृति' बनाई गई है। पिछली बार यहां दीपों से राम दरबार बनाया गया था। हमें डेढ़ लाख दीपों को बिछाने का टारगेट दिया गया था, लेकिन ढाई लाख से अधिक दीपों को यहां बिछाया गया है। एक दिन बाद इन दीपों में बाती लगाई जाएगी, जिसके बाद सभी दीपों को जलाया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद अयोध्या में पहला दीपोत्सव मनाया जा रहा है। इस बार का दीपोत्सव पिछली बार के मुकाबले भव्य, दिव्य और नव्य होगा। मैं सीएम योगी से यही अपील करूंगा कि वे 'दीपोत्सव' को राष्ट्रीय मेला घोषित करें। अयोध्या के दीपोत्सव को भव्य बनाने में बच्चे भी जुटे हुए हैं। बच्चों ने करीब दस हजार दीपों का इस्तेमाल करके राम मंदिर और धनुष बाण बनाया है। वॉलेंटियर अंजलि यादव ने बताया कि घाट पर दीपों का इस्तेमाल करके एक कलाकृति बनाई गई है। इसमें राम मंदिर और धनुष बाण को दर्शाया गया है। हमारा सौभाग्य है कि हमें इस बार दीपोत्सव में शामिल होने का मौका मिलेगा। राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के बाद यह पहला अवसर है कि जब 'दीपोत्सव' भव्य होने जा रहा है। अवध यूनिवर्सिटी में कार्यरत डॉ मयंक पाल सिंह ने कहा कि हर साल 'दीपोत्सव' का कार्यक्रम और भी भव्य होता जा रहा है। पिछले साल भी यूनिवर्सिटी के छात्रों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया था और इस बार भी उन्होंने एक अच्छी कलाकृति बनाई है। राम मंदिर और धनुष बाण को बनाने में दो से ढाई हजार और पूरी जगह को सजाने में लगभग 10 हजार दीपों का इस्तेमाल किया गया है।

### उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ भी कार्यक्रम में रहेंगे मौजूद



## न्यूज बॉक्स

### विधायक जीशान बाबा सिद्दीकी को धमकी देने वाला शख्स नोएडा में गिरफ्तार

**मुंबई (हि.स.)।** पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी के बेटे विधायक जीशान सिद्दीकी को रंगदारी न देने पर जान से मारने की धमकी देने वाले शख्स को पुलिस ने उत्तर प्रदेश के नोएडा से गिरफ्तार किया है। मुंबई पुलिस आरोपित गुरफान खान (20) को मुंबई ला रही है। पुलिस के अनुसार बांद्रा पूर्व में स्थित उपमुख्यमंत्री अजीत पवार की राकांपा के नेता जीशान सिद्दीकी के कार्यालय में शुक्रवार को एक धमकी भरा फोन आया था। फोनकर्ता ने जीशान सिद्दीकी और फिल्म अभिनेता सलमान खान को रंगदारी की रकम न देने पर जान से मारने की धमकी दी थी। इसके बाद जीशान के कार्यालय में काम करने वाले पदाधिकारी ने इस धमकी की रिपोर्ट निर्मलनगर पुलिस स्टेशन में अज्ञात शख्स के विरुद्ध दर्ज करवाई। पुलिस ने फोन काल की जांच शुरू की और आरोपित के नोएडा में छिपे होने का पता चला। इसके बाद मुंबई पुलिस ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से सोमवार को धमकी देने वाले गुरफान खान को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले की गहन छानबीन जारी है।

### गाजियाबाद कोर्ट में जिला जज से वकील ने की बदसलूकी, हंगामा

**गाजियाबाद (हि.स.)।** दिल्ली से सटे गजियाबाद के जिला कोर्ट में मंगलवार को एक जमानत के मामले में अधिवक्ता व जिला जज के बीच जमकर बहस हो गई। जिसके बाद जमकर हंगामा हुआ। भारी हंगामे के बीच पुलिस के पहुंचने पर मामला और ज्यादा बढ़ गया। इसके बाद पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा, जिससे कई वकील घायल हो गए। पश्चिमी उत्तर प्रदेश अधिवक्ता एसोसिएशन ने पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

### केरल के मंदिर में आतिशबाजी के दौरान भीषण हादसा, 154 घायल



नौ लोगों की हालत गंभीर

कासरगोड (हि.स.)। केरल के नीलेश्वरम के निकट सोमवार की देर रात एक मंदिर में थेय्यम महोत्सव के दौरान भीषण हादसा हुआ। इसमें आतिशबाजी के दौरान आग लगने व भगदड़ मचने से 154 से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों में 9 की हालत गंभीर है। घायलों को कासरगोड, कन्नूर और मंगलुरु के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक हादसा सोमवार आधी रात के बाद हुआ, जिसमें अंजुताम्बलम वीरारकावु मंदिर के निकट जमा करके रखे गए पटाखों के जखीरे में आग लग गई। आतिशबाजी के दौरान चिंगारी उस जगह जा गिरी, जहां पटाखों को जमा किया गया था। इसके बाद भीषण रूप से इलाके में आग लग गई। हादसे की सूचना पर पहुंचे कलेक्टर और जिला पुलिस प्रमुख सहित जिला प्रशासन के शीर्ष अधिकारियों ने तत्काल बचाव व राहत कार्य शुरू कराया। कुल 154 लोग विस्फोट और उसके बाद मची भगदड़ में घायल हुए हैं। इनमें से 97 लोग विभिन्न अस्पतालों में भर्ती हैं। मंदिर प्रबंधन ने त्योहार के लिए लगभग 25,000 रुपये के हल्के पटाखे रखे थे, जो मंगलवार रात को समाप्त होना था। मंदिर समिति के दो सदस्यों को हिरासत में लिया गया है।

### प्रधानमंत्री ने जन्म शताब्दी पर कार्तिक उरांव को दी श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को आदिवासी नेता कार्तिक उरांव को उनकी जन्म शताब्दी पर श्रद्धांजलि दी। मोदी ने उरांव को महान नेता बताया। कहा कि उन्होंने अपना पूरा जीवन आदिवासी समुदाय के अधिकारों और स्वाभिमान के लिए समर्पित कर दिया और आदिवासी संस्कृति और पहचान की रक्षा के लिए आदिवासी समाज के मुखर प्रवक्ता रहे। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, आदिवासी समुदाय के अधिकार और आत्मसम्मान के लिए जीवनपर्यंत समर्पित रहे देश के महान नेता कार्तिक उरांव को उनकी जन्म-शताब्दी पर आदरपूर्ण श्रद्धांजलि। वे जनजातीय समाज के एक मुखर प्रवक्ता थे, जो आदिवासी संस्कृति और अस्मिता की रक्षा के लिए निरंतर संघर्षरत रहे। वंचितों के कल्याण के लिए उनका अतुलनीय योगदान देशवासियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा। उल्लेखनीय है कि कार्तिक उरांव का जन्म 29 अक्टूबर 1924 को तत्कालीन बिहार के गुमला जिले के करौंदा लिटाटोली गांव में हुआ था। कांग्रेस नेता कार्तिक उरांव तीन बार लोकसभा और एक बार विधानसभा के सदस्य रहे।08 दिसंबर 1981 को उनका निधन हो गया।

### केदारनाथ धाम के क्षेत्र रक्षक भुकुंट भैरवनाथ के कपाट शीतकाल के लिए बंद

**केदारनाथ (हि.स.)।** केदारनाथ धाम के क्षेत्र रक्षक भुकुंट भैरवनाथ के कपाट विधि-विधान के साथ शीतकाल के लिए बंद हो गए हैं। इस अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भुकुंट भैरवनाथ का आशीर्वाद लिया। केदारनाथ धाम के कपाट बंद होने से पूर्व भैरवनाथ के कपाट मंगलवार या शनिवार को बंद किए जाने की परंपरा है, जिसका पालन सदियों से किया जा रहा है। केदार बाबा के कपाट बंद से पहले मंगलवार को अपराह्न डेढ़ बजे भगवान केदारनाथ के द्वारपाल रक्षक भुकुंट भैरवनाथ के कपाट शीतकाल के लिए विधि-विधान के साथ पूजन अर्चन करने के बाद बंद कर दिए गए। इस अवसर पर विश्व कल्याण तथा चारधाम यात्रा के निर्विघ्नसमापन की प्रार्थना की गई। इसके पश्चात अपराहन डेढ़ बजे भगवान भैरवनाथ के कपाट शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए।

### भारत-चीन सेनाओं की डेप्सांग और डेमचोक से वापसी प्रक्रिया लगभग पूरी



**नई दिल्ली (हि.स.)।** भारत-चीन सीमा के पूर्वी लद्दाख सेक्टर के डेप्सांग और डेमचोक इलाकों में दोनों ओर से सैनिकों की वापसी की प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है। फिलहाल भारत और चीन की सेनाएं एक-दूसरे द्वारा वहां पीछे हटने और बुनियादी ढांचे को हटाने का सत्यापन कर रही हैं। रक्षा सूत्रों ने इस बात की पुष्टि की है कि भारत और चीन की सेना की पीछे हटने की प्रक्रिया पूरी हो गई है। दोनों देशों के बीच बनी सहमति के तहत सैन्य वापसी के लिए आज तक की समय सीमा तय की गई थी। उल्लेखनीय है कि विदेश मंत्रालय ने पिछले सप्ताह पुष्टि की थी कि भारत और चीन के बीच लद्दाख के नजदीक वास्तविक नियंत्रण रेखा पर 2020 में पैदा हुई सैन्य तनातनी का समाधान हो गया है। दोनों देशों के बीच राजनयिक और सैन्य स्तर पर हुई चचार्ओं के बाद सैन्य गश्त को लेकर सहमति बनी है, जिसके बाद दोनों ओर से अग्रिम तैनाती खत्म की जानी थी।

# भारत के खिलाफ अंतिम टेस्ट से बाहर हुए केन विलियमसन



**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड के बल्लेबाज केन विलियमसन भारत के खिलाफ शुक्रवार से मुंबई में शुरू होने वाले तीसरे और अंतिम टेस्ट मैच में नहीं खेलेंगे। 34 वर्षीय विलियमसन, जो बेंगलुरु और पुणे में पहले दो टेस्ट में भी नहीं खेल पाए थे, तीसरे टेस्ट का भी हिस्सा नहीं होंगे, इसके बजाय वह इंग्लैंड के खिलाफ आगामी तीन टेस्ट मैचों की घरेलू श्रृंखला के लिए तैयार होने के लिए अपनी कमर की चोट का पुनर्वास जारी रखेंगे। इंग्लैंड का पहला टेस्ट 28 नवंबर से क्राइस्टचर्च के हेग्ले ओवल में शुरू होगा। न्यूज़ीलैंड ने बेंगलुरु में भारत को आठ विकेट से और पुणे में 113 रन से हराकर 2-0 की अजेय बढ़त बना ली और भारत में पहली बार ऐतिहासिक टेस्ट सीरीज़ जीत ली है। न्यूजीलैंड के मुख्य कोच गैरी स्टीड ने कहा, "केन लगातार अच्छे संकेत दिखा रहे हैं, लेकिन वह विमान में चढ़ने और हमारे साथ जुड़ने के लिए बिल्कुल तैयार नहीं हैं। हालांकि चीजें आशाजनक दिख रही हैं, हमें लगता है कि उसके लिए सबसे अच्छा कदम न्यूजीलैंड में रहना और अपने पुनर्वास के अंतिम भाग पर ध्यान केंद्रित करना है, इसलिए उसके लिए इंग्लैंड जाना अच्छा रहेगा। इंग्लैंड सीरीज में अभी एक महीना बाकी है इसलिए अभी सतर्क रुख अपनाने से यह सुनिश्चित हो जाएगा कि वह क्राइस्टचर्च में पहले टेस्ट के लिए तैयार हैं।

## लंका टी10 सुपर लीग के लिए प्लेयर ड्राफ्ट 10 नवंबर को

**कोलंबो।** लंका टी10 सुपर लीग के उद्घाटन संस्करण के लिए प्लेयर ड्राफ्ट 10 नवंबर, 2024 को कोलंबो में होगा। इस टूर्नामेंट का आयोजन 12 से 22 दिसंबर तक किया जाएगा, जिसमें छह फ्रेंचाइजी टीमें शामिल होंगी। क्रिकेट के सबसे तेज प्रारूप में स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। प्रत्येक फ्रेंचाइजी अपनी टीम के लिए अधिकतम 17 खिलाड़ियों और न्यूनतम 15 खिलाड़ियों का चयन करेगी। खिलाड़ी पंजीकरण की समय सीमा 1 नवंबर और खिलाड़ी के हस्ताक्षर करने की समय सीमा 5 नवंबर को समाप्त हो रही है। प्रत्येक फ्रेंचाइजी को प्रत्येक श्रेणी से सीधे छह खिलाड़ियों-एक आइकन खिलाड़ी, एक प्लैटिनम खिलाड़ी, एक श्रेणी ए खिलाड़ी श्रीलंका से, और एक विदेशी खिलाड़ी, इसी तरह श्रेणी बी से, एक स्थानीय और एक विदेशी खिलाड़ी को अनुबंधित करने की अनुमति है। ड्राफ्ट में 11 राउंड होंगे, पहले राउंड का निर्णय मैन्युअल ड्रा द्वारा किया जाएगा और शेष राउंड पिक ऑर्डर के लिए रैंडमाइज़र द्वारा निर्धारित किए जाएंगे। पहले दो राउंड में, दो शीर्ष स्तरीय खिलाड़ियों - एक श्रीलंकाई और एक विदेशी - का चयन किया जाएगा, प्रत्येक की कीमत 35,000 अमेरिकी डॉलर (श्रेणी 'ए') होगी। तीसरे और चौथे राउंड में 2 अन्य खिलाड़ी, एक श्रीलंकाई और एक विदेशी, प्रत्येक को 20,000 अमेरिकी डॉलर (श्रेणी 'बी') पर चुना जाएगा। राउंड 5 से 7 में, फ्रेंचाइजी दो श्रीलंकाई खिलाड़ियों और एक विदेशी खिलाड़ी को चुन सकती हैं।




# फाइनल तक नहीं पहुंचने का दुख लेकिन कांस्य जीतने की खुशी



**26** नवंबर से ओमान में खेला जाएगा जूनियर एशिया कप

*भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम के कप्तान आमिर अली ने स्वीकार किया कि सुल्तान जोहोर कप के फाइनल के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाने से वह दुखी हैं लेकिन कहा कि खाली हाथ लौटने से कांस्य पदक काफी अच्छा है।*

एजेंसी

**बेंगलुरू ।** भारतीय जूनियर पुरूष हॉकी टीम के कप्तान आमिर अली ने स्वीकार किया कि सुल्तान जोहोर कप के फाइनल के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाने से वह दुखी हैं लेकिन कहा कि खाली हाथ लौटने से कांस्य पदक काफी अच्छा है। भारत ने तीसरे और चौथे स्थान के मुकाबले में न्यूजीलैंड को शूटआउट में हराकर मलेशिया के जोहोर बाहरू में हुए जूनियर टूर्नामेंट में कांस्य पदक जीता। अली ने कहा, 'गोल औसत के आधार पर फाइनल से बाहर रहने का हमें दुख है लेकिन एक टीम के रूप में हमने तय किया कि पीछे मुड़कर देखने का कोई फायदा नहीं है। हमने कांस्य पदक के मुकाबले पर फोकस करने का फैसला किया और खुद से वादा किया कि हम खाली हाथ नहीं लौट सकते। भारत पूरे टूर्नामेंट में अंकों के आधार पर शीर्ष पर रहा लेकिन ऑस्ट्रेलिया से 0.4 से हार के बाद गोल औसत में ब्रिटेन से एक गोल से पिछड़कर फाइनल में जगह नहीं बना सका। जूनियर टीम के कोच के तौर पर महान गोलकीपर पी आर श्रीजेश का यह पहला टूर्नामेंट था। अली ने कहा, 'हमें श्री भाई (श्रीजेश) से बेहतर मेंटोर नहीं मिल सकता था। वह लगातार हमसे कहते रहे कि मैचों का मजा लो और हमने दबाव लिये बिना खेला। हमने गोल गंवाने के बाद वापसी की और वे मैच जीते भी। अब भारतीय जूनियर टीम की नजरें जूनियर एशिया कप खिताब जीतने पर लगी है जो अगले साल होने वाले एफआईएच जूनियर विश्व कप का क्वालीफाइंग टूर्नामेंट है। जूनियर एशिया कप 26 नवंबर से ओमान में खेला जाएगा।

# 'नारी शक्ति की सच्ची एम्बेसडर': पूर्व हॉकी कप्तान रानी रामपाल के संन्यास पर पीएम मोदी ने लिखा पत्र

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की पूर्व महिला हॉकी कप्तान रानी रामपाल की खेल में उनके योगदान के लिए प्रशंसा की है। रानी ने गुरुवार को हॉकी में अपने 16 साल के करियर का समापन करते हुए संन्यास की घोषणा की। वह हरियाणा के एक छोटे से शहर से उभरी और भारत की सबसे सफल हॉकी खिलाड़ियों में से एक बन गई। 29 वर्षीय खिलाड़ी ने महिला टीम को ओलंपिक में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया जिसने 2021 टोक्यो खेलों में चौथा स्थान हासिल किया। पीएम मोदी ने रानी को पत्र में लिखा, 'भारतीय महिला हॉकी में आपकी 28 नंबर की जर्सी बेजोड़ कौशल और अजेय लक्ष्यों का पर्याय थी। हालांकि यह फिर से मैदान पर नहीं दिखाई देगी, लेकिन देश की सबसे सफल खिलाड़ियों में से एक के रूप में आपने हमें जो यादें दीं, उन्हें हमेशा संजोया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा, 'खेल खेलने वाले सबसे युवा खिलाड़ियों में से एक होने के नाते, आपने अपने पदार्पण के समय टीम में एक नई ऊर्जा लाई। तब से एक फॉरवर्ड के रूप में आपने डिफेंस को भेदा, गोलकीपरों को चकमा दिया और 200 से अधिक गोल किए।' रानी ने 2008 में ओलंपिक क्वालीफायर में 14 साल की उम्र में अपना अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया और भारत के लिए 254 मैचों में 205 गोल किए। उन्हें 2020 में मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया और उसी वर्ष देश के चौथे सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पद्म श्री से भी सम्मानित किया गया। मोदी ने कहा, 'जिस तरह से आपके प्रदर्शन ने कई एशिया कप संस्करणों में भारत की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, विभिन्न अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में आपका 'सर्वश्रेष्ठ युवा खिलाड़ी' और 'टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी' प्रदर्शन, 2018 एशियाई खेलों में पदक ये उन शानदार यादों के कुछ उदाहरण हैं जो आपने हॉकी प्रेमियों को दी हैं। प्रधानमंत्री ने विशेष रूप से 2021 टोक्यो ओलंपिक में उनके प्रदर्शन की सराहना की, जिसके बारे में उन्होंने कहा कि इसने एक स्थायी विरासत छोड़ी है। उन्होंने कहा, 'एक कप्तान के रूप में सबसे बड़े मंचों पर उल्लेखनीय दृढ़ संकल्प के साथ भारत का नेतृत्व करने के बाद आप कई पदकों और यादों की एक महान विरासत छोड़ गई हैं। टोक्यो ओलंपिक में आपका खेल और नेतृत्व विशेष रूप से सभी को याद है। टूर्नामेंट में टीम के उत्साही प्रदर्शन ने प्रशंसकों और खिलाड़ियों की युवा पीढ़ी को उत्साहित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'आप हमारे देश की नारी शक्ति की अपार क्षमता की सच्ची एम्बेस्डर रही हैं। उत्कृष्टता को पुनर्परिभाषित करने और युवा खिलाड़ियों के लिए एक मानक स्थापित करने के जरिए आपने दिखाया है कि भारतीय महिलाएं जो हासिल कर सकती हैं उसकी कोई सीमा नहीं है। रानी को हाल ही में सब-जूनियर महिला खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय कोच के रूप में शामिल किया गया था। प्रधानमंत्री ने कहा, 'यह देखकर खुशी होती है कि आप खेल के करीब रहेंगी और भविष्य के खिलाड़ियों के लिए एक संरक्षक की भूमिका निभाएंगी। यह नया अध्याय उनके लिए खेल में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक से सीखने का एक शानदार अवसर है।



*मोदी ने कहा, 'जिस तरह से आपके प्रदर्शन ने कई एशिया कप संस्करणों में भारत की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, विभिन्न अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में आपका 'सर्वश्रेष्ठ युवा खिलाड़ी' और 'टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी' प्रदर्शन, 2018 एशियाई खेलों में पदक ये उन शानदार यादों के कुछ उदाहरण हैं जो आपने हॉकी प्रेमियों को दी हैं।*

# 7 साल बाद हांगकांग सिक्सेस की वापसी

## पहले दिन भारत-पाकिस्तान होंगे आमने-सामने



एजेंसी

**नई दिल्ली।** बहुप्रतीक्षित और खेल का सबसे तेज़ रूप, हांगकांग क्रिकेट सिक्सेस सभी का मनोरंजन करने के लिए वापस आ गया है। टूर्नामेंट का आयोजन 1 से 3 नवंबर तक टिन क्वांग रोड क्रिकेट ग्राउंड में किया जाएगा, जिसमें 12 टीमें शामिल होंगी, जो सिक्स-ए-साइड मैचों में प्रतिस्पर्धा करेंगी। 12 टीमों को तीन-तीन के चार पूल में विभाजित किया गया है और वे राउंड-रॉबिन प्रारूप में प्रतिस्पर्धा करेंगी। रॉबिन उथप्पा के नेतृत्व में भारत पूल सी का हिस्सा है और यूएई के साथ उसका चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान भी है। पूल ए में मेजबान हांगकांग का मुकाबला दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड से होगा जबकि पूल बी में ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और नेपाल शामिल हैं। पूल डी में श्रीलंका, बांग्लादेश और ओमान के बीच मुकाबला होगा। टूर्नामेंट की शुरुआत दक्षिण अफ्रीका और हांगकांग के बीच मैच के साथ होगा, जबकि पहले दिन भारत और पाकिस्तान के बीच भी हाईवोल्टेज भिड़ंत होगी। प्रत्येक पूल से शीर्ष दो टीमें क्वार्टर फाइनल खेलेंगी और क्वार्टर फाइनल राउंड के विजेता आगे सेमीफाइनल में पहुंचेंगे। जो टीमें क्वार्टर में हारेंगी वे प्लेट सेमीफाइनल खेलेंगी। प्रत्येक पूल में सबसे निचले स्थान पर रहने वाली टीम बाउल प्रतियोगिता खेलेगी। प्रतियोगिता के तीन दिनों में कुल 29 मैच होंगे। पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ मनाने के लिए टूर्नामेंट के अंतिम दिन एक महिला प्रदर्शनी मैच भी निर्धारित किया गया है। हांगकांग सिक्सेस 2024 के सभी रोमांचक मैचों का प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स और फैनकोड पर किया जाएगा। प्रसारण सुबह 8:15 बजे (हांगकांग समय) और सुबह 5:45 बजे (भारतीय समयानुसार) किया जाएगा।

# रंगपुर राइडर्स के मुख्य कोच नियुक्त हुए आर्थर

एजेंसी



**ढाका।** रंगपुर राइडर्स ने मिकी आर्थर को अपना मुख्य कोच नियुक्त किया है। 56 वर्षीय आर्थर ग्लोबल सुपर लीग से फ्रैंचाइज़ की कमान संभालेंगे, जो 26 नवंबर से शुरू हो रही है। वह इस सीजन के बांग्लादेश प्रीमियर लीग (बीपीएल) के दौरान रंगपुर टीम के प्रभारी भी होंगे। आर्थर ने हाल ही में लंका प्रीमियर लीग में दांबुला ऑरा टीम के साथ काम किया है। वह वर्तमान में डर्बीशायर के क्रिकेट निदेशक भी हैं। आर्थर इससे पहले दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका और पाकिस्तान के मुख्य कोच रह चुके हैं। रंगपुर टीम के निदेशक शानियान तनीम ने एक आधिकारिक बयान में कहा, "हमने इस साल जीएसएल और बीपीएल के लिए मिकी आर्थर को अनुबंधित किया है। यह एक साल का करार है। वह इस साल इन दो टूर्नामेंटों के लिए हमारी देखभाल करेंगे। स्थानीय खिलाड़ी उनके द्वारा प्रशिक्षित होने के लिए वास्तव में उत्साहित हैं। हम जीएसएल और बीपीएल के लिए टीम बनाने के लिए पिछले सात-आठ दिनों से मिकी के संपर्क में हैं। वह बहुत सक्रिय हैं, हमेशा खुशी-खुशी हमारी मदद करते हैं। मुझे लगता है कि वह रंगपुर राइडर्स की संस्कृति के लिए एकदम सही हैं। वह बहुत मिलनसार व्यक्ति हैं। वह विशेष रूप से बांग्लादेशी क्रिकेटरों के लिए बहुत फायदेमंद होंगे। उनके पास बहुत अनुभव है। वह पहले ही श्रीलंका, दक्षिण अफ्रीका और पाकिस्तान जैसी कई अंतरराष्ट्रीय टीमों की देखभाल कर चुके हैं।

# मैथ्यू वेड ने लिया अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास, अब कोच के रूप में आएंगे नजर

एजेंसी

**सिडनी ।** विकेटकीपर बल्लेबाज मैथ्यू वेड ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास के लेने की घोषणा की है। वह पाकिस्तान के खिलाफ आगामी टी20 श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया के कोच के रूप में नजर आएंगे। वेड ने कहा, 'मुझे पता था कि टी-20 विश्वकप के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में मेरा समय समाप्त होने वाला है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास और कोचिंग की भूमिका के संबंध में पिछले छह महीनों से मेरी जॉर्ज (बेली) और एंडर्यू (मक्डॉनल्ड) से चर्चा हो रही थी। पिछले कुछ वर्षों से मैं कोचिंग के बारे में सोच रहा था और मैं इस नई भूमिका के लिए काफी उत्सुक और आभारी भी हूं। वेड ने इससे पहले मार्च में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। जून में हुए टी-20 विश्वकप में ऑस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा थे और इसके बाद सितंबर में इंग्लैंड दौरे पर वेड को ऑस्ट्रेलिया की टीम में जगह नहीं मिली। वेड बीबीएल और अन्य फ्रैंचाइजी टी-20 टूर्नामेंट खेलते रहेंगे। वह बीबीएल में होबार्ट् हरिकेंस का हिस्सा हैं।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# भारत मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग में विश्व स्तर पर बना रहा नई पहचान

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत में मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्री को 'मेक इन इंडिया' पहल के साथ ग्लोबल पहचान मिल रही है। सैमसंग और एप्पल जैसी बड़ी कंपनियां भारत में अपनी फैक्ट्रियां सेटअप कर रही हैं। इसके साथ ही भारत दुनिया के दूसरे सबसे बड़े मोबाइल फोन निर्यातक देश के रूप में अपनी पहचान बना रहा है। सैमसंग की नोएडा स्थित फैक्ट्री और एप्पल के तमिलनाडु स्थित आईफोन उत्पादन केंद्र भारत को टेक मैन्युफैक्चरिंग का मुख्य खिलाड़ी बनने में मुख्य भूमिका निभा रहे हैं।

सैमसंग ने नोएडा में दुनिया का सबसे बड़ा मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग प्लांट बनाया है। इस प्लांट के साथ कंपनी ने अपने उत्पादन की क्षमता को सालाना 68 मिलियन से 120 मिलियन यूनिट तक बढ़ा लिया है। यह फैक्ट्री सैमसंग की 'मेक फॉर वर्ल्ड' रणनीति का हिस्सा है। इस रणनीति के तहत कंपनी भारत ही नहीं, दूसरे देशों में भी फोन उत्पादन की योजना पर काम कर रही है। भारतीय ग्राहकों की जरूरतों को समझते हुए, उन्हें पूरा करने के लिए कंपनी लोकल रिसर्च और डेवलपमेंट पर ध्यान दे रही है। लोकल विशेषज्ञता के साथ वैश्विक लक्ष्यों का यह मिश्रण भारत को आत्मनिर्भर बनने में मदद कर रहा है। एप्पल भी अपनी मैन्युफैक्चरिंग रणनीतियों को बदल रहा है। चीन से निर्भरता घटाने के साथ कंपनी भारत में आईफोन निर्माण का विस्तार कर रही है। भारत में पहली बार नई आईफोन 16 सीरीज बनाई जा रही है, जिसमें प्रो और प्रो मैक्स मॉडल शामिल होंगे। इस आईफोन सीरीज को भारत में तमिलनाडु के श्रीपेरंबदूर में फॉक्सकॉन की फैसिलिटी में असेंबल किया जाएगा। इन एडवांस टूल्स को असेंबल करने के लिए कई भारतीय श्रमिकों को विशेष रूप से प्रशिक्षित किया जा रहा है। यह एपल की सप्लाई चेन में भारत की बढ़ती महत्ता को दशार्ता है।




## पिछले धनतेरस से इस धनतेरस तक मिला बंपर रिटर्न

# सोना ने निवेशकों को दिया 30 प्रतिशत से भी ज्यादा का मुनाफा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पूरे देश में मंगलवार को धनतेरस का त्योहार मनाया जा रहा है। धनतेरस के साथ ही 5 दिन तक चलने वाले दीपोत्सव की शुरुआत हो गई है। आज का दिन परंपरागत रूप से सोने और चांदी की खरीदारी के लिए काफी शुभ माना जाता है। हिंदू धर्म की मान्यताओं के अनुसार धनतेरस के दिन सोने और चांदी की खरीदारी से पूरे साल लक्ष्मी का आशीर्वाद बना रहता है। मान्यताएं अपनी जगह पर हैं, लेकिन अगर सोने और चांदी में निवेश की बात करें, तो जिन लोगों ने पिछले साल धनतेरस के दिन सोने में निवेश किया था, उन्हें एक साल में करीब 30 प्रतिशत से अधिक का फायदा हो चुका है। यानी, सोने में निवेश करने वाले निवेशकों पर मां लक्ष्मी की कृपा बनी रही है। पिछले साल धनतेरस के दिन दिल्ली सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोने की कीमत 60,750 रुपये प्रति 10 ग्राम थी, जो इस धनतेरस तक उछल कर 79,940 रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा चुकी है। सोने की कीमत का ये हाल तब है, जब आज और कल यानी सोमवार और मंगलवार दोनों ही दिन इसकी कीमत में गिरावट आई है। इस चमकीली धातु की कीमत दो दिन पहले रविवार को 80,440 रुपये प्रति 10 ग्राम तक पहुंची हुई थी। अगर आज के रेट के हिसाब से ही सोने की कीमत में आई तेजी का अंदाजा लगाएं, तो पिछले धनतेरस से लेकर इस धनतेरस के बीच सोने की कीमत में 31.59 प्रतिशत का इजाफा हो चुका है। सोने के निवेश से मिला ये रिटर्न शेयर बाजार से मिलने वाले रिटर्न से भी अधिक है। इस एक साल की अवधि में शेयर बाजार में ओवरऑल 23.5 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। ऐसी स्थिति में माना जा सकता है कि धनतेरस से लेकर धनतेरस के बीच सोना ने निवेशकों को तुलनात्मक तौर पर अधिक कमाई कराई है।

मार्केट एक्सपर्ट्स का मानना है कि सोने के भाव में आई तेजी की एक बड़ी वजह जियो पॉलिटिकल टेंशन है। इसके साथ ही दुनिया के कई केंद्रीय बैंकों द्वारा ब्याज दरों में कटौती करना और सोने की खरीददारी करके अपने गोल्ड स्टॉक को बढ़ाने की कोशिश करना भी इस चमकीली धातु की कीमत में आई तेजी की प्रमुख वजह है।

बुलियन मार्केट एक्सपर्ट मयंक मोहन का कहना है कि पिछले करीब एक साल से वैश्विक स्तर पर अनिश्चितता का माहौल बना हुआ है। इसके कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था को लगातार झटके लगते रहे हैं। जियो पॉलिटिकल टेंशन के कारण भी ग्लोबल इकोनामिक की रफ्तार घटी है और इस वजह से दुनिया भर के निवेशक फिलहाल सेफ इन्वेस्टमेंट के रूप में सोने की खरीदारी पर ध्यान केंद्रित किए हुए हैं। इसके साथ ही हाई इन्फ्लेशन का दौर खत्म होने के बाद अब कई देशों के केंद्रीय बैंक अपनी मॉनेटरी पॉलिसी को लचीला बनाते हुए ब्याज दरों में कमी कर रहे हैं। ब्याज दरों में कमी होने की वजह से भी अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमत को काफी सपोर्ट मिला है।



▸ सोने के निवेश से मिला शेयर बाजार से भी अधिक रिटर्न

# आईपीओ लिस्टिंग में 36 प्रतिशत रही भारत की वैश्विक हिस्सेदारी

एजेंसी

**मुंबई।** भारत 2024 की तीसरी तिमाही में कुल लिस्टिंग में 36 प्रतिशत वैश्विक हिस्सेदारी के साथ बाजार पर हावी रहा। भारत 13 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ अमेरिका से आगे निकल गया। मंगलवार को आई एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। ईवाई इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, बाजार का शानदार प्रदर्शन इस साल अब तक के आईपीओ रिटर्न से और अधिक स्पष्ट होता है, जो बीएसई सेंसेक्स के 14.9 प्रतिशत रिटर्न से काफी बेहतर है। 2024 की तीसरी तिमाही में भारतीय मुख्य बाजार में 27 आईपीओ आए, जबकि पिछली तिमाही में 13 आईपीओ आए थे। 2024 की तीसरी तिमाही में मुख्य बाजारों से जुटाई गई रकम 4.285 अरब डॉलर थी, जबकि 2024 की दूसरी तिमाही में यह 1.992 अरब डॉलर थी। यह सौदों की संख्या में 108 प्रतिशत की वृद्धि के साथ जुटाई गई आय में 115 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। इसके अतिरिक्त, एसएमई (स्मॉल एंड मीडियम साइज्ड एंटरप्राइजेज) सेगमेंट ने 2024 की तीसरी तिमाही के दौरान 84 आईपीओ के माध्यम से 398 मिलियन डॉलर जुटाए, जबकि 2023 की दूसरी तिमाही के लिए यह आंकड़ा 60 आईपीओ के माध्यम से 208 मिलियन डॉलर था। इससे पता चलता है कि भारतीय स्टॉक एक्सचेंजों ने दो दशकों में अपनी उच्चतम तिमाही लिस्टिंग हासिल की है, जिससे आईपीओ एक्टिविटी में ग्लोबल लीडर के रूप में उनकी स्थिति मजबूत हुई है। ईवाई इंडिया के इंडिया मार्केट लीडर प्रशांत सिंघल ने कहा, भारत के आईपीओ बाजार में यह तेज गति हमारे पूंजी बाजारों की बढ़ती परिपक्वता और निवेशकों के बढ़ते विश्वास को दिखाती है। हम घरेलू और अंतरराष्ट्रीय निवेशकों दोनों की मजबूत भागीदारी देखना जारी रखते हैं। भारत पब्लिक होने की इच्छा रखने वाली कंपनियों के लिए एक पसंदीदा डेस्टिनेशन के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत कर रहा है।




▸ जुलाई-सितंबर की अवधि में अमेरिका से निकला आगे

# चुनाव जीतने के लिए जांच एजेंसियों का इस्तेमाल कर रही है बीजेपी : सुप्रियो

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** जेएमएम के केंद्रीय महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्ट ने बीजेपी पर हमला करते हुए आज कहा कि चुनाव को जीतने के लिए ये लोग जांच एजेंसियों को टूल्स की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं। सुप्रियो ने कहा कि उन्होंने (सुप्रियो ने) पांच दिन पहले ही ये बात कही थी। कहा कि बीजेपी के राजनीतिक फेल्योर के कारण उनको जांच एजेंसियों का सहारा लेना पड़ रहा है। बीजेपी उन्हें अपना टूल कीट की तरह इस्तेमाल करना चाहती है। सुप्रियो ने कहा, मैं जांच एजेंसी से पूछना चाहता हूं कि आप समय कैसे चुनते हैं और पात्र कहां से लाते हैं। अगर यही करना है तो इसका फल क्या है। आप जांच कर रहे है उसमें कोई बुराई नहीं है। लेकिन उसका क्या नतीजा आ रहा है, इस बात को साफ करना चाहिये। पूछा कि क्यों सूत्रों के हवाले से चीजों को बाहर लाते हैं। सुप्रियो ने सुप्रीम कोर्ट के उस कथन का हवाला दिया जिसमें, कहा गया है कि ईडी की कार्रवाई पॉलिटिकल मंसूबे के तहत होती है। सुप्रियो ने बीजेपी पर हमला करते हुए कहा कि उनके पास आज कोई मुद्दा नहीं है। इतने समय के बाद साबित हो गया है कि ये लोग घुसपैठ पर नहीं बोल सकते है और ना ही परिवारवाद पर कुछ कह सकते हैं। कहा कि बार-बार पूछने के बाद भी केंद्र सरकार ये नहीं बता रहीं है कि घुसपैठ कहां से हुई है। कहा कि चुनाव के बीच एक भी सार्थक मुद्दा यह लोग नहीं ला पाये। सुप्रियो ने कहा, हमने कल सवाल उठाया था कि रिटर्निंग अफसर गढ़वा के हैं, ऊपर से आदेश का पालन करते हुए एक प्रत्याशी का नामांकन स्वीकार किया गया। लेकिन हमारे प्रत्याशी का उसी मामले पर नामांकन रिजेक्ट किया गया। यानी कि निर्वाचन आयोग को भी निर्देश है कि एक तरफा बीजेपी की जीत पक्की करनी है वरना आप पर कार्यवाही होगी। कहा कि आज बीजेपी के नेता अपनी भाषा की मयार्दा भी भूल गये हैं। कोई मारने खदेड़ने की बात करता है तो कोई बंटने और कटने की बात करता है। जेएमएम नेता ने कहा, आज आज दूसरे फेज का नामांकन पूरा हो गया। अब सुनने में आ रहा है कि हर दो दिन में यहां पीएम आएंगे और फिलर के तौर पर गृहमंत्री आ रहे हैं। बांटेंगे तो कटेंगे कहने वाले नेता भी आ रहे हैं। यह भाषा लोकतंत्र के लिए सही नहीं। कहा कि इन सबके बीच बीजेपी का प्रदेश नेतृत्व कहां है, समझ में नहीं आ रहा है।

आमने सामने

# झामुमो का संदेह, हार का डर या पुरानी आदत : साह

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने झामुमो के प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य की प्रेस वार्ता पर मंगलवार को कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि झामुमो का चुनाव आयोग और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जैसी संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाना उनकी पुरानी आदत बन चुकी है। यह वही पार्टी है जो हर बात पर संविधान की दुहाई देती है लेकिन दूसरे ही दिन संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता पर सवाल खड़ा करती नजर आती है। इससे यह साफ हो जाता है कि झामुमो को अपनी हार का अंदेशा है, और वह पहले से ही हार के बहाने तैयार कर रही है।

अजय साह ने कहा कि धनबाद में कोयला चोरी के मामले की जांच का आदेश उच्च न्यायालय ने दिया था। तो क्या अब झामुमो यह कहना चाहती है कि उच्च न्यायालय भी भाजपा के पक्ष में है? यदि झामुमो को ईडी की कार्रवाइयों के बारे में जानकारी चाहिए, तो उन्हें भाजपा से नहीं, बल्कि अपने महंगे वकीलों से पूछना चाहिए, जिन्हें झामुमो ने जनता के पैसे से रखा है और जो भ्रष्टाचारियों को बचाने में लगे हैं। जहां तक घुसपैठ का सवाल है, केंद्र की भाजपा सरकार और प्रदेश भाजपा हमेशा राष्ट्रविरोधी ताकतों का विरोध करती रही है। यदि केंद्र सरकार ईडी का उपयोग भ्रष्टाचारियों पर नकेल कसने के लिए कर रही है, तो यह एक सराहनीय कदम है।

मतदान दिवस के लिए लाखों विद्यार्थियों को वॉलेंटियर की ट्रेनिंग दी गई

# लोकतंत्र के त्योहार में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें वॉलेंटियर : के रवि कुमार

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** मंगलवार को निर्वाचन सदन से मतदान के दिन मतदाताओं की सहायता के लिए स्कूलों से लाखों वालेंटियरों को ऑनलाइन माध्यम से क्या करना है और क्या नहीं करना है, इसकी ट्रेनिंग दी गई। मौके पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने लोकसभा में सहायता करने वाले सभी वॉलेंटियर के कार्यों को सराहा। उन्होंने कहा कि मतदान दिवस के लिए चयनित सभी वॉलेंटियर लोकतंत्र के त्योहार में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए के रवि कुमार ने कहा कि इस ट्रेनिंग के जरिए मतदान में आपकी सहभागिता से संबंधित बिंदुवार प्रशिक्षण दिया गया है। इसके साथ ही आपके शिक्षकों को इससे संबंधित सभी ट्रेनिंग मैटेरियल उपलब्ध करा दिए गए हैं, ताकि अपने कर्तव्य पर रहते हुए किसी प्रकार की संशय की स्थिति में अपने शिक्षकों से जानकारी प्राप्त कर सकें।

इस अवसर पर सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता द्वारा पीपीटी के माध्यम से सभी विद्यार्थियों को वॉलेंटियर के कार्यों से संबंधित दिशा निर्देश बताए गए, जिसमें मुख्यतः दिव्याग एवं वृद्धजनों की मतदान केंद्र पर सहायता, व्हीलचेयर से सहायता करने में रखी जाने वाली सावधानियां, मतदान के लिए कतार में खड़े मतदाताओं के मतदाता पर्ची अथवा दिए गए टोकन की उपलब्धता, क्यू मैनेजमेंट सिस्टम, चेन सिस्टम के तहत मतदान आदि मतदान दिवस में वॉलेंटियर से संबंधित कार्यों को बिंदुवार बताया गया।

इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ नेहा अरोड़ा सहित ऑनलाइन माध्यम से सभी जिले के स्कूली शिक्षा विभाग के पदाधिकारी, शिक्षक एवं राज्य के सभी स्कूलों में लाखों विद्यार्थी उपस्थित थे।

# धनवार सीट से भी चुनाव लड़ेगी भाकपा माले



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाकपा माले के सुशांतो मुखर्जी एवं माले के राज्य कमेटी सदस्य शुभेंदु सेन ने कहा कि बगोदर, निरसा व सिंदरी में क्रमशः विनोद सिंह, अरुप चटर्जी व चंद्रदेव महतो इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार के बतौर चुनाव लड़ रहे हैं। अफसोस के साथ कहना पड़ रहा है कि इंडिया गठबंधन में कई चक्र बातचीत के बावजूद धनवार सीट पर विवाद हल नहीं हो सका। वह मंगलवार को भाकपा माले के कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि माले के महासचिव दीपांकन भट्टाचार्य इस संबंध में तीन बार मुख्यमंत्री से मिल कर बात की, पर आम सहमति नहीं बन पाई। उन्होंने बताया कि पिछली बार माले धनवार से तीसरे स्थान पर रही जेएमएम छठे स्थान पर थी। इस लिहाज से भी गठबंधन का त्याग करना चाहिए। क्योंकि आज के परिवेश में माले वहां से अधिक मजबूत स्थिति में है। इसलिए भाकपा माले ने धनवार सीट पर भाजपा को शिकस्त देने के लिये राजकुमार यादव को मैदान में उतारा है। भाजपा यहां वोटों के विभाजन के लिये अन्य उम्मीदवारों का इस्तेमाल कर रही है। लेकिन धनवार की जनता जानती है कि केवल भाकपा माले ही भाजपा को परास्त कर सकती है। यहां के मजदूर किसान छात्र नौजवान और तमाम उत्पीड़न सामाजिक तबके भाकपा माले के बैनर तले गोलबंद हैं और फासीवादी भाजपा को शिकस्त देने के लिये भाकपा माले जमुआ सीट अपना उम्मीदवार नहीं दे रही। शेष सभी सीटों पर भाकपा माले इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों को अपना समर्थन देने की घोषणा करती है।

# 'सरकार घुसपैठियों को दस्तावेज बनाकर राज्य में दे रही संरक्षण'

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची/साहिबगंज।** नामांकन के अंतिम दिन बरहेट से गमालियल हेंब्रम, लिट्टीपाड़ा प्रत्याशी बाबूधन मूर्मु, महेशपुर विधानसभा सीट से नवनीत हेंब्रम और टुंडी से विकास महतो ने नामांकन पर्चा भरा। इस दौरान नामांकन सभा में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सोरेन सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य में आदिवासियों के अस्तित्व को बचाने और घुसपैठ रोकने के लिए एनआरसी लागू करना बेहद जरूरी है। मरांडी ने कहा कि राज्य में झामुमो-कांग्रेस के संरक्षण में बांग्लादेशी घुसपैठियों को संरक्षण देकर उनका अवैध दस्तावेज तैयार किया जा रहा है, जो राज्य के लिए गंभीर खतरे के संकेत हैं। उन्होंने 1951 के जनगणना के आंकड़ों को पेश करते हुए आदिवासियों की घटती आबादी को लेकर चिंता जताई। साथ ही कहा कि राज्य में जनजातिय आबादी 36 प्रतिशत थी, जो 2011 की जनगणना में घटकर 26 प्रतिशत हो गई है। मुसलमानों की आबादी 9 प्रतिशत से बढ़कर लगभग 14.5 प्रतिशत तक जा पहुंची है। राज्य में आज हिंदुओं की आबादी भी घटकर 88 से 81 प्रतिशत पर पहुंच गई है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि संथाल के साहिबगंज, पाकुड़, दुमका, गोड्डा व जामताड़ा समेत 6 जिलों से 16 फीसदी जनजातीय समुदाय की आबादी कम हुई है जबकि मुस्लिमों की आबादी में 13 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। साहिबगंज और पाकुड़ में तो मुस्लिमों की संख्या सबसे ज्यादा 35 प्रतिशत बढ़ी है। उन्होंने कहा कि संथाल परगना के क्षेत्र में मुस्लिम युवक आदिवासी बहनों से विवाह कर डेमोग्राफी बदलने का प्रयास कर रहे हैं। राज्य में भाजपा की सरकार बनते ही घुसपैठिए को चुन-चुन कर बाहर किया जाएगा।

मरांडी ने कहा कि भाजपा जो बोलती है वह करती है। हेमंत सरकार ने जिस तरह पांच लाख नौकरी, चूल्हा खर्च जैसे वादे कर राज्य की जनता को ठगने का काम किया है। यदि राज्य में भाजपा की सरकार बनगी तो राज्य की 2 लाख 87 हजार पदों को भरा जाएगा। महिलाओं को गोगो दीगी योजना से 2100 रुपये प्रतिमाह दिए जाएंगे। झारखंडियों को 500 रुपये में गैस सिलेंडर और साल में त्योहार के समय 2 गैस सिलेंडर मुफ्त में दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने पीएम आवास राज्य के गरीबों तक पहुंचने नहीं दिया लेकिन भाजपा सरकार बनने के बाद राज्य में 21 लाख लोगों को पीएम आवास का लाभ दिया जाएगा। इस निक्कमी हेमंत सरकार को अबकी सबक सिखाने के लिए जनता परिवर्तन का मन बना चुकी है।

# विस चुनाव में नाराज कार्यकर्ता तय करेंगे चुनाव परिणाम की दिशा ?

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के चुनाव की घोषणा होने के बाद सभी राजनीतिक दलों ने अपने-अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। कई लोग एक दल से दूसरे दल में गए, तो कई लोगों को टिकट कटा और कार्यकर्ता का एक बड़ा खेमा अपने-अपने पार्टियों की कार्यशैली से नाराजगी भी है। राजनीतिक पंडितों का आकलन है कि कार्यकर्ताओं की नाराजगी इस चुनाव को प्रभावित कर सकती है। हर पार्टियों में नाराज कार्यकर्ताओं की संख्या बड़ी है। कई नेता अलग अलग पार्टियों को छोड़ दूसरे पार्टी में शामिल हुए है। इन्हीं सब के बीच हुसैनाबाद के विधायक कमलेश सिंह ने एनसीपी छोड़ भाजपा में शामिल हुए। उनके भाजपा में शामिल होने के एक-दो दिन पहले हुसैनाबाद के भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यालय में अपनी नाराजगी जताई थी। इसके अलावा भाजपा के आधे दर्जन से अधिक बड़े नेता टिकट वितरण को ले कर नाराज थे। कुछ को तो मना लिया गया। वहीं कुछ को मनाने में पार्टी के आला नेता सफल नहीं हो सके। उनमें से लुईस मरांडी, गणेश महली जैसे नेता जेएमएम में शामिल हो गए और जेएमएम ने उन्हें टिकट भी दे दिया। इंडी गठबंधन में भी सब कुछ अच्छा नहीं रहा है। इंडी गठबंधन के घटक दलों में सीटों को ले कर आनाकानी होती रही। सीट बंटवारे में भाकपा माले और राजद की खाते में जो सीटें आई है उससे वे खुश नहीं हैं। लेफ्ट ने धनवार सीट से गठबंधन के खिलाफ राजकुमार यादव को चुनाव मैदान में उतारा है। राजद ने भी सीट को लेकर काफी खींचातानी कर चुका है। झामुमो से मुख्यमंत्री रहे चंपाई सोरेन, झामुमो के वरिष्ठ नेता लोबिन हेंब्रम, सोरेन परिवार की बड़ी बहू सीता सोरेन झामुमो से नाराज होकर भाजपा में चली गई। इन सभी को इस विधानसभा चुनाव में भाजपा ने मैदान में उतारा है। वहीं बाबूलाल सोरेन को भी भाजपा ने टिकट दिया है, ये पहली बार चुनाव लड़ेंगे। आजसू- बीजेपी के बीच टूंडी सीट में काफी खींचातानी हुई। अंत में भाजपा ने अपना उम्मीदवार उतार दिया। इससे आजसू और जदयू के खेमा के कार्यकर्ता काफी नाराज हैं। अब परिणाम ही बताएगा की नाराज कार्यकर्ता जीत का या हार का फैक्टर बनते है।

# इरफान अंसारी को किया जाए राज्य बदर : सुनील सिंह

**रांची।** हेमंत सोरेन राज्य की महिलाओं की सुरक्षा तो नहीं कर सकते हैं परंतु अपने घर की महिला की भी वे सुरक्षा नहीं कर दे सकते हैं। उक्त बातें भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी सह राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कही। उन्होंने कहा कि मंत्री इरफान अंसारी ने सीता सोरेन के ऊपर जिस तरह से अमर्यादित बयान (रिजेक्ट माल) दिया है इससे पूरे राज्य की महिलाओं की भावनाओं को ठेस पहुंचा है। इस तरह की घटिया बयान बाजी की जितनी भी निंदा की जाए कम है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इरफान अंसारी को तत्काल मंत्रिमंडल से निकालकर राज्य बदर कर देना चाहिए।

# एसएसपी ने सीआरपीएफ व एसएसबी के पदाधिकारियों के साथ की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** विधानसभा चुनाव को लेकर एसएसपी चंदन सिन्हा ने सीआरपीएफ और एसएसबी के पदाधिकारी के साथ बैठक की। यह बैठक मंगलवार को जिले के बुंडू स्थित ताऊ मैदान में आयोजित की गई। जिसमें रांची जिला में चुनाव कार्य के प्रतिनियुक्त अर्धसैनिक बलों को उनके वरीय पदाधिकारियों के साथ प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण और ब्रीफिंग के दौरान सुरक्षा बलों का मतदान केंद्र पर मतदाता से व्यवहार और स्वतंत्र, निष्पक्ष चुनाव के लिए की जाने वाली कार्रवाई, नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बलों के आने जाने के दौरान बरती जाने वाली विशेष सावधानी, ईवीएम सुरक्षा और सुरक्षा बलों के इंडक्शन और डीइंडक्शन के बिंदु पर विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त रांची जिला के भौगोलिक परिदृश्य से भी सुरक्षा बलों को अवगत कराते हुए, उनके प्रश्नों और शंका के बिंदु पर भी ब्रीफिंग की गई। इस अवसर पर ग्रामीण एसपी रांची, एसडीपीओ बुंडू एवं थाना प्रभारी बुंडू एवं सीमावर्ती थाना प्रभारी उपस्थित थे।

# हेमंत सरकार में शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी व्यवस्थाएं पूरी तरह ध्वस्त : प्रतुल

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने कहा कि हेमंत सरकार ने पिछले पांच वर्षों में झारखंड के इतिहास की सबसे भ्रष्ट सरकार देने का काम किया। तुष्टिकरण और सांप्रदायिकता की राजनीति चरम पर पहुंच गई लेकिन शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी व्यवस्थाएं पूरे तरीके से इस सरकार में ध्वस्त हो गई। वह मंगलवार को प्रदेश मुख्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे।

प्रतुल ने कहा कि सरकारी आंकड़ों के अनुसार झारखंड के विभिन्न मिडिल स्कूलों में 96 प्रतिशत प्रिंसिपल के पद खाली है। सब प्रभार पर चल रहा है। कुल 3218 में 3163 पद मिडिल स्कूलों में खाली पड़े हैं। शिक्षा इस सरकार की प्राथमिक सूची में है ही नहीं। सरकार को झारखंड के नौनिहालों के भविष्य की कोई चिंता नहीं है। प्रतुल ने कहा, धनबाद और सरायकेला जैसे जिलों में तो एक भी मिडिल स्कूल में पूर्णकालिक प्रिंसिपल कार्यरत नहीं है। इसके कारण बच्चों की पढ़ाई का ख्याल नहीं रखा जाता है। यह पूरे तरीके से शिक्षा तंत्र को बर्बाद करने की सुनियोजित साजिश है।

प्रतुल ने कहा कि प्रदेश में यदि शिक्षकों की बात करें तो सभी वर्गों को मिलाकर कुल 68 फीसदी शिक्षकों के पद खाली है। हेमंत सरकार ने 60 हजार पारा शिक्षकों को हेमंत सरकार ने नियमित करने का आश्वासन दिया था लेकिन अभी भी इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। उल्टे प्रजातांत्रिक तरीके से प्रदर्शन करने वाले पारा शिक्षकों पर इस सरकार ने बर्बरता से लाठियां चलाई थी और फर्जी मुकदमों से लाद दिया था।

प्रतुल ने कहा कि इसी तरीके से इस सरकार ने स्वास्थ्य व्यवस्था को पूरे तरीके से ध्वस्त कर दिया। झारखंड में प्रति लाख की आबादी पर सिर्फ 6 डॉक्टर है, जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है। विशेषज्ञ डॉक्टर के 85 प्रतिशत पद खाली हैं, जो हेमंत सरकार की उदासीनता को दिखाता है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में सफलता से चल रही विश्व की सबसे बड़ी हेल्थ इंश्योरेंस योजना आयुष्मान भारत का इस सरकार ने भट्ठा बैठा दिया।

# डीसी ने व्यय कोषांग की आवश्यक पहलुओं पर चर्चा की



**रांची।** उपायुक्त वरुण रंजन ने मंगलवार को व्यय प्रेक्षक अजेय कुमार ओझा के साथ व्यय कोषांग से सम्बंधित सभी आवश्यक पहलुओं पर बात की गई। इसमें मुख्य रूप से व्यय लेखा टीम, वीएसटी, वीवीटी, एफएस के बारे में चर्चा की गई। उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी वरुण रंजन ने व्यय प्रेक्षक को व्यय लेखा जांच से सम्बंधित कार्य तथा वीवीटी के टीमों, वीएसटी के बारे में जानकारी दी गई। व्यय प्रेक्षक द्वारा सी विजिल मॉनिटरिंग सेंटर के निरीक्षण के क्रम में निर्देश देते हुए सी विजिल से प्राप्त शिकायत सम्बंधित टीम- एफएसटी तथा उनसे जुड़े अन्य सम्बंधित पदाधिकारी दे, ताकि जल्द से जल्द इस पर कार्रवाई किया जा सकें। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा व्यय प्रेक्षक को जानकारी देते हुए बताया की गठित चेक पोस्टों पर वाहन की जांच कराई जा रही है। गैर कानूनी रूप से माल/ कैश/ प्रतिबंधित वस्तुओं की जांच लगातार करते हुए जब्ती भी की जा रही है।

## पृष्ठ एक के शेष

**आईएएस विनय चौबे, गजेंद्र सिंह...**

रायपुर के इंस्पेक्टर ने रांची के अरगोड़ा थाना क्षेत्र के निवासी विकास सिंह के बयान के आधार पर पहले मामले की जांच की और फिर मामला दर्ज किया। विकास सिंह ने आरोप लगाया है कि छत्तीसगढ़ के अधिकारियों अनिल टुटेजा, अनवर ढेबर, अरुणपति त्रिपाठी और उनके सिंडिकेट ने शराब घोटाला करके छत्तीसगढ़ सरकार को अरबों रुपये के राजस्व का नुकसान पहुंचाया। आरोपों में यह भी उल्लेख है कि इसी सिंडिकेट ने झारखंड के अधिकारियों के साथ मिलकर झारखंड की आबकारी नीति में परिवर्तन किया, जिससे सरकार का राजस्व प्रभावित हुआ। इसके अलावा, दोनों राज्यों के अधिकारियों ने मिलकर मैन पावर सप्लाई में भी घोटाला किया है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले अप्रैल 2023 में शराब घोटाले के संबंध में आईएएस विनय चौबे और कर्ण सत्यार्थी ने ईडी के रायपुर कार्यालय में अपना बयान दर्ज कराया था।

**हजारीबाग के रामनवमी समिति के पूर्व...**

कुमार दल-बल के साथ अस्पताल पहुंचे और परिजनों से घटना क्रम की जानकारी ली। प्रथम द्दष्टया यह मामला जमीन विवाद जुड़ा बताया जा रहा है। मौत की पुष्टि के बाद परिजनों ने शव को लेकर हजारीबाग डिस्ट्रिक्ट बोर्ड चौक के पास रखकर एनएच सड़क पर जाम लगा दिया। बाद में पुलिस व प्रशासन के वरीय अधिकारी घटना स्थल पर पहुंचे और अपराधियों पर त्वरित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। इसके बाद सड़क जाम हटा। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल हजारीबाग भेज दिया गया है। अनहोनी व उपद्रव की आशंका को लेकर अस्पताल में रैपिड एक्शन फोर्स को भी तैनात किया गया था। अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों की शिनाख्त में जुट गई है। सभी थाने की पुलिस को अलर्ट कर दिया गया है।

मंजीत यादव हजारीबाग में बेहद बड़े पैमाने पर मनाए जाने वाले रामनवमी महोत्सव का आयोजन करने वाली महासमिति के अध्यक्ष रह चुके थे। वह और उनकी पत्नी सुनीता देवी, दोनों एक-एक बार हजारीबाग नगर निगम के वार्ड काउंसिलर भी निर्वाचित हुए थे। हाल के कुछ वर्षों से वह जमीन-जायदाद के कारोबार से जुड़े थे।

घटना की जानकारी मिलते ही हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह और कई पुलिस अधिकारियों ने घटना स्थल का जायजा लिया। एसपी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जल्दी ही अपराधी पुलिस की गिरफ्त में होंगे। समाजिक कार्यकर्ता डॉ देवेंद्र सिंह देव ने कहा कि हजारीबाग में पुलिस कप्तान से आग्रह होगा कि बढ़ते अपराध पर अंकुश लगाएं ताकि शहर के लोग चैन की नींद सोएं।

**सस्ती होगी कैंसर की...**

28 अक्टूबर को जारी कार्यालय ज्ञापन में संबंधित निमाताओं को तीन कैंसर रोधी दवाओं पर एमआरपी कम करने का निर्देश दिया है। यह वर्ष 2024-25 के लिए केंद्रीय बजट में की गई घोषणा के मुताबिक है, जिसमें इन तीन कैंसररोधी दवाओं को सीमा शुल्क से छूट दी गई है।

मंत्रालय ने कहा कि यह किफायती कीमतों पर दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने की सरकार की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। ज्ञापन में विनिमाताओं को निर्देश दिया गया है कि कि वे डीलरों, राज्य औषधि नियंत्रकों और सरकार को एक मूल्य सूची या अनुपूरक मूल्य सूची जारी करें, जिसमें बदलावों का संकेत दिया जाए और मूल्य परिवर्तन के संबंध में फॉर्म-कक या फॉर्म-5 के माध्यम से एनपीपीए की जानकारी प्रस्तुत की जाए। केंद्र सरकार ने केंद्रीय बजट 2024-25 में कैंसर से पीड़ित लोगों के वित्तीय बोझ घटाने के लिए तीन कैंसर दवाओं पर सीमा शुल्क में छूट देने का ऐलान किया था। सरकार ने इन तीन कैंसर दवाओं पर जीएसटी दर 12 फीसदी से घटाकर 5 फीसदी कर दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि ट्रैस्टुजुमैब डेरक्सटेकन दवा का उपयोग स्तन कैंसर के लिए किया जाता है, ओसिमर्टिनिब का उपयोग फेफड़ों के कैंसर के लिए किया जाता है, जबकि ड्यूरवालुमैब फेफड़ों के कैंसर और पित्त पथ के कैंसर दोनों के लिए है।

**प्रधानमंत्री ने धनतेरस पर रोजगार मेले...**

उद्योग में काफी बदलाव आया है और इसका असर गांवों के लोगों पर पड़ा है। खादी ग्रामोद्योग का कारोबार आज डेढ़ लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। 10 साल पहले की तुलना में प्रधानमंत्री ने कहा कि खादी की बिक्री में 400 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है, जिससे बुनकरों और कारोबारियों को लाभ हुआ है और रोजगार के नए अवसर पैदा हुए। मोदी ने लखपति दीदी योजना का भी जिक्र किया, जिसके तहत ग्रामीण महिलाओं को रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर प्रदान किए गए हैं। उन्होंने कहा, पिछले एक दशक में 10 करोड़ से अधिक महिलाएं स्वयं सहायता समूहों में शामिल हुई हैं। उन्होंने कहा कि 10 करोड़ महिलाएं स्व-रोजगार के कारण कमाने लगी हैं और सरकार ने इन्हें पूरी तरह सपोर्ट किया है। तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने की प्रतिबद्धता दोहराते हुए उन्होंने कहा कि अब तक 1.25 करोड़ से अधिक महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं और उनकी वार्षिक आय एक लाख रुपये से अधिक हो गई है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। पिछली सरकारों पर स्पष्ट नीतियों और इरादों की कमी का अभाव बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया में नई तकनीकें आती थीं। लेकिन भारत में हम उनका इंतजार करते थे, ये सोचकर कि ये दुनिया के पास आ गई है, हमारे पास कब आएगी। जो तकनीक पश्चिमी देशों में पुरानी और बेकार हो जाती थी, वो हमारे पास आ जाती थी। ये मानसिकता बना दी गई कि हमारे देश में आधुनिक तकनीक विकसित नहीं हो सकती। इस मानसिकता से कितना बड़ा नुकसान हुआ, भारत न सिर्फ आधुनिक विकास की दौड़ में पिछड़ गया, बल्कि रोजगार के सबसे महत्वपूर्ण स्रोत भी हमसे दूर होने लगे। आधुनिक दुनिया में अगर रोजगार पैदा करने वाले उद्योग नहीं होंगे, तो रोजगार कैसे मिलेगा? इसीलिए हमने देश को पिछली सरकारों की उस पुरानी सोच से मुक्त करने के लिए काम करना शुरू किया है। अंतरिक्ष क्षेत्र से लेकर सेमी कंडक्टर तक, इलेक्ट्रॉनिक्स से लेकर इलेक्ट्रिक वाहनों तक, हमने हर नई तकनीक में प्रगति की है।

प्रधानमंत्री ने दोहराया कि आज सरकार भारत के युवाओं की क्षमता बढ़ाने के लिए कौशल विकास पर बहुत ध्यान दे रही है। इसलिए, उन्होंने कहा कि सरकार ने कौशल भारत जैसे मिशन शुरू किए हैं और कई कौशल विकास केंद्रों में युवाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है। मोदी ने कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए व्यवस्था की गई है कि भारत के युवाओं को अनुभव और अवसर के लिए भटकना न पड़े। प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना का हवाला देते हुए मोदी ने कहा कि भारत की शीर्ष 500 कंपनियों में सशुल्क इंटर्नशिप के लिए प्रावधान किए गए हैं, जहां प्रत्येक इंटर्न को एक वर्ष के लिए प्रति माह 5,000 रुपये दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य अगले 5 वर्षों में एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि इससे युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में वास्तविक जीवन के कारोबारी माहौल से जुड़ने का मौका मिलेगा और उनके करियर में लाभकारी अनुभव जुड़ेगा।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

### हथियार निर्माण में 'मेड इन इंडिया' की धूम

# अमेरिका, फ्रांस और आर्मेनिया शीर्ष खरीदार

**100** देश शामिल भारत से रक्षा उपकरण खरीदने वालों में



**10** वर्षों में देश के रक्षा निर्यात में हुई 10 गुनी वृद्धि

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत का हथियार निर्यात तेजी से बढ़ रहा है। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की ओर से 21,083 करोड़ रुपये के रक्षा उपकरणों का निर्यात किया गया था। भारत से रक्षा उपकरण खरीदने वालों में करीब 100 देश शामिल हैं। भारत द्वारा इन देशों को किए जाने वाले रक्षा निर्यात में ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल, डोर्नियर-228 विमान, आर्टिलरी गन, रडार, आकाश मिसाइल , पिनाका रॉकेट और बख्तरबंद वाहन जैसे कुछ पूर्ण हथियार प्रणालियां और प्लेटफॉर्म शामिल हैं। भारत की ओर से सबसे ज्यादा रक्षा उपकरणों का निर्यात अमेरिका, फ्रांस और आर्मेनिया को किया जा रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, आर्मेनिया आकाश वायु रक्षा मिसाइल सिस्टम, पिनाका मल्टी-लांच रॉकेट सिस्टम और 155 मिमी आर्टिलरी गन जैसे 'तैयार' हथियार प्रणालियों का सबसे बड़ा ग्राहक बनकर उभरा है। अमेरिका को एयरक्राफ्ट और हेल्टीकॉप्टर में उपयोग होने वाले पार्ट्स का निर्यात भारत द्वारा किया जाता है। रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से बताया गया कि हैदराबाद में टाटा बोइंग एयरोस्पेस वेंचर अपाचे अटैक हेलीकॉप्टरों के लिए पार्ट्स बना रहा है। इसके बदले में फ्रांस बहुत सारे सॉफ्टवेयर और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का आयात कर रहा है। मंत्रालय के मुताबिक, रक्षा क्षेत्र में 'आत्मनिर्भर भारत' के प्रति देश की प्रतिबद्धता हमें रक्षा उत्पादन में वैश्विक नेतृत्व की ओर ले जा रही है। आधिकारिक आंकड़े बताते हैं कि वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही में देश का रक्षा निर्यात 11,233 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। पिछले साल की इसी अवधि में भारत का रक्षा निर्यात केवल 6,342 करोड़ रुपये था।

इस प्रकार इसमें 77 प्रतिशत की जबरदस्त वृद्धि दर्ज की गई है। बीते 10 वर्षों में देश के रक्षा निर्यात में लगभग 10 गुना की वृद्धि हो चुकी है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि 10 साल पहले 2014-15 में केवल 1,941 करोड़ रुपये के रक्षा उपकरणों का निर्यात होता था। वित्त वर्ष 2023-24 में यह बढ़कर 21,083 करोड़ रुपये हो चुका है।

# इजरायल के लड़ाकू विमान लेबनान के बाल्बेक में गरजे, 63 लोग मारे गए



**30** जगह तबाही मचाई इजरायल ने पूरे क्षेत्र में शृंखलाबद्ध हमले कर

**लेबनान के नागरिक सुरक्षा बल ने भी गोलाबारी के कारण कई जगह आग लगने की सूचना दी है।**

एजेंसी

**बेरूत।** इजरायल के लड़ाकू विमानों ने लेबनान की बेका घाटी के बाल्बेक क्षेत्र में कहर बरपाया है। रॉकेट और मिसाइल हमले में कम से कम से 63 लोग मारे गए और दर्जनों जख्मी हो गए। इसके अलावा दक्षिणी लेबनान में रात भर और मंगलवार सुबह तक हमले जारी रहे। प्रमुख समाचार पत्र द नेशनल ने लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के हवाले से मंगलवार को यह जानकारी दी। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि सोमवार को बेका घाटी के बाल्बेक और हर्मेल क्षेत्र में इजरायली हवाई हमलों में कम से कम 63 लोग मारे गए और दर्जनों अन्य घायल हो गए। यह युद्ध शुरू होने के बाद से इस क्षेत्र के लिए सबसे हिंसा भरा दिन रहा। सोमवार दोपहर इस क्षेत्र में हुए ताबड़तोड़ हमलों से बाल्बेक से बेरूत तक चारों तरफ धुआं का गुबार उठा।


बाल्बेक और हर्मेल के गवर्नर बशीर खोदर ने कहा कि इजरायल ने 23 सितंबर को लेबनान के कुछ हिस्सों में बड़ा हवाई अभियान शुरू किया था। इसके बाद एक अक्टूबर को लेबनान के दक्षिण में जमीनी आक्रमण किया। सोमवार का हमला सबसे वीभत्स रहा। उन्होंने एक्स पर लिखा, अभी भी 15 से अधिक लोग मलबे में फंसे हुए हैं। उन्हें निकाला जा रहा है।

लेबनान के नागरिक सुरक्षा बल ने भी गोलाबारी के कारण कई जगह आग लगने की सूचना दी है।

# व्हाइट हाउस में मनाया गया दीपोत्सव

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास व्हाइट हाउस में सुख-समृद्धि-संपन्नता के प्रतीक और खुशियों के त्योहार दीपोत्सव का आयोजन किया गया। समारोह के आखिर में सभी ने एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। लोग हैप्पी दिवाली कहते हुए एक-दूसरे से हाथ मिलाते नजर आए। इस अवसर पर राष्ट्रपति जो बाइडेन ने राष्ट्रपति



पद का चुनाव लड़ रहीं उपराष्ट्रपति कमला हैरिस की जमकर तारीफ की। द व्हाइट हाउस के एक्स हैंडल पर जारी एक वीडियो में कार्यक्रम का आगाज हैप्पी दिवाली के साथ हुआ। इस अवसर पर अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा, 'मेरी पत्नी जिल बाइडेन यहां आना चाहती थीं, लेकिन वह विस्कॉन्सिन जा रही हैं। और कमला हैरिस भी यात्रा कर रही हैं। आप जानते हैं कि मैंने कई कारणों से कमला को अपना राजनीतिक उत्तराधिकारी चुना है। वह स्मार्ट और मजबूत हैं। उन पर भरोसा किया जा सकता है। उनके पास ट्रंप की तुलना में अधिक अनुभव है।

# ब्राजील की चीन के बीआरआई परियोजना से दूर रहने की घोषणा

एजेंसी

**ब्रासीलिया।** ब्राजील के ताजा रुख से चीन को जोरदार झटका लगा है। ब्राजील ने मंगलवार को चीन की महत्वपूर्ण बेल्ट एंड रोड इनीशिएटिव (बीआरआई) परियोजना में शामिल होने से इनकार कर दिया। राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा के अंतरराष्ट्रीय मामलों के विशेष सलाहकार सेल्सो एमोरिम ने कहा कि ब्राजील ने बीजिंग की अरबों डॉलर की इस पहल में शामिल नहीं होने का निर्णय लिया है। गौरतलब है कि भारत पहले से ही



इस परियोजना से दूरी बनाए हुए है। अब ब्राजील यह घोषणा कर ब्रिक्स समूह में भारत के बाद दूसरा देश बन गया है। राष्ट्रपति लूला के सलाहकार एमोरिम ने ब्राजील के प्रमुख अखबार 'ओ ग्लोबो' से कहा कि ब्राजील सरकार इस परियोजना के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए बिना चीन के साथ संबंधों को नए स्तर पर ले जाना चाहती है। अखबार के अनुसार एमोरिम ने यह बयान तब दिया, जब उनसे पूछा गया कि क्या ब्राजील चीन की बीआरआई परियोजना में निवेश करेगा। उन्होंने कहा कि मुख्य मसला तालमेल का है। यह कोई बीमा पॉलिसी नहीं है, जिस पर नीचे हस्ताक्षर किया जाए।

इसके साथ ही एमोरिम ने संकेत दिया कि ब्राजील को औपचारिक रूप से चीन की इस परियोजना में शामिल नहीं होना चाहिए। चीन की यह परियोजना करीब एक दशक पुरानी है। उल्लेखनीय है कि एमोरिम ने पिछले सप्ताह चीन के एक मिशन में हिस्सा लिया। वह चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मिले। उन्हें अगले महीने जी-20 नेताओं के शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित किया। यह सम्मेलन ब्राजील के रियो डी जनेरियो में 20 नवंबर को होना है। उल्लेखनीय है कि पिछले बुधवार को साओ पाउलो में संयुक्त राज्य अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि कैथरीन ताई ने कहा कि ब्राजील को चीन की बीआरआई परियोजना से सतर्क रहना चाहिए। कैथरीन के बयान पर बीजिंग ने नाराजगी भी व्यक्त की।

# महाराष्ट्र विस चुनाव में सबसे चर्चित सीट बारामती क्यों हो गई है?

कृष्णमोहन सिंह

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के दिग्गज नेता शरद पवार ने अपने जिस भतीजे



अजित पवार को राजनीति का ककहरा पढ़ाया, आगे बढ़ाया, मंत्री बनाया, अरबपति बनाया, वही अजित पवार सत्ता में बने रहने के लिए अपने इस सगे चाचा शरद पवार की पार्टी एनसीपी को दो फाड़ कर भाजपा के साथ हो लिए। भाजपा के केंद्रीय सत्ता की मदद से चुनाव आयोग के मार्फत शरद पवार की पार्टी का चुनाव चिह्न व पार्टी का मालिकाना हक भी ले लिए। हालांकि, उनके विरुद्ध शरद पवार ने सर्वोच्च न्यायालय में मुकदमा किया है, जो मंथर गति से चल रहा है और जिसका लाभ अजित पवार को मिल रहा है।

इस तरह शरद पवार की पार्टी दो फाड़ कर देने, उसके सिंबल पर कब्जा कर लेने के बाद भी महाराष्ट्र की भाजपानीत सरकार में उपमुख्यमंत्री अजित पवार का मन नहीं भरा, तो उन्होंने लोकसभा चुनाव में शरद पवार की बेटी, यानी अपनी चचेरी बहन सुप्रिया सुले के विरुद्ध बारामती लोकसभा सीट से अपनी पत्नी को अपनी पार्टी से चुनाव लड़ा दिया। वह तो जनता ने शरद पवार के विरुद्ध उनके सगे भतीजे अजित पवार द्वारा इस हद तक जाकर करम करने के विरुद्ध सामने आकर जवाब दिया और अजित पवार की पत्नी को हरा दिया। सुप्रिया सुले जीत गईं। अब महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव हो रहा है, तो बारामती विधानसभा सीट पर उपमुख्यमंत्री अजित पवार खुद फिर चुनाव लड़ रहे हैं। तो, शरद पवार ने

- अजित ने पत्नी को पवार की बेटी के विरुद्ध लोस चुनाव लड़ाया था
- अब शरद पवार ने अजित के भाई के बेटे को उनके विरुद्ध खड़ा कर दिया
- हार के डर से अजित परिवार की देने लगे दुहाई

अपनी पार्टी से अजित पवार के भाई अनिरुद्ध पवार के बेटे युगेंद्र पवार को अजित पवार के विरुद्ध खड़ा कर दिया है। इससे अजित पवार को राज्य व केंद्र में अपनी सहयोगी पार्टी भाजपानीत की डबल इंजनी सरकार होने के बावजूद हारने का डर हो गया है। और, लोकसभा चुनाव की तरह विधानसभा चुनाव में भी महाराष्ट्र की यह सीट सबसे चर्चित सीट हो गई है। इस मुकाबले को लेकर आज शरद पवार ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा, चाहे अजीत पवार हों या युगेंद्र पवार, प्रजातंत्र में सभी को चुनाव लड़ने का अधिकार है। इसे शांतिपूर्ण तरीके से लड़ा जाना चाहिए और अपनी नीतियों को जनता के सामने रखने की कोशिश करनी चाहिए। अजित पवार ने बीते दिनों बारामती से अपना नामांकन दाखिल किया था और उम्मीद जताई थी कि जनता एक बार फिर उनकी जीत सुनिश्चित करेगी। मालूम हो कि लोकसभा चुनाव में अजित पवार की पार्टी का प्रदर्शन बहुत खराब रहा था। उनकी एनसीपी ने एनडीए गठबंधन के तहत 4 प्रत्याशी उतारे थे, लेकिन मात्र एक सीट जीती थी। देखिए विधानसभा चुनाव में अजित पवार खुद जीतते हैं या भतीजा हरा देता है? लोग इसे - 'का भाई चाचा, हां भतीजा' वाली लड़ाई के तौर पर देख रहे हैं।

## श्रीलंका में नए नोट नहीं छापे गए, सरकार की सफाई

**कोलंबो।** श्रीलंका में राष्ट्रपति चुनाव के बाद नई करेंसी छापने की जनचर्चा पर कैबिनेट प्रवक्ता मंत्री विजिथा हेराथ ने मंगलवार को पत्रकारों को सफाई दी। उन्होंने कहा है कि न तो सरकार ने मुद्रा छापी है और न ही विदेशी संस्थानों से कर्ज लिया गया है। श्रीलंका के अखबार डेली मिरर के अनुसार, नई सरकार के मुद्रा छापने की खबरों का खंडन करते हुए कैबिनेट प्रवक्ता मंत्री विजिथा हेराथ ने आज कैबिनेट के फैसलों की घोषणा करने के लिए साप्ताहिक ब्रीफिंग की। उन्होंने कहा कि यदि नोट छापे गए हैं, तो वित्तमंत्री के रूप में राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके को उनपर हस्ताक्षर करना चाहिए था। राष्ट्रपति के हस्ताक्षरित ऐसे कोई नोट जारी नहीं किए गए हैं।

# किम जोंग उन की बढ़ाई गई सुरक्षा हत्या के प्रयास की आशंका : सोल

एजेंसी

**सोल।** उत्तर कोरिया के लीडर किम जोंग-उन की संभावित हत्या के प्रयास की आशंका के चलते सुरक्षा बढ़ा दी गई है। दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी ने मंगलवार को सांसदों को यह जानकारी दी। सत्तारूढ़ पीपुल्स पावर पार्टी के प्रतिनिधि ली सेओंग-क्वेन और मुख्य विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रतिनिधि पार्क सन-वोन के अनुसार, नेशनल इंटेलिजेंस सर्विस (एनआईएस) ने संसदीय लेखा परीक्षा सत्र के दौरान यह जानकारी दी। एनआईएस ने सांसदों को बताया कि कम्युनिकेशन जैमिंग व्हीकल और ड्रोन डिटेक्शन इक्विपमेंट के जरिए किम की हत्या



के संभावित प्रयासों के कारण उनके आसपास सुरक्षा का स्तर बढ़ा दिया गया है। एनआईएस ने यह भी कहा कि इस वर्ष किम की सार्वजनिक गतिविधियां 110 गुना बढ़ गईं। जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 60 प्रतिशत अधिक है। किम की बेटी, जिसे 'जु-ए' के नाम से जाना जाता है, के बारे में, भी एनआईएस ने सांसदों जानकारी दी। एनआईएस का मानना है कि 'जु-ए' की स्थिति को आंशिक रूप से ऊंचा किया गया है, जिसमें उनके सार्वजनिक रूप से सामने आने का उदाहरण भी शामिल है। इस बीच रूस में उत्तर कोरियाई सैनिकों की तैनाती के दावों को बल मिल रहा है। उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के चीफ ने सोमवार को पुष्टि की कि उत्तर कोरियाई सैनिकों को रूस के पश्चिमी सीमावर्ती कुर्स्क क्षेत्र में तैनात किया गया है। इससे पहले पहले सोल और वाशिंगटन भी रूस में उत्तर कोरियाई सैनिकों की तैनाती का दावा कर चुके हैं।

सोल उत्तर कोरियाई सैनिकों की रणनीति का अध्ययन और विश्लेषण करने के विकल्प पर विचार कर रहा है। इसके लिए वह यूक्रेन में अपनी एक टीम भेजने की योजना बना रहा है। अगर ऐसी टीम यूक्रेन रवाना होता है।

## एजुकेशन/करियर

बीए नृविज्ञान को बीए एंथ्रोपोलॉजी या बैचलर ऑफ आर्ट्स इन एंथ्रोपोलॉजी भी कहा जाता है। यह तीन साल का अंडरग्रेजुएट कोर्स है जिसमें मनुष्य के विकास और मनुष्यों के सामाजिक-सांस्कृतिक विकास का अध्ययन किया जाता है। इस कोर्स में सामाजिक-सांस्कृतिक, जैविक-भौतिक तथा पुरातत्व का अध्ययन भी शामिल है। इस कोर्स में करियर के कई विकल्प हैं।

# एंथ्रोपोलॉजी कोर्स कर बना सकते है अपना करियर

### बीए नृविज्ञान को क्यों चुनें

- बीए नृविज्ञान कोर्स शिक्षा की एक बहुत दिलचस्प कोर्स है। इसे क्यों चुनना चाहिए इसके कुछ कारण नीचे दिए गए हैं:
- समाज के विकास, व्यवहार और संरचनाओं में रुचि रखने वाले छात्रों के लिए यह एक अच्छा कोर्स है।
- इस कोर्स में आप मानव जाति के बारे में सीख और रिसर्च कर सकते हैं।
- •बीए नृविज्ञान कोर्स के बाद कई करियर विकल्प मिलते हैं।
- इस कोर्स के जरिए मानव विकास और व्यवहार के जैविक और सांस्कृतिक पहलुओं का अध्यन करने को मिलता है। साथ ही आपको जगह जगह घूमने का अवसर भी मिलता है।



### जॉब प्रोफाइल्स

**बीए नृविज्ञान करने के बाद छात्रों को मिलने वाली जॉब प्रोफाइल्स इस प्रकार हैं:**

- एंथ्रोपोलॉजिस्ट
- डेटा साइंटिस्ट
- प्रोफ़ेसर
- रिसर्चर
- लेक्चरर
- इकोनॉमिस्ट
- आर्कियोलॉजिस्ट
- ह्यूमन रिसोर्स

**बीए एंथ्रोपॉलजी प्रवेश परीक्षा**

- सीयूईटी
- एनपीएटी
- बीएचयू यूईटी
- टीईएसएस बीएटी
- आईपीयू सीईटी
- जेएनयूईई

### बीए नृविज्ञान के लिए स्किल्स

- डेटा इकट्ठा करने, आकलन करने और व्याख्या करने की क्षमता
- समय प्रबंधन
- प्रोब्लम सॉल्विंग स्किल
- विश्लेषणात्मक कौशल
- चर्चा और समूह कार्य कौशल
- बीए एंथ्रोपोलॉजी ऑफर करने वाले भारत में टॉप कॉलेज

### बीए नृविज्ञान कोर्स प्रदान करने वाले भारत के टॉप कॉलेज इस प्रकार हैं:

- सेंट जेवियर्स कॉलेज
- नेशनल पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज
- बीएमएल मुंजाल विश्वविद्यालय - [बीएमयू]
- आर्य विद्यापीठ कॉलेज - [एवीसी]
- मोदी विश्वविद्यालय
- अवध गर्ल्स डिग्री कॉलेज
- शिया पीजी कॉलेज
- एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स डिग्री कॉलेज
- निम्स विश्वविद्यालय
- करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय

### भारत के विश्वविद्यालयों में आवेदन प्रक्रिया

1. सबसे पहले अपनी चुनी हुई यूनिवर्सिटी की ऑफिशियल वेबसाइट में जाकर रजिस्ट्रेशन करें।
2. यूनिवर्सिटी की वेबसाइट में रजिस्ट्रेशन के बाद आपको एक यूजर नेम और पासवर्ड प्राप्त होगा।
3. फिर वेबसाइट में साइन इन के बाद अपने चुने हुए कोर्स का चयन करें जिसे आप करना चाहते हैं।
4. अब शैक्षिक योग्यता, वर्ग आदि के साथ आवेदन फॉर्म भरें।
5. इसके बाद आवेदन फॉर्म जमा करें और आवश्यक आवेदन शुल्क का भुगतान करें।
6. यदि एडमिशन, प्रवेश परीक्षा पर आधारित है तो पहले प्रवेश परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन करें और फिर रिजल्ट के बाद काउंसलिंग की प्रतीक्षा करें। प्रवेश परीक्षा के अंको के आधार पर आपका चयन किया जाएगा और लिस्ट जारी की जाएगी।

### बीए एंथ्रोपोलॉजी करने के बाद करियर स्कोप

*बीए नृविज्ञान ग्रेजुएट निजी व्यवसायों, सामुदायिक संगठनों, संग्रहालयों, स्वतंत्र अनुसंधान संस्थानों, सेवा संगठनों, मीडिया में भी नौकरी पा सकते हैं। एंथ्रोपोलॉजिस्ट विभिन्न क्षेत्रों में अपना करियर शुरू कर सकते हैं:*

- स्कूल
- यूनिवर्सिटी
- सरकारी एजेंसियां
- गैर सरकारी संगठन
- व्यवसाय
- स्वास्थ्य और मानव सेवाएं
- रोग नियंत्रण केंद्र
- विश्व स्वास्थ्य संगठन
- विश्व बैंक